www.epaper.azadsipahi.in

16 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 266

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

दिव्य त्रिमूर्ति पहुंचे जगन्नाथ मंदिर



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLAGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM


Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मिले सीएम हेमंत सोरेन

■ मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा: औपचारिक मुलाकात थी

■ द्रौपदी मुर्मू से कल्पना सोरेन ने भी मुलाकात की





नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुके देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट करते हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। नरेंद्र मोदी से पीएमओ में मुलाकात हुई। वहीं उन्होंने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। हेमंत सोरेन ने दोनों को फूलों का गुलदस्ता दिया। राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी उनके साथ थीं। हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया के जरिये यह जानकारी दी।

### जेल से रिहाई के बाद पहली मुलाकात

जेल से रिहाई के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाकात थी। पीएमओ के आधिकारिक फेसबुक अकाउंट से भी इस मुलाकात की तस्वीर शेयर की गयी है। झामुमो ने इन मुलाकातों को शिष्टाचार भेंट बताया है। वहीं, हेमंत सोरेन ने भी सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार मुलाकात हुई। इसके बाद उन्होंने एक और पोस्ट किया, जिसमें लिखा कि राष्ट्रपति भवन में माननीय राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से भेंट हुई।

**इससे पहले बनारस की यात्रा पर थे हेमंत सोरेन :** हेमंत सोरेन बनारस होते हुए दिल्ली पहुंचे हैं। बनारस में हेमंत सोरेन ने काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ महादेव जी के दर्शन किये। पत्नी कल्पना सोरेन इस आध्यात्मिक यात्रा में उनके साथ रहीं। बनारस में कई गलियों में घूमने के साथ-साथ बाबा काल भैरव के दर्शन भी किये। वहीं, शनिवार को हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की थी।

## तमाड़ : करंट की चपेट में आयी बस, तीन की मौत

- सरायकेला से बारात लेकर आयी थी बस
- बस की छत पर बैठे थे कई लोग, पांच घायल भी हुए हैं



तमाड़ अस्पताल के बाहर बैठे परेशान परिजन।

स्वरूप भट्टाचार्य

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची से 60 किमी दूर तमाड़ में बारातियों से भरी बस बिजली के तार की चपेट में आ गयी। इस घटना में एक नाबालिग सहित तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि पांच लोग घायल हो गये हैं। बताया जा रहा है कि कुछ बाराती बस की छत पर बैठे थे। घटना रविवार देर रात की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायकेला जिले के कुचई थाना क्षेत्र के बारूहातु गांव से बारातियों से भरी बस तमाड़ थाना क्षेत्र के देगादाड़ी गांव के चोगागुटू आ रही थी। गांव के स्वर्गीय ठाकुर मुंडा की बेटी सविता कुमारी की शादी बारूहातु निवासी नंदलाल मुंडा के बेटे शिवशंकर मुंडा से होनी थी। बस में करीब 90 लोग सवार थे। अंदर सभी सीटें फुल हो गयी थीं, तो कुछ लोग बस की छत पर चढ़ गये थे। जब तमाड़ के चोगागुटू गांव में बस घुसने वाली थी, तभी ये हादसा हुआ। छत पर बैठे बाराती हाइटेंशन तार की चपेट में आ गये। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गयी। आनन-फानन में गाड़ी रोक कर बस के अंदर बैठे लोगों को उतारा गया। इस हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। लड़की वालों के घर पर भी माहौल गमगीन हो गया। लड़की पक्ष को शादी की चिंता सताने लगी। बताया जा रहा है कि लड़की वालों की परेशानी को देखते हुए दोनों पक्षों के बड़े-बुजुर्गों ने बैठकर बात की और शादी करायी।

### इनकी हुई मौत

इस हादसे में दिनेश सिंह मुंडा (36), मुंडा मुंडा (25) और जितेन सिंह मुंडा (12) की मौत हो गयी, जबकि लंबार मुंडा, शंकर मुंडा, सुभाष मुंडा, उपेन मुंडा और चरण मुंडा गंभीर रूप से घायल हैं। सभी पीड़ितों रविवार रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमाड़ लाया गया। वहां घायलों का इलाज किया गया और बाद में रिम्स भेजा गया।


### शादी का पंडाल खोल रहे दो मजदूरों को लगा करंट, मौत



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** वैवाहिक समारोह संपन्न होने के दूसरे दिन सोमवार को पंडाल खोल रहे दो मजदूरों को करंट लगते ही 20 फीट नीचे जमीन पर आ गिरे। दोनों की मौत हो गयी। यह घटना मुफ्फसिल थाना इलाके के आमबागान (सिहोडीह) स्थित आशीर्वाद रिसोर्ट के बाहर की है। इस हादसे में मारे गये मजदूरों में नगर थाना इलाके के धरियाडीह निवासी अंशु कुमार और मुफ्फसिल थाना इलाके के गरहाटांड निवासी आकाश कुमार शामिल है। साथ काम कर रहे मजदूर दीपू ने बताया कि रविवार को आशीर्वाद होटल में प्रीतिभोज था। गुप्ता टेंट हाउस द्वारा पंडाल और लाइटिंग की व्यवस्था की गयी थी। सोमवार की दोपहर में लाइट खोली जा रही थी। इसी दौरान एक मजदूर बिजली के तार के संपर्क में आ गया। साथी को बचाने पहुंचा दूसरा युवक भी करंट की चपेट में आ गया। दोनों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की।

### न्यूज रील्स

#### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 को रांची में



रांची। झारखंड भाजपा की एक दिवसीय विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति बैठक 20 जुलाई को धुर्वा के जगन्नाथ मैदान में आयोजित होगी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे और सभा को संबोधित भी करेंगे। इस प्रदेश कार्यसमिति बैठक में 25 हजार प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में मंडल से लेकर प्रदेश स्तर के पार्टी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, सभी सात मोर्चो के पदाधिकारी, कार्यसमिति सहित विभाग और प्रकोष्ठ के सूचीबद्ध कार्यकर्ता शामिल होंगे।

#### नक्सली प्रयाग मांझी की पत्नी जया गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग मांझी की पत्नी और 25 लाख की इनामी जया को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के आला अधिकारी जया को किसी गुप्त ठिकाने पर रखकर पूछताछ कर रहे हैं, हालांकि इस बात की अधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। चर्चा है कि हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी गिरफ्तारी हुई। एक अन्य खबर के मुताबिक आइबी ने जया को गिरफ्तार किया है। पुलिस की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने जया पर 25 लाख का इनाम घोषित किया था। बाद में घोषित इनाम को सरकार ने स्थगित कर दिया था।

## हजारीबाग में करोड़ों के ब्राउन शुगर के साथ छह गिरफ्तार

- पत्थलगड़ा से अफीम खरीद कर ब्राउन शुगर बनाकर बेचते थे आरोपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस और उत्तर प्रदेश के जिला बाराबंकी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने सोमवार को नगवां स्थित लक्ष्मी लाइन होटल के समीप मादक पदार्थों के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से कुल 4.80 किलो ब्राउन शुगर मिला। इसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गयी है। मुंबई बाजार में इसकी कीमत साढ़े चार करोड़ रुपये तक पहुंच जाती है। आरोपियों के पास से एक स्विफ्ट कार, दो मोटरसाइकिल और चार




मोबाइल फोन बरामद किये गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिला बाराबंकी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम कोर्रा थाने में आयी। टीम ने बताया कि उन्हें गुप्तचरों के जरिये सूचना प्राप्त हो रही है कि हजारीबाग शहर के आसपास एनएच 33 पर ब्राउन शुगर बेचने वाले गिरोह के कुछ लोग खरीद-बिक्री और तस्करी को अंजाम दे रहे है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने एसडीपीओ सदर कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया। इसमें यूपी टास्क फोर्स की टीम भी शामिल रही। छापेमारी दल नगवां स्थित लक्ष्मी लाइन होटल के समीप गुप्त रूप से निगरानी रखने लगी। तभी आरोपी पकड़े गये।

### चतरा जिले के पत्थलगड़ा से अफीम खरीदते थे

आरोपियों ने बताया कि वे चतरा जिले के पत्थलगड़ा से अफीम की खरीदारी कर अन्य पूरक पदार्थों की खरीद कर ब्राउन शुगर बनाकर बेचते थे। कोर्रा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार सभी व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्त में आये आरोपियों में मो. खालिद (32), मो. नुरुल्ला (27), बलराम कुमार (23), सुरेश दांगी (28), विजय कुमार दांगी (40), मो. सलाउद्दीन (31) शामिल हैं।

**भोजशाला विवाद सुप्रीम कोर्ट में : एएसआइ की दो हजार पन्नों की रिपोर्ट हाइकोर्ट में पेश**

## हिंदू पक्ष का दावा, 94 से ज्यादा मूर्तियां मिलीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/इंदौर।** मध्यप्रदेश के धार जिले में मध्यकालीन युग की संरचना भोजशाला से संबंधित विवाद सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। सोमवार को एक तरफ एएसआइ ने हाइकोर्ट के आदेश के अनुरूप भोजशाला के वैज्ञानिक सर्वेक्षण से संबंधित दो हजार पन्नों की रिपोर्ट अदालत को सौंप दी, तो वहीं दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने इस वैज्ञानिक सर्वेक्षण के खिलाफ याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमति जतायी। इस भोजशाला पर हिंदू और मुसलमान पक्ष दोनों अपना दावा करते हैं। मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी ने शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की थी, जिसमें मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को चुनौती दी गयी थी, जिसमें मंदिर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया गया था, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह किस समुदाय का है। अपने 11 मार्च के आदेश में उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था। इसके बाद आज एएसआइ ने दो हजार पन्नों की रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी, जिसमें कई खुलासे किये गये हैं।

### एएसआइ की रिपोर्ट पर 22 को सुनवाई

एएसआइ के वकील हिमांशु जोशी ने सोमवार को इंदौर हाइकोर्ट में रिपोर्ट पेश कर दी। यह रिपोर्ट मीडिया से शेयर नहीं करने के निर्देश सभी पक्षों को दिये गये हैं। हिमांशु जोशी का कहना है कि रिपोर्ट दो हजार पन्नों की है। इसमें सर्वे और खुदाई के दौरान मिले 17 सौ से ज्यादा प्रमाण/अवशेष




शामिल हैं। हाइकोर्ट इस पर 22 जुलाई को सुनवाई करेगा। हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने दावा किया कि भोजशाला की सर्वे रिपोर्ट से हिंदू पक्ष का दावा सौ फीसदी साबित हो रहा है। यहां 94 वस्तुएं मिलीं। इनमें टूटी मूर्तियां, शिलालेख और संस्कृत के श्लोक हैं। इससे प्रतीत होता है कि यहां मां वाग्देवी मंदिर ही था और धार्मिक शिक्षा दी जाती थी। अलग-अलग समय के करीब 30 सिक्के भी मिले हैं।

**याचिकाकर्ता ने कहा कि परमारकालीन मूर्तियां भी मिलीं :** हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने दावा किया कि यह इमारत राजा भोज के काल की ही साबित होगी, जिसे वर्ष 1034 में बनाया गया था। एएसआइ को इस सर्वे में कई प्राचीन मूर्तियां मिली हैं, जो परमारकालीन हो सकती हैं। इस तरह ये परमारकालीन इमारत है। अवशेषों से लगभग तय माना जा रहा है कि इसका निर्माण नौवीं से 11वीं शताब्दी के बीच का है। एक गर्भगृह के पास ईंटों से बनी 27 फीट लंबी दीवार भी मिली है। पुरातत्वविदों का मानना है कि ईंटों से निर्माण और भी प्राचीन समय में होता था। मोहन जोदड़ो सभ्यता के समय, यानी यह स्थान और भी प्राचीन हो सकता है।

### फैसला सुप्रीम कोर्ट के स्तर पर ही होगा

धार के शहर काजी वकार सादिक ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही निर्देश दे चुका है कि एएसआइ की रिपोर्ट पर हाइकोर्ट स्तर से कोई एक्शन नहीं लिया जा सकता है। हाइकोर्ट में 22 जुलाई को सुनवाई है, लेकिन फैसला सुप्रीम कोर्ट स्तर से ही करना है। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि रिपोर्ट पक्षकारों को दी जा रही है। रिपोर्ट की गोपनीयता बनाये रखने के निर्देश भी सुप्रीम कोर्ट ने दिये थे। ऐसे में पक्षकारों को रिपोर्ट दी जानी थी या नहीं, इस तथ्य पर भी जानकारी ले रहे हैं।

**मंगलवार को पूजा, शुक्रवार को होती है नमाज :** भोजशाला में मंगलवार को हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति है। शुक्रवार को मुस्लिम पक्ष को नमाज पढ़ने के लिए दोपहर 1 से 3 बजे तक प्रवेश दिया जाता है। दोनों को निःशुल्क प्रवेश मिलता है। बाकी दिनों में एक रुपये का टिकट लगता है। हिंदू पक्ष भोजशाला को वाग्देवी सरस्वती का मंदिर मानता है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,400 रु./10 ग्राम
चांदी 93,000 रु./प्रति किलो



# ‘मिशन झारखंड’ के लिए भाजपा ने बदला प्लान

## ■ अब आदिवासियों के साथ दलितों और पिछड़ों पर होगा फोकस

## ■ कार्यकर्ताओं के घर भोजन कर शिवराज ने शुरू किया अभियान

## ■ भ्रष्टाचार के साथ महागठबंधन की वादाखिलाफी भी होगा मुद्दा

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं। भाजपा जहां महागठबंधन सरकार को सत्ता से हटाकर राज्य की सत्ता में अपनी वापसी कर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने की तैयारी में है, वहीं लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित इंडिया गठबंधन एक बार फिर सत्ता पर काबिज होने की कोशिश में है। इन सबके बीच चुनावी जंग जीतने के लिए राजनीतिक दलों के अंदर बैठकों का दौर जारी है। भाजपा के लिए झारखंड विधानसभा चुनाव कितना महत्वपूर्ण है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पार्टी ने अपने कद्दावर नेता और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को ‘मिशन झारखंड’ पर लगा दिया है। इन दोनों नेताओं ने पिछले डेढ़ महीने में पार्टी की प्रदेश इकाइ में नयी जान फूंक दी है। अब भाजपा ने झारखंड फतह के लिए अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव किया है और पार्टी ने आदिवासियों के साथ दलितों और पिछड़ों को भी अपने साथ जोड़ने का बड़ा अभियान शुरू किया है। इसके तहत पार्टी कार्यकर्ताओं के घर भोजन करने का सिलसिला शुरू हुआ है, जिससे दो उद्देश्य पूरे हो सकते हैं। एक तो पार्टी आम लोगों के नजदीक जा सकेगी और दूसरा यह कि इससे पार्टी के भीतर का माहौल भी खुशनुमा बनेगा। इसके अलावा पार्टी ने भ्रष्टाचार के साथ अब महागठबंधन सरकार की वादाखिलाफी को भी मुद्दा बनाने का फैसला किया है, जिसका सकारात्मक असर हो सकता है। झारखंड में क्या है भाजपा की बदली रणनीति और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियां इस बार कुछ अधिक जोर-शोर से चल रही हैं। भाजपा ने दो चुनाव प्रभारी और एक प्रदेश प्रभारी की तैनाती की है, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को अपने नेता हेमंत सोरेन पर पूरा भरोसा है। चुनावी दृष्टि से फिलहाल दो गठबंधन झारखंड में स्पष्ट तौर पर दिखते हैं। एनडीए में भाजपा के साथ आजसू पार्टी है, तो इंडी अलायंस में झामुमो, कांग्रेस, राजद और भाकपा (माले) अभी दिख रहे हैं। विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला इन्हीं दो गठबंधनों के बीच होना तय है। झारखंड का विधानसभा चुनाव राजनीतिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसे जीतने के लिए दोनों ही गठबंधनों में जबरदस्त मुकाबला होगा। जो भी इस चुनाव को जीतेगा, उसके लिए आगे का रास्ता आसान होगा। भाजपा झारखंड में अपनी खोयी जमीन वापस पाने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है, तो इंडिया गठबंधन सत्ता में बने रहने के लिए प्रयासरत है।

### दोनों गठबंधनों की ताकत और कमजोरी

एनडीए की सबसे बड़ी ताकत यह है कि केंद्र में उसकी सरकार है। 2014 से 2019 तक भाजपा की झारखंड में पूर्ण बहुमत की सरकार रही है। खराब हालत में भी भाजपा के पास आठ और उसकी सहयोगी आजसू के पास एक सांसद हैं। भाजपा झारखंड के दो इलाकों- संताल परगना और कोल्हान को छोड़ बाकी जगहों पर कमाल तो कर लेती है, लेकिन इन दो इलाकों में झामुमो और उसके सहयोगी दलों का ही दबदबा रहता है। कोल्हान इलाके में विधानसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक में शामिल पार्टियों ने भाजपा का इस इलाके से सफाया कर दिया था। तब कोल्हान की सबसे हॉट सीट जमशेदपुर पूर्वी रही, जहां राज्य के मुख्यमंत्री रहे रघुवर दास को



उनकी ही सरकार में मंत्री रहे सरयू राय ने निर्दलीय चुनाव लड़ कर धूल चटा दी थी। इस बार लोकसभा चुनाव में कोल्हान की दो सीटों में एक सीट पर ही भाजपा को कामयाबी मिली। इसी तरह झामुमो का गढ़ माने जाने वाले संताल परगना में लोकसभा की तीन और विधानसभा की 18 सीटें हैं। पिछले संसदीय चुनाव में भाजपा ने तीन में दो सीटें- दुमका और गोड्डा जीत ली थीं, जबकि इस बार उसे सिर्फ गोड्डा सीट से ही संतोष करना पड़ा। विधानसभा की 18 सीटों में सात अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। संताल की 18 में नौ विधानसभा सीटों पर झामुमो काबिज है, जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस के पास पांच सीटें हैं। संताल परगना में सिर्फ चार सीटें ही भाजपा के पास हैं।

### रणनीतियों पर सभी का ध्यान

इस राजनीतिक परिदृश्य में दोनों खेमों की तैयारियों के बीच रणनीतियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। जहां तक महागठबंधन की रणनीति का सवाल है, तो उसमें कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है, क्योंकि वह सत्ता में है और सत्ता की चाबी माने जानेवाले आदिवासियों का समर्थन उसके साथ है। दूसरी तरफ भाजपा अपनी रणनीति को धार देने के लिए इसमें लगातार बदलाव कर रही है।

### क्या है भाजपा की रणनीति

भाजपा के लिए चिंता की बात यह भी है कि अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोकसभा की पांच सीटों में भाजपा को एक भी नहीं मिली, जिनके अंतर्गत 28 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यही वजह है कि भाजपा ने इस बार अपनी रणनीति बदली है। भाजपा आरक्षित सीटों पर आदिवासी समाज के बड़े नेताओं को उतारने की तैयारी में है। चुनाव प्रभारी बनाये गये शिवराज सिंह ने भोजन पॉलिटिक्स से चुनावी अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत पार्टी के बड़े नेता मंडल और बूथ स्तरीय नेता-कार्यकर्ता के घर जाकर भोजन करेंगे। खुद शिवराज ने रांची से इसकी शुरुआत की है और यह सिलसिला अब लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में पिछड़े, दलित और आदिवासी नेताओं-कार्यकर्ताओं के घरों को प्राथमिकता दी जायेगी। पार्टी का मानना है कि इस अभियान की मदद से वह आम लोगों के नजदीक आ सकेगी और एक भावनात्मक रिश्ता बनेगा।

### ओबीसी पर नजर, पर सवर्ण पर भी फोकस

लोकसभा चुनाव में आदिवासी सीटों पर हार का सामना करने के बाद भाजपा ने विधानसभा चुनाव में ओबीसी वोट बैंक को साधने पर फोकस किया है। इसके अलावा पार्टी ने अपने पारंपरिक सवर्ण वोट को भी नाराज नहीं करने पर ध्यान दिया है। भाजपा ने इसी कसरत के तहत शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा की नियुक्ति की है। इनमें शिवराज ओबीसी हैं, तो सरमा सवर्ण हैं। इन दोनों नेताओं ने आदिवासियों के बाद अब ओबीसी और सवर्ण वोटरों पर ध्यान केंद्रित कर दिया है।

### महागठबंधन की वादाखिलाफी भी होगा मुद्दा

सामाजिक समीकरणों के साथ भाजपा ने राजनीतिक मुद्दों पर भी ध्यान लगाया है। विधानसभा चुनाव में वह भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा तो बनायेगी ही, साथ ही महागठबंधन सरकार की वादाखिलाफी को भी उजागर करेगी। भाजपा के लिए ऐसा करना जरूरी हो गया है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार का मुद्दा कोई खास असर नहीं छोड़ सका। दूसरी तरफ महागठबंधन सरकार द्वारा लगातार लोकलुभावन घोषणा की जा रही है, जिसकी काट भाजपा के लिए कड़ी चुनौती है। भाजपा को लगता है कि महागठबंधन की वादाखिलाफी का वोटरों पर सकारात्मक असर पड़ेगा, हालांकि इसमें संदेह है।

---

# नशे के सौदागरों पर करें सख्त कार्रवाई, युवाओं की जिंदगी हो रही बर्बाद : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने मौखिक कहा कि नशा के सौदागर युवाओं की जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। झारखंड में नशे के शिकार युवा रिनपास में भर्ती हो रहे हैं और जीवन व मौत की लड़ाई लड़ रहे हैं। राजधानी रांची सहित झारखंड में अफीम, गांजा चरस आदि का धड़ल्ले से बिकना अभिभावकों, राज्य सरकार एवं कोर्ट के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। आज समय बदल चुका है, युवा वर्ग नशे की लत का शिकार हो रहे हैं। ड्रग्स माफियाओं के नेटवर्क को ध्वस्त करना होगा, इनका नेटवर्क इंटर स्टेट एवं विदेश तक रहता है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र, बिरसा चौक आदि क्षेत्रों में अफीम, चरस, गांजा का व्यापार फल फूल रहा है। पुलिस की सख्ती से इस पर अंकुश लगाना होगा। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि रांची शहर में बार एवं रेस्टोरेंट देर रात खुले रहते हैं, जिससे हत्या सहित अन्य अप्रिय घटनाएं होती रहती हैं। पुलिस की जिप्सी बार एवं रेस्टोरेंट के समीप मूकदर्शक बनकर खड़ी रहती है और इन पर किसी तरह का एक्शन नहीं लेती है। कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक कहा कि बिना लाइसेंस के जगन्नाथपुर, बिरसा चौक सहित अन्य इलाकों में अवैध रूप से शराब बिक रही है। इस पर अंकुश के लिए राज्य सरकार एक गाइडलाइन तैयार करे और कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करे। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि पुलिस अफीम, चरस, गांजा की बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार कई छापेमारी कर रही है और कई लोगों की गिरफ्तारियां भी हो चुकी हैं।

हाल के दिनों में बड़े पैमाने पर गांजा के साथ अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य सरकार कमेटी बनाकर बार एवं रेस्टोरेंट के बंद होने के समय पर नजर रख रही है। बार एवं रेस्टोरेंट में नियमों का उल्लंघन पर उत्पाद विभाग कड़ी कार्रवाई कर रहा है। राज्य सरकार बिना लाइसेंस के गलत ढंग से शराब बिक्री करने वालों पर सख्ती कर रही है।

कोर्ट ने मौखिक कहा शराब के व्यापार में सरकार को राजस्व का लाभ होता है लेकिन मोहल्ले, लोगों के घर के आस-पास, मंदिरों के आसपास शराब बिक्री से आम लोगों का जीवन मुश्किलों भरा हो जाता है। ऐसी जगह पर शराब बिक्री का लाइसेंस न दिया जाये। कई ऐसे भी रेस्टोरेंट है जिन्होंने बार का लाइसेंस नहीं लिया है और उनके यहां शराब पीने की व्यवस्था रहती है। उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाये। दरअसल, खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाइकोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है। इस पर सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई।

# सेवा नियमों का उल्लंघन है पुलिसकर्मी का विवाहेतर संबंध: हाइकोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने एक पुलिस कांस्टेबल की बर्खास्तगी के आदेश को बरकरार रखा है, जो विवाहित होने के बावजूद किसी अन्य महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि किसी पुलिसकर्मी का अपनी पत्नी के अलावा किसी अन्य महिला के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रहना अनुचित है। यह उन नियमों का उल्लंघन है, जिसके तहत याचिकाकर्ता की सेवा शर्तें नियंत्रित होती हैं।

### बर्खास्तगी के खिलाफ पुलिसकर्मी ने हाइकोर्ट में दायर की थी याचिका

दरसअल झारखंड पुलिस के एक कर्मी पर उसकी लीव इन पार्टनर ने अवैध शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था। इसके बाद वर्ष 2018 में उस पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया था। विभागीय कार्रवाई के बाद पुलिसकर्मी की सेवा भी बर्खास्त कर दी गयी। उस पुलिसकर्मी ने इस आदेश के खिलाफ हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस एन पाठक की अदालत में हुई। प्रार्थी के वकील ने तर्क दिया कि कांस्टेबल को केवल द्विविवाह के लिए बर्खास्त किया जा सकता है, लिव-इन रिलेशनशिप में नहीं। झारखंड सेवा संहिता का प्रावधान केवल दूसरी शादी करने से संबंधित है। इसलिए बर्खास्तगी के आदेश को रद्द किया जाना चाहिए। वहीं राज्य सरकार के अधिवक्ता ने कहा कि कांस्टेबल शादीशुदा होने के बावजूद किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध रखा था, जो झारखंड सेवा संहिता और झारखंड पुलिस मैनुअल का उल्लंघन है।

---

# सारंडा जंगल में पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़

## कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नक्सलियों के कई कैंप ध्वस्त किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनोहरपुर।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र के पाथरबासा जंगल में रविवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़ हो गयी। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की ओर भाग निकले। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नक्सलियों के कई कैंप ध्वस्त कर दिये। पुलिस ने उसमें से दैनिक सामान बरामद किये हैं। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जंगल में सर्च अभियान और तेज कर दिया है।



**पुलिस को देखते ही नक्सलियों ने शुरू कर दी फायरिंग :** पश्चिमी सिंहभूम की पुलिस को सूचना मिली कि सारंडा जंगल के पाथरबासा जंगल में एक दर्जन नक्सली अस्थाई कैंप बनाकर रुके हैं। इसके बाद सुरक्षा बलों की टीम शनिवार देर रात डीएसपी जयदीप लकड़ा व सीआरपीएफ 134 के द्वितीय कमान अधिकारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में जंगल में घुसे। रविवार तड़के से ऑपरेशन शुरू किया गया। सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। सूचना के अनुसार दोनों ओर से आठ से दस राउंड फायरिंग की गयी। सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की ओर भाग निकले। जत्थे में नक्सलियों के बड़े चेहरे भी शामिलसुरक्षाबलों की जिस जत्थे से मुठभेड़ हुई है, उस जत्थे में नक्सलियों के बड़े चेहरे भी शामिल बताये जा रहे हैं। सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों को घेरने की कोशिश की जा रही है।

# साहिबगंज और पाकुड़ में अवैध माइनिंग रोक पाने में प्रशासन नाकाम : सरयू राय

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि राज्य सरकार अच्छे काम को कर नहीं सकती है और गलत काम को रोक नहीं सकती है। भाजपा एक सीमा से आगे जा नहीं सकती है। सरयू राय सोमवार को पाकुड़ में एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। कहा कि भाजपा के नेता मीडिया में अखबारों में बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर की हकीकत को कभी जानने का प्रयास नहीं किया। जिन गांवों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं उन लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ कितना मिल रहा है, इसका खाका तैयार करना चाहिए और उसे पर समीक्षा करनी चाहिए। योजनाओं का लाभ आबादी के आधार के हिसाब से हिंदुओं को मिलना चाहिए, पाकुड़ को विशेष जिला का दर्जा मिलना चाहिए। लेकिन विपक्ष सतही मुद्दों को नहीं उठा पाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में 30 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए नीतीश कुमार की पार्टी से उनकी बात चल रही है। जल्द ही वह इस निर्णय पर अपना फैसला करेंगे। पाकुड़ में सरयू राय का बाबूधन मुर्मू, दिलीप सिंह, शंभू भगत और जदयू के जिला अध्यक्ष गौतम मंडल ने स्वागत किया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.8 °c | 24.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.11 बजे |



## पहल : सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद विभाग हुआ रेस

# 15 जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के 12000 शिक्षकों की नियुक्ति की तैयारी

**शिक्षक नियुक्ति के लिए मेरिट लिस्ट तैयार करने का मानक तैयार कर लिया गया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के बेरोजगार युवाओं के लिए एक अच्छी खबर है। जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई करने वाले युवाओं के लिए जल्द ही झारखंड में बंपर वैकेंसी निकलने वाली है। बता दें कि राज्य के 15 जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा में शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। जिसमें संथाली, हो, खड़िया, कुड़ुख, मुंडारी, माल्तो, बिरहोरी, भूमिज, असुर, बांगला, उड़िया, पंचपरगनिया, खोरठा, कुरमाली व नागपुरी भाषा में शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। जिसको लेकर जिलों से सर्वे कर रिपोर्ट मांगी गयी थी। वहीं सर्वे रिपोर्ट स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भेज दी गयी है। जिसके आधार पर 12 हजार शिक्षक नियुक्त किये जायेंगे। जुलाई में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होगी। जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए एक कमेटी गठित होगी। शिक्षक नियुक्ति के लिए मेरिट लिस्ट तैयार करने का मानक तैयार कर लिया गया है। विभाग द्वारा शिक्षकों के मानदेय भुगतान की राशि व अन्य आवश्यक प्रक्रिया को लेकर प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा जायेगा। शिक्षकों की नियुक्ति प्राथमिक विद्यालय में उन भाषाओं में की जायेगी, जहां कक्षा एक से पांच में हर कक्षा में न्यूनतम 10 विद्यार्थी उक्त भाषा को बोलने वाले होंगे। किसी विद्यालय में अगर प्रति कक्षा एक से अधिक भाषा बोलने वाले 10 या उससे अधिक विद्यार्थी नामांकित हैं, तो एक से अधिक भाषा में शिक्षक की नियुक्त की जायेगी। मैट्रिक और इंटर में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा का प्राप्तांक, स्नातक, स्नातकोत्तर व प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण के प्राप्तांक के आधार पर अंक दिया जायेगा। मैट्रिक, स्नातक के लिए 20-20 अंक निर्धारित किये गये हैं। इंटर के लिए 30 अंक व इंटर में जनजातीय, क्षेत्रीय भाषा, स्नातकोत्तर व प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा के अंक के लिए 10-10 अंक निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी का इंटर 45 फीसदी अंक होना अनिवार्य है। वहीं अभ्यर्थियों के लिए उम्र सीमा 21 से 45 वर्ष निर्धारित की गयी है।

# मोहर्रम के नाम पर चंदा की वसूली बंद हो : बाबूलाल

**चंदा के नाम पर मेन रोड के दुकानदार के साथ मारपीट की घटना की पूर्व मुख्यमंत्री ने निंदा की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोहर्रम का चंदा के नाम पर मेन रोड के दुकानदार से मारपीट के मामले पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संज्ञान लिया है। बीजेपी नेता ने इस मामले में स्थानीय प्रशासन और सरकार से संख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने मेन रोड के दुकानदारों को सुरक्षा सनिश्चित करने की दिशा में सख्त कदम उठाने की मांग की है। इस बाबत बीजेपी नेता मरांडी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा है। इसमें घटना का वीडियो भी शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि कैसे मोहर्रम का चंदा मांगने के नाम पर गुंडागर्दी की जा रही है।

जारी पोस्ट में मरांडी ने कहा है कि रांची में मोहर्रम का चंदा वसूली के नाम पर गुंडों द्वारा दुकानदारों के साथ मारपीट की जा रही है। ऐसी घटनाओं से पूरे शहर का शांति-सौहार्द्र बिगड़ सकता है। रांची का मेन रोड अति संवेदनशील क्षेत्र है। पूर्व में भी ऐसे असामाजिक तत्वों द्वारा शहर को दंगों की आग में झोंकने का प्रयास किया जा चुका है। मरांडी ने कहा, उक्त घटना में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर मोहर्रम के चंदा वसूली में हो रही इस गुंडागर्दी को तुरंत बंद करें। साथ ही मेन रोड के सभी दुकानदारों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | विविध उलझनों का सामना होगा, इस समय शत्रु हावी हो सकता है, उदर पीड़ा, सेहत में गिरावट आयेगी। |
| वृष | भौतिक सुख-संपन्नता में वृद्धि होगी, घर में अविवाहित बच्चों के रिश्ते आयेंगे। |
| मिथुन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर, मान-यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी। |
| सिंह | रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में विरोधियों पर विजय मिलेगी, आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। |
| कन्या | पुराने मित्रों से मुलाकात होगी. अनायास धन और कार्य की प्राप्ति होगी। |
| तुला | नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने में उलझन होने की संभावना। |
| वृश्चिक | नौकरी की क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। |
| धनु | सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी। |
| मकर | नये जॉब का ऑफर मिलने की संभावना, रोजगार संबंधीं समस्यायें हल होंगी। |
| कुंभ | आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य संपन्न कर सकते हैं। |
| मीन | नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं, परिवार में नये मेहमान का आगमन होगा। |

# सबसे भ्रष्ट कार्यालय बन चुका है अंचल कार्यालय : भाजयुमो




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंचल कार्यालय में रांचीवासियों को जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, दाखिल खारिज बनवाने में हो रही परेशानी के विरोध में सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए आक्रोश मार्च निकाला गया और हेहल अंचल कार्यालय में तालाबंदी की गयी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि आज राज्य की जनता भ्रष्ट अधिकारियों से बहुत परेशान है, इन भ्रष्ट अधिकारियों का मुख्य अड्डा अंचल कार्यालय बन चुका है।

मौके पर महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने कहा कि अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। इस मौके पर बीजेपी झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य केके गुप्ता, शोभा यादव, भाजपा रांची महानगर जिला महामंत्री बलराम सिंह, मुनचुन राय, युवा मोर्चा ग्रामीण प्रभारी रिद्धि राज, युवा मोर्चा महामंत्री सचिन साहू, लाल रंजीत नाथ शाहदेव, कुंदन कुमार, सतीश सिंह, अजीत भगत, शुभम जायसवाल, संजय यादव, ऋषभ कक्कड़, साहित्य पवन, आशीष अग्रवाल, धर्मेंद्र शुक्ला, अमन कुमार, दीपक कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए।

# संजीत की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने सोमवार को जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद आरोपित कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस ऑफिस के चौकीदार संजीत कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पूर्व तीन जुलाई को दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आदेश सुक्षित रख लिया था। संजीत कुमार ने जमानत की गुहार लगाते हुए 12 जून को याचिका दाखिल की थी। इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गांई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में नौ मई को गिरफ्तार किया था।

# मनोहरपुर की जनता की सदा ऋणी रहूंगी : जोबा मांझी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सिंहभूम से सांसद निर्वाचित होने के बाद जोबा मांझी सोमवार को पहली बार मनोहरपुर पहुंची। इस दौरान सांसद जोबा माझी का झामुमो कार्यकर्ता और समर्थकों ने फॉरेस्ट नाका चौक पर भव्य स्वागत किया और जीत की बधाई दी।

पार्टी के वरिष्ठ नेता सह ज़िला परिषद उपाध्यक्ष रंजीत यादव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष रंजीत यादव ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि हमारे क्षेत्र की विधायक अब सांसद बन गयी हैं। अब हमारे क्षेत्र की समस्याओं को दिल्ली में प्रमुखता से रख कर निदान किया जायेगा। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जोबा मांझी ने कहा कि एक आंदोलनकारी की विधवा को मनोहरपुर की जनता ने जो मान-सम्मान दिया है उसका हमेशा ऋणी रहूंगी। उन्होंने समर्थकों से कहा कि क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत करायें, उसके समाधान का भरसक प्रयास करूंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने को कहा। इस मौके पर झामुमो नेता जगत मांझी, वरिष्ठ झामुमो नेता अशोक वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष मानएल बेक, पूर्व अध्यक्ष पंकज महतो, बंदना उरांव, किशोर कुमार खलखो, अमर महतो, अजहर अली, मोहम्मद उमर, मुखिया पूजा कुजूर, सीताराम गोप, बिनोद सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीआरडीए अधिकारियों की समस्याओं का जल्द होगा निदान : इरफान अंसारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य भर के जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के पदाधिकारियों ने सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात की और उन्हें मंत्री पद पाने की शुभकामनाएं भी दीं। डीआरडीए अधिकारियों ने अपनी समस्याओं से अवगत भी कराया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जहां तक मुझे जानकारी है कि केंद्र सरकार यानी कि भाजपा की सरकार ने डीआरडीए पदाधिकारियों को सड़क पर ला दिया है। अचानक डीआरडीए को बंद करने के बाद हमारी सरकार ने आपका समायोजन जिला परिषद में करने का फैसला लिया है। डीआरडीए अधिकारियों ने कहा कि 12 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। ऐसे में उनके पास अब तो राशन और साबुन के लिए भी पैसे नहीं हैं। पूरे मामले को ग्रामीण विकास मंत्री ने गंभीरता से सुना और जिला ग्रामीण विकास अभिकरण संघ के पदाधिकारी से कहा कि हम इस पूरे मामले की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री से भी वार्ता करके आपकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर संघ के महासचिव मानिक चंद्र प्रजापति उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने आजसू पार्टी से दिया इस्तीफा

**पाकुड़।** पाकुड़ के पूर्व विधायक एवं कद्दावर नेता अकिल अख्तर ने सोमवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए आजसू पार्टी के प्राथमिक सदस्यता एवं समस्त पदों से लिखित रूप से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया फेसबुक और एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए अपने समर्थकों को इसकी जानकारी दी है।

## सब्जी विक्रेताओं के लिए जगह चिह्नित करें

# सिर्फ लाठी चलाने से बात नहीं बनेगी: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने मौखिक कहा कि सिर्फ सब्जी विक्रेता एवं फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से काम नहीं चलेगा। उनके लिए रांची नगर निगम रांची शहर में जगह चिह्नित कर बताये। सोमवार को हाइकोर्ट में झारखंड में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर में जिन-जिन जगहों पर सब्जी विक्रेता बैठते हैं और फुटपाथ दुकानदार अपनी दुकान लगाते हैं, उसे ध्यान में रखते हुए इनके लिए जगह चिह्नित किया जाये। कोर्ट ने मौखिक कहा कि सिर्फ फुटपाथ और सब्जी विक्रेताओं पर डंडा चलाने से नहीं होगा उन्हें सब्जी बाजार एवं दुकान लगाने के लिए जगह दी जाये। यह उनकी आजीविका का साधन है। सब्जी विक्रेता ग्रामीण इलाकों से आते हैं और अपने उत्पाद को बेचकर चले जाते हैं। ऐसे में उनके उत्पाद के बदले उन्हें समुचित मूल्य मिले इसके लिए नगर निगम को एक जगह निर्धारित करनी होगी। कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर रांची नगर निगम इस दिशा में प्रयास नहीं करेगा तो कोर्ट अपने स्तर पर इसका समाधान निकालेगी। कोर्ट ने रांची नगर निगम के द्वारा फुटपाथ दुकानदारों एवं सब्जी विक्रेताओं को हटाये जाने के दावे को खारिज करते हुए कहा कि बिरसा चौक, हीनू, लालपुर आदि क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं एवं फुटपाथ दुकानदारों को हटाये जाने के बाद भी शाम होते ही फिर से उसी जगह पर वे बाजार लगा देते हैं। हटिया स्टेशन रोड के निकट एवं सिंहमोड़ के आसपास सब्जी विक्रेता सड़क पर प्रतिदिन बैठते हैं।

## डीजीपी ने की बैठक, कहा- सोशल मीडिया पर निगरानी रखें

# अफवाह फैलाने वालों पर करें सख्त कार्रवाई




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोहर्रम को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सोमवार को समीक्षा बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में जिले के एसएसपी, एसपी, रेंज के डीआइजी और जोनल आइजी शामिल हुए। डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखें और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई करें। इसके अलावा राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती पर चर्चा की गयी।

### दंगा नियंत्रण उपकरण लेकर चलने का निर्देश

वैसे जिलों में जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं घटित हुई हैं, उन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश डीजीपी ने दिया। डीजीपी ने कहा कि मुहर्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्य के अलग-अलग जिलों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की जा रही है। जुलूस के दौरान सभी पुलिस कर्मियों को बॉडी प्रोट्रेक्टर समेत अन्य दंगा नियंत्रण उपकरण साथ में लेकर चलने के निर्देश दिये गये हैं। डीजीपी ने सभी जिलों के एसएसपी व एसपी को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी का निर्देश दिया है, ताकि आसामाजिक तत्व अफवाह ना फैला सकें। कहा कि किसी भी तरह की अफवाह फैले तो तत्काल उसका सत्यापन करते हुए अग्रतर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सभी थानों में स्थानीय शांति समिति की बैठकें आयोजित कर कोई भी फर्जी या भ्रामक खबर की सूचना मिलने पर उसकी तत्काल सूचना जिला प्रशासन या अपने नजदीकी पुलिस थाना में दें, ताकि इस पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### वीडियोग्राफी और ड्रोन से निगरानी रखने पर जोर

थानों में होने वाली शांति समिति की बैठकों में पिछले वर्षों के वैसे चिह्नित स्थानों जहां सांप्रदायिक घटना घटित हुई हो, वहां अतिरिक्त सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी जिलों में पूर्व से लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। संवेदनशील इलाकों में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी और ड्रोन से निगरानी रखने पर जोर दिया। मुहर्रम जुलूस पूर्व से तय रूट पर ही निकालने का दिशा-निर्देश एवं रूट में पड़ने वाले धार्मिक स्थल, चौक-चौराहा पर निगरानी रखने का दिशा-निर्देश और जुलूस रूट का आपसी समन्वय से भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया।

# सावन के हर सोमवार को पहाड़ी मंदिर में होगी भव्य संध्या महाआरती

## संध्या महाआरती के बाद भक्तों के बीच खीर महाभोग का प्रसाद वितरित किया जायेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के पहाड़ी बाबा मंदिर में हर साल की भांति इस साल भी सावन के हर सोमवारी अलग-अलग तरीकों से भव्य संध्या महाआरती कराने को लेकर पहाड़ी मंदिर में बैठक हुई। इस दौरान आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि यह लगातार तीसरा वर्ष है जब पहाड़ी बाबा की सावन के हर सोमवारी अलग-अलग तरीकों से भव्य संध्या महा आरती मंदिर के मुख्य द्वार पर भव्य तरीके से होगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस साल भी संध्या महाआरती के बाद खीर महाभोग का प्रसाद वितरित किया जायेगा। जिसमें शहर के तमाम भक्तों को संध्या महाआरती में सादर आमंत्रित किया जायेगा। पहली सोमवारी 22 जुलाई को नवदुर्गा के स्वरूप में भव्य संध्या महाआरती और उसके बाद खीर महा भोग का प्रसाद वितरित होगा, दूसरी सोमवारी 29 जुलाई को भगवान भोले शंकर के स्वरूप में भव्य भस्म संध्या महाआरती और उसके बाद खीर महाभोग का प्रसाद वितरित किया जायेगा। तीसरी सोमवारी 5 अगस्त को भगवान श्रीराम के स्वरूप में भव्य संध्या महाआरती होगी, चौथी सोमवारी 12 अगस्त को फूलों से भव्य संध्या महाआरती और प्रसाद वितरित होगा।

वहीं पांचवीं सोमवारी यानि की इस साल के सावन महीने की अंतिम सोमवारी 19 अगस्त को 501 महिलाओं के द्वारा भव्य संध्या महाआरती होगी। जिसके बाद महाभंडारा के रूप में महाप्रसाद वितरित किया जायेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल, संध्या देवी, गीता देवी, शिल्पी कुमारी वर्मा, सुमन सिंह, विनीता, रीना आनंद, सविता देवी, विनय सिंह, राजू काठपाल, अशोक यादव, सागर कुमार सिंह, मोनू शर्मा, बिट्टू सिंह, हरसिल कौशिक, कंचन कुमार महाराज, अमूल्य कुमार सिंह, सरयू राय, कैलाशी अरविंद सिंह, लखन कुमार, अमन ठाकुर, अमित कुमार, अजीत सिंह,अविनाश, सुजल सोनी उपस्थित रहे।

# मोहर्रम के नाम पर चंदा वसूली में मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेन रोड में मोहर्रम के नाम पर दुकानदार से चंदा वसूल रहे युवकों ने मारपीट की। इस मामले में लोअर बाजार थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में आबिद और इकबाल नामक युवक शामिल हैं। लोअर बाजार थानेदार दयानंद कुमार समेत अन्य पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा है। इस मामले में दुकान संचालक रिंकू दास के बयान पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है।

### क्या है मामला

मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने दास म्यूजिकल दुकान में मोहर्रम चंदा के नाम पर दुकानदार से मारपीट और गाली-गलौज की गयी। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद है। इस दौरान चंदा वसूलने आये युवकों ने दुकानदार को रड से मारपीट की। मामले को गंभीरता को देखते हुए बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर ट्वीट कर रांची पुलिस को त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपियों को पकड़ने का आग्रह किया। रांची पुलिस ने मामला बढ़ने से पूर्व आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## महत्वपूर्ण खबरें

### आज से 20 जुलाई तक चाय पे चर्चा कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को झारखंड छात्र परिषद के कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यरूप से झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा एवं युवा नेता उपेंद्र रजक उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता पीयूष आनंद, संचालन राकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन शाहिल कुमार ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 जुलाई को शिक्षा एवं रोजगार के विषय को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया जायेगा। परिचर्चा में राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। श्री मिश्रा ने कहा कि परिचर्चा में शिक्षा एवं रोजगार के विषय एवं छात्रों के विभिन्न जनमुद्दों को लेकर परिचर्चा आयोजित की जायेगी। श्री मिश्रा ने बताया कि झारखंड छात्र परिषद द्वारा राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों की समस्याओं के समाधान हेतु चाय पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन 16 जुलाई से 20 जुलाई तक किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए परिचर्चा आयोजन समिति का गठन किया गया जो कि इस प्रकार है :-1. पीयूष आनंद 2. प्रवीण उरांव 3. राकेश सिंह 4. ज्योति शंकर साहू 5. साहिल कुमार। बैठक में करण नायक, नवनीत पांडेय, राकेश सिंह , नितेश कुमार , निशांत सिंह , सौरव कुमार , रवि प्रकाश , ओम प्रकाश शाह , रोहित शर्मा , रोमन साहू , रितेश साहू सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित थे ।

### बापू वाटिका में 50 फलदार पौधे लगाये गये



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में सुधा एंड अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट रे ऑफ होप द्वारा दुर्लभ पौधा कल्पतरु एवं अर्जुन, जरकंडी, अशोक समेत फलदार पौधे चेरी, लीची, आम, अमरूद, आंवला, अनार समेत अन्य 50 पौधे लगाये गये। ट्रस्ट द्वारा विगत एक वर्ष से लगातार अभियान चलाकर राजधानी रांची एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोगी फलदार वृक्ष लगाये जाते रहे हैं। कई खेल मैदान एवं पार्क को भी गोद लेकर वहां स्वच्छता और सौंदर्यीकरण और विद्युत साज सज्जा किये जा रहे हैं। इस अवसर पर सुधा एंड अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट रे ऑफ होप के अध्यक्ष समाजसेवी अधिवक्ता शुभनारायण दत्त, मनोज श्रीवास्तव, बेंगा टाना भगत समेत सभी स्थानीय टाना भगत, बंधन उरांव, विजय दत्त पिंटू एवं सहायक पुलिस के दर्जनों पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

### दिलजीत एएइआइ पटना के मानद सचिव बने



पटना (आजाद सिपाही)। ऑटोमोबाइल एसोसिएशन ऑफ इस्टर्न इंडिया, पटना शाखा में दिलजीत खन्ना को वर्ष 2024-25 के लिए मानद सचिव के रूप में पिछले चुनाव में घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर प्रो. अशोक कुमार गुप्ता और चुनाव समिति के संयोजक विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) नरेंद्र कुमार ने की थी, जिन्होंने आज कार्य भार संभाला। जॉय घोष का कार्यकाल 15 जुलाई, 2024 को समाप्त हो गया है। खन्ना ने उपाध्यक्ष एके सिन्हा एवं निवर्तमान मानद सचिव से मुलाकात की। पटना शाखा के उपाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश, एनके झा, महेंद्र कुमार, महाबीर प्रसाद बिदेसरिया और विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) नरेंद्र कुमार ने नये मानद सचिव को बधाई दी।

### आइआइएम के कैंपस में पौधरोपण कार्यक्रम




रांची (आजाद सिपाही)। अग्रवाल युवा सभा एवं आइआइएम रांची के संयुक्त तत्वावधान में आइआइएम रांची पुंदाग के कैंपस में पौधरोपण किया गया। विद्यार्थियों ने संस्थान के डायरेक्टर डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव के साथ मिलकर पौधारोपण कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। आइआइएम द्वारा पौधरोण कार्यक्रम को गेटवे ऑफ विजडम के नाम से नवाजा गया। साथ ही उन्होंने हर दो विद्यार्थियों को एक पौधे की देखभाल करने एवं उसका नामकरण कर उसकी रक्षा करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक गौरव परशरामपुरिया, सौरव कटारुका, मयुर बुधिया, विनायक पोद्दार एवं पर्यावरण प्रभारी विशाल महलका, आलोक बजाज के साथ अध्यक्ष सौरव बजाज, सचिव रौनक झुनझुनवाला, कोषाध्यक्ष दीपक गोयनका, आशीष अग्रवाल, रोहित सरावगी, अनीश सरावगी, मयूर पोद्दार, यश सुरेका, तरुण सर्राफ, निशान अग्रवाल, गौरव मुरारका, कन्हैया भालोटिया, तरंग बुधिया, उत्सव गोयल, सौरभ गोयल, सक्षम अग्रवाल, तुषित बुधिया, रवि अग्रवाल, प्रदीप महानसरिया, प्रिया बुधिया के साथ अन्य सदस्य मौजूद थे।

### संजय सेठ ने बेंगलुरु में ड्राइवरलेस मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखायी

# मेक इन इंडिया अभियान के तहत तैयार हुई चालक रहित मेट्रो ट्रेन

**पहले चरण में मुंबई को दी जायेगी आपूर्ति, रक्षा मंत्रालय से संबद्ध बीइएमएल ने तैयार की है ट्रेन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को बीइएमएल के बेंगलुरु प्लांट में एक नये ड्राइवर रहित एमआरएस-1 मेट्रो ट्रेनसेट को हरी झंडी दिखायी, जो बीइएमएल के रेल व्यापार प्रभाग की उपलब्धियों में एक और मील का पत्थर है। यह ट्रेनसेट लाइन 2 और लाइन 7 पर परिचालन के लिए मुंबई मेट्रो रेल मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी को आपूर्ति किया जाने वाला 55वां ट्रेनसेट है।

बीइएमएल ने मानक गेज मेट्रो कारों के 96 ट्रेनसेट (6-कार ट्रेनसेट) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण, कमीशनिंग और प्रशिक्षण के लिए कड़ी वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच ऑर्डर हासिल किया, जिसका मूल्य लगभग 4319 करोड़ रुपये है। समारोह के दौरान, संजय सेठ ने शहरी गतिशीलता को बढ़ाने में स्वदेशी रूप से विकसित मेट्रो रेल प्रणालियों के महत्व पर जोर दिया।



**6 कार ट्रेन सेट में है 2306 यात्रियों को ले जाने की क्षमता**

6-कार ट्रेनसेट में लगभग 2,306 यात्रियों को ले जाने की क्षमता है, जिसमें 298 यात्रियों के बैठने की जगह है। प्रारंभ में, ऑर्डर 378 कारों के लिए था, बाद में डीएमआरसी द्वारा अतिरिक्त 126 और 72 कारों के ऑर्डर दिये गये। कुल मिलाकर, 576 मेट्रो कारों का यह ऑर्डर, जिसका मूल्य लगभग 4319 करोड़ रुपये है, भारत में किसी भी मेट्रो निर्माता द्वारा प्राप्त अब तक का सबसे बड़ा मेट्रो रोलिंग स्टॉक ऑर्डर है।

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया पहल में बीइएमएल का योगदान सराहनीय है। चालक रहित मेट्रो ट्रेनसेट उन्नत परिवहन समाधानों के निर्माण में हमारे देश की बढ़ती क्षमताओं का प्रतीक है।

बीइएमएल के सीएमडी शांतनु रॉय ने मंत्रालय के निरंतर समर्थन के लिए सराहना व्यक्त की और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने के लिए बीइएमएल की प्रतिबद्धता दोहरायी और कहा कि बीइएमएल में हमारी टीम को देश के बुनियादी ढांचे के विकास में योगदान करने पर गर्व है।

बीइएमएल चालक रहित ट्रेनों को डिजाइन, विकास, निर्माण और आपूर्ति करने वाली पहली भारतीय रोलिंग स्टॉक निर्माता है। कंपनी प्रतिष्ठित मुंबई मेट्रो लाइन 2 और लाइन 7 पर इन अत्याधुनिक चालक रहित ट्रेनों की आपूर्ति करने में बहुत गर्व महसूस करती है। डिजाइन चरण के दौरान, बीइएमएल ने सुनिश्चित किया कि मेट्रो ट्रेन अधिकतम यात्री आराम, सुरक्षा और ऊर्जा के लिए अनुकूलित है।

# सीसीएल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीएल में सोमवार को रजरप्पा क्षेत्र में क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों की क्षमता निर्माण हेतु खरीद पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कोल इंडिया लिमिटेड के मार्गदर्शन और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सतर्कता विभाग के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार ने किया। इस कार्यशाला में 66 अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को मानक खरीद प्रक्रियाओं से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम को चार सत्रों में आयोजित किया गया था। विषय विशेषज्ञ के रूप में टीसीएस-जीइएम सुबोध कांत, एमएसएमइ सुरेंद्र शर्मा, उप प्रबंधक (एमएम) रजरप्पा क्षेत्र के रमन कटियार, उप प्रबंधक (एमएम) सतर्कता विभाग के अवनी नंदन ने सरलता पूर्वक सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। सीसीएल प्रबंधन कर्मियों के सफल कार्य निष्पादन के उद्देश्य से नियमित तौर पर ऐसे कार्यशालाओं का आयोजन करता है।




# गोल टैलेंट सर्च एग्जाम (जीटीएसइ) हुआ लांच

**6ठी से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों के लिए सुनहरा अवसर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोल टैलेंट सर्च एग्जाम (जीटीएसइ) के माध्यम से बड़े शहर के छात्र ही नहीं, छोटे गांव, कस्बों एवं शहरों के प्रतिभाशाली बच्चों को भी कंपटीशन के लिए तैयार किया जाता है। इस एग्जाम के माध्यम से मेधावी छात्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र अपने गोल को पाने में कामयाब रहे हैं। कई लोगों ने काफी बेहतर मुकाम हासिल किया है। इस टेस्ट के माध्यम से काफी संख्या में स्टूडेंट्स ने अपने सपने को साकार किया है। ये बातें गोल इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में अभी भी जागरूकता की जरूरत है. इस कारण से जीटीएसइ के फॉर्म सभी तरह के स्टूडेंट्स के लिए उपलब्ध है। छठी से 12वीं तक पढ़ने वाले स्टूडेंट्स अपने विद्यालय से संपर्क कर सकते हैं या 20 अक्टूबर तक ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। गोल के मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने बताया कि गोल संस्थान से पिछले 16 वर्षों में इस परीक्षा के माध्यम से लगभग 4.05 लाख स्टूडेंट्स लाभान्वित हो चुके हैं।




**नैतिक शिक्षा के साथ-साथ जरूरी है अवेयरनेस**

गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह कहते हैं कि जागरूकता समाज में जरूरी है। जागरूकता से सामाजिक परिवर्तन होता है। सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए नैतिक शिक्षा के साथ-साथ अवेयरनेस जरूरी है। शिक्षा और जागरूकता साथ-साथ हो तो कई समस्या का समाधान तुरंत हो जायेगा। 6ठी से 12वीं में पढ़ने वाले बच्चों की उम्र नाजुक होती है। इस उम्र में बच्चों को किसी भी दिशा में मोड़ सकते हैं। इस कारण गोल टैलेंट सर्च एग्जाम के माध्यम से बच्चों में कंपीटीशन की भावना जागृत करने का प्रयास है।

**अक्षम और दिव्यांग स्टूडेंट्स को नि:शुल्क दी जायेगी शिक्षा**

गोल टैलेंट सर्च एग्जाम के मकसद को बताते हुए गोल इंस्टीट्यूट के असिसटेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत स्टूडेंट्स को पहले से ही प्रतियोगिता से संबंधित जागरूकता लाने के लिए हमलोगों ने गोल टैलेंट सर्च एग्जाम की शुरूआत की है और हमें खुशी है कि प्रत्येक वर्ष हजारों छात्र इसका लाभ ले। शारीरिक रूप से अक्षम, दिव्यांग चयनित छात्रों को हमारी संस्थान मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए बिना किसी शुल्क के शिक्षा प्रदान करेगी। गोल इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह बताते हैं कि इस प्रोग्राम में दो चरणों में परीक्षा ली जाती है। प्रथम चरण विद्यालय स्तर पर होगी तथा जो बच्चे ऑनलाइन देना चाहे वे छात्र लैपटॉप, डेस्कटॉप एवं मोबाईल के माध्यम से अपने घरों से दे सकते हैं। करीब छः राज्यों बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, उड़ीसा के हजारों छात्र इस परीक्षा में शामिल होंगे। इस चरण में चयनित स्टूडेंट्स द्वितीय या मुख्य परीक्षा में भाग लेंगे, जो जोन मुख्यालय में ऑफलाइन मोड में 24 नवंबर को आयोजित किया जायेगा।

# ओबीसी आरक्षण बनेगा मुद्दा : राजेंद्र प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में ओबीसी आरक्षण और नियोजन नीति व स्थानीय नीति को मूलवासी सदान मोर्चा बड़ा मुद्दा बनायेगा। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि इन सब मुद्दों को लेकर वे 21 जुलाई के बाद पूरे राज्य के दौरा पर रहेंगे और मूलवासी सदानों से आने वाले हर वर्ग के जाति धर्म के लोगों से बात कर उन्हें बतायेंगे कि किस तरह से मूलवासी सदानों की उपेक्षा की जा रही है। मूलवासी सदान समुदाय से आने वाले बड़ी आबादी ओबीसी का 55% है। इसके बावजूद इनके आरक्षण को छीन कर 14% कर दिया गया। 112 प्रखंड सभी पंचायतों में मूलवासी सदान समुदाय से आने वाले ओबीसी एससी और सवर्णों को मुखिया, प्रमुख ,जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित क्यों किया गया और कब तक इन्हें वंचित रखा जायेगा? इस बात को ग्रामीणों के बीच ले जाने की बात कही है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि जिस तरह से ओबीसी और एससी को राजनीति हासिए पर डाला जा रहा है यह भी एक बड़ा चिंता का विषय है।

राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में जबतक विधानसभा की सीट को 160 नहीं किया जाता है तब तक राज्य में एक दल की बहुमत और स्थिर सरकार बन पाना नामुमकिन सा लगता है। उन्होंने लोकसभा की सीट को 28 करने की मांग की है।

# झारखंड छात्र मोर्चा का सदस्यता अभियान शुरू




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा ने छात्र सदस्यता अभियान की शुरुआत सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से किया। पहला दिन जेसीएम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मनीष राणा एवं सचिव अल्ताफ राजा के द्वारा कई छात्रों को सदस्यता दिलायी गयी एवं विद्यार्थियों ने पार्टी के साथ जुड़कर काम करने का संकल्प लिया। मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा के रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि सदस्यता अभियान पूरा जुलाई एवं अगस्त महीना चलाया जायेगा जिसकी शुरूआत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से की गयी है आगे इसी प्रकार अन्य महाविद्यालय में छात्र सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।

अमन तिवारी ने आगे कहा कि रांची विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालय में छात्र सदस्यता अभियान चलाकर सभी कॉलेजों में महाविद्यालय कमेटी बनायी जायेगी एवं योग्य लोगों को दायित्व भी सौंपी जायेगा। सचिव असद फेराज टिंकू ने छात्रों से आह्वान किया कि जितना ज्यादा हो सके छात्रों को स्टूडेंट पॉलिटिक्स से जुड़ना चाहिए ताकि कल के लिए बहुत कुछ सीखने को यहां से मिल सके क्योंकि छात्र राजनीति ही राजनीति में कदम रखने का सबसे बड़ा मंच है। मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा के संगठन सचिव मोहम्मद इरफान,उपाध्यक्ष भास्कर महतो, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, संयुक्त सचिव कासिफ रजा, जेसीएम छात्र नेत्री गुलअफसा शामी इत्यादि लोग मौजूद थे। साथ ही सदस्यता लेने वालों में अमन राज, विजय दुबे, मोईन, संदीप मुंडा, विजय कुमार, सलखान कुजूर, विनीता कुमार, शनि साहू, मयंक ठाकुर, वीरू सिंह इत्यादि।

### भाजपा नेता ने हरसंभव मदद का भरोसा दिया



रांची (आजाद सिपाही)। बुकरू चौक में राइडर गैंग की चपेट में आने से 15 वर्षीय पवन मुंडा की मौके पर ही मौत हो गयी एवं 18 वर्षीय सगा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज सैमफोर्ड हॉस्पिटल में चल रहा है। मृतक की अंत्येष्टि में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। मौके पर भाजपा नेता संदीप कुमार रवि ने परिजन से मिल कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया साथ ही जिला प्रशासन से इलाजरत युवक का इलाज के लिए सहयोग करने की बात कही। मौके पर भाजपा नेता मुन्नी मुंडा, बबलू मिश्रा, मीरा देवी, पर्वत राम, शशि राम, मुकेश कुमार रवि, कैलाश कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### भटकते असहाय को पहुंचाया गया अपना घर आश्रम



रांची (आजाद सिपाही)। भटकते असहायों को अब सहारा मिलने लगा है। संत स्वामी सदानंद की सार्थक पहल पर लावारिस भटकते हुए मानसिक और शारीरिक रोगियों को पनाह देने के उद्देश्य से पुंदाग में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम की शुरुआत की गयी है। सोमवार को इटकी रोड में भटक रहे एक पैर से लाचार और मानसिक रूप से बीमार युवा को आम जन के सहयोग से आश्रम पहुंचा गया, जहां एमआरएस श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के सेवाधारी उसकी समुचित देखभाल कर रहे हैं। संस्था के राजकुमार अग्रवाल राजू ने बताया कि आश्रम के उद्घाटन मौके पर शारीरिक और मानसिक रूप से असहाय 20 प्रभु जी को बाहर से लाया गया था। इसके बाद अपनी राजधानी में भी सुध-बुध खो कर भटकते लोगों को सहारा देने की सार्थक पहल की जा रही है। संस्था और संतश्री से जुटे अनुयायी मानव सेवा माधव सेवा के भाव से शरह में घूमते कई लाचारों को रेस्क्यू कर आश्रम ला रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी को चिकित्सा और खान-पान के साथ जीवनोपयोगी समुचित व्यवस्था मुफ्त में दी जा रही है। राजू ने बताया कि अपना घर भरतपुर और सत्यनारायण पोद्दार चैरिटेबल ट्रस्ट इसमें सहयोगी के रूप में योगदान दे रहा है।

### आस्था : धूमधाम से मना हेसल हनुमान मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव

# भव्य कलश यात्रा निकाली, गूंजा वीर बजरंगी का जयकारा

**भक्तों ने उतारी आरती, किया हनुमान चालीसा पाठ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हेसल हनुमान मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। मौके पर दिन के साढ़े दस बजे बजरंगबली के जयकारे के साथ झूम कर यात्रा निकली। डीजे पर बजते भक्ति धुन पर थिरकते श्रद्धालु और 151 कलशधारी महिलाओ की लंबी कतार निकली तो वातावरण गुलजार हो गया। अगुवाई करते मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों संग भाजपा नेता सत्यनारायण सिंह,स्थानीय पूर्व पार्षद अशोक यादव, भैरव सिंह, विजय सिंह, अमृतेश पाठक आदि ने भी इसमें मुख्य रूप से भागीदारी निभायी। यात्रा दयाल नगर होते हुए विश्वनाथ शिव मंदिर, पिस्का मोड़ पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में पवित्र जल भरा गया। फिर सभी देवी, मंडप रोड, नायक चौक होते हुए वापस लौटे। कलश के पवित्र जल से मंदिर और वेदी की शुद्धि की गयी। इसके बाद पूजन-अनुष्ठान का शुरू हुआ सिलसिला, दोपहर बाद तक चलता रहा।

पुजारी निरंजन पंडित ने नेम-निष्ठा से अनुष्ठान संपन्न कराया. सौरभ जायसवाल ने इसमें यजमान के रूप में हिस्सा लिया। शाम सात बजे पूजन-आरती और पाठ के बाद वृहत रूप में भंडारा चलाया गया. बड़ी संख्या में लोगों ने प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया।

**सफल आयोजन में दिया योगदान :** मुख्य संरक्षक संजीव कुमार सिंह चुन्नू, अध्यक्ष प्रदीप दत्ता, जीर्णोद्धार कर्ता महेश पंडित, शशि पांडेय, मनमोहन पांडेय, संजीव सिंह, विरेंद्र प्रसाद, बंटी बरियार, गौरव जायसवाल, राहुल सिंह, मनीष पंडित, संतोष पंडित, श्रीकांत ओझा, संतोष सहाय, आनंद साहू, शुभम, शिवम, अंकित, नीरज सिन्हा, संजय साहू, विमल त्रिपाठी, पप्पू चौधरी, राकेश पांडेय, संजीव, आदर्श गुड्डू, पंकज वरनवाल, प्रदीप भाई, अर्जुन तिवारी आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# सीबीआइ की टीम ने हजारीबाग में फिर की छापेमारी, एक गिरफ्तार

**नीट पेपर लीक मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सीबीआइ की एक बार फिर से दबिश देखने को मिली है। सीबीआइ ने कटकमदाग थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस में छापेमारी की है। सीबीआइ ने छापेमारी के बाद अपने साथ राजकुमार सिंह उर्फ राजू को ले गयी। यह पूरा मामला नीट प्रश्न पत्र लीक मामले से जुड़ा हुआ है। सीबीआइ की टीम शाम के लगभग 6.30 के आसपास राज गेस्ट हाउस पहुंची और और 7 के आसपास वापस राजकुमार उर्फ राजू को लेकर निकल पड़ी।

सीबीआई की टीम दो गाड़ी से आयी थी, जिसमें एक का नंबर हजारीबाग और दूसरे का रांची का है। यह भी जानकारी है कि पिछले कुछ दिनों से सीबीआइ की टीम हजारीबाग में अपना डेरा डाले हुए है। बेहद गोपनीय ढंग से इस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार राजू का हजारीबाग से गिरफ्तार पत्रकार जमालुद्दीन के साथ संबंध बताये जा रहे हैं।

सीबीआइ की राज गेस्ट हाउस में दबिश को लेकर पूरे इलाके में कौतूहल का विषय बना हुआ है कि आखिर क्यों सीबीआइ की टीम ने राजकुमार उर्फ राजू को हिरासत में ली है। पड़ोस के लोगों ने जानकारी दी है कि उन्हें पटना ले जाने की तैयारी चल रही है। इससे यह स्पष्ट जानकारी मिल रही है कि सीबीआइ के हाथ कुछ अहम दस्तावेज लगे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि कुछ छात्र या अभिभावक का गेस्ट हाउस में आकर रहने की सूचना सीबीआइ के हाथ में लगी है। इस आधार पर राजू से पूछताछ चल रही है।

इसके पहले 8 जुलाई को सीबीआइ हजारीबाग में सक्रिय हुई थी। सीबीआइ टीम ने ओएसिस स्कूल में सोमवार को दस्तक दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम ने ओएसिस स्कूल में हाल के दिनों में हुए परीक्षा की जानकारी प्राप्त की थी। साथ ही उन परीक्षा में कौन-कौन से छात्र सम्मिलित हुए थे, उनकी विस्तृत जानकारी और अटेंडेंस शीट अपने साथ पटना ले गयी। लगभग 3 से 4 घंटे तक टीम स्कूल के अंदर रही। बड़े ही गोपनीय तरीके से पूरी जांच की थी। नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में सीबीआइ इसकी मिस्ट्री इन दिनों तलाश कर रही है। हजारीबाग इसका केंद्र बिंदु बन गया है। सीबीआइ 25 से 28 जून तक प्रश्न पत्र लीक मामले की कड़ी को हजारीबाग में खंगालती रही। अहम सबूत के साथ तीन लोग जिसमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम और जमालुद्दीन को अपने साथ पटना ले गयी।

वहीं कुछ दिनों के बाद स्कूल के दो शिक्षकों को भी सम्मन भेज कर पटना बुलाया गया था, जिन्हें बाद में पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। जांच के दौरान ब्लू डार्ट कूरियर के कर्मियों से भी पूछताछ की गयी थी। साथ ही जो इ-रिक्शा के जरिए प्रश्न पत्र भेजा गया था, उससे भी पूछताछ की गयी थी। सीबीआइ की टीम ने एसबीआइ बैंक के प्रबंधन से भी पूछताछ की थी, क्योंकि प्रश्न पत्र एसबीआइ बैंक में रखा गया था।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आदिवासी छात्रों ने शौचालय निर्माण को लेकर दिया धरना

रांची (आजाद सिपाही)। यदुवंश आदिवासी कॉलेज छात्रावास के सैकड़ों छात्रों ने शौचालय निर्माण को लेकर आज समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) कार्यालय के बाहर धरना दिया। छात्रों का कहना है कि छात्रावास का शौचालय पूरी तरह से जर्जर हो गया है। कभी भी छत गिर सकती है। उनको हेलमेट लगााकर शौचालय जाना होता है। जान जोखिम में डालकर शौच करने जाते हैं। छात्रों की शिकायत है कि दो साल से कल्याण विभाग को आवेदन दे रहे हैं। लेकिन विभाग ने आश्वासन के सिवा कुछ नहीं दिया। इस विभाग में भी दो बार लिखित आवेदन जमा किया गया। लेकिन कोई पहल नहीं की गयी। छात्रावास (हॉस्टल) में शौचालय निर्माण को लेकर विधायक और सांसद से भी मिल चुके हैं। इसके बाद भी आज तक उनकी मांग पूरा नहीं हुई। बता दें कि समेकित जनजातीय विकास अभिकरण का कार्यालय डीसी कार्यालय ब्लॉक बी में स्थित है।

### राजभवन जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों को प्रशासन ने मोरहाबादी में रोका

रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मी राजभवन घेराव करने जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया है। अपनी मांगों के समर्थन में सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार को तय कार्यक्रम के तहत में मोरहाबादी मैदान से राजभवन घेराव के लिए निकले थे, लेकिन भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच उन्हें मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया गया है। सहायक पुलिस कर्मियों को जब यहां रोका गया तो विरोध में सभी सरकार और प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। सहायक पुलिसकर्मियों ने कई बार बैरिकेडिंग को धकेलते हुए आगे बढ़ाने की कोशिश भी किया, लेकिन प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता सहायक पुलिस कर्मियों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन सहायक पुलिसकर्मी राजभवन घेराव के लिए अड़े रहे। बता दें सहायक पुलिस के जवानों का आंदोलन मोरहाबादी मैदान में बीते दो जुलाई से शुरू हुआ है, जो 13वें दिन भी जारी है। बारिश होने के बाद भी कई जिलों से आये सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान में टेंट बना कर आंदोलन कर रहे हैं।

### एनएसयूआइ की एसएस मेमोरियल कॉलेज इकाई का गठन, सहबान अंसारी बनेअध्यक्ष

रांची (आजाद सिपाही)। एनएसयूआइ की एसएस मेमोरियल कॉलेज इकाई का गठन सोमवार को हुआ। इसमें कॉलेज इकाई अध्यक्ष सहबान अंसारी को बनाया गया है। रांची जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की युवा पीढ़ी ही देश और राज्य की दिशा और दशा दोनों बदल सकता है। आप सभी छात्र छात्राओं का कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआइ में हार्दिक स्वागत है। आप लोग संगठन में छात्रहित में कार्य करे बाकी आप सभी लोगो को कहना चाहूंगा की आगे या भविष्य में किसी भी एनएसयूआइ के सदस्य या पदाधिकारी को कुछ भी समस्या हो, तो एनएसयूआइ रांची जिला इकाई सदेव तत्पर्य रही है और हमेशा रहेगी। आरयू पूर्व उपाध्यक्ष छात्र संघ हुसैन अंसारी ने कहा कि आज देश में जिस तरह का माहौल बना हुआ है। उस माहौल में रहकर भी आप सभी लोगों ने गांधी विचारधारा वाली पार्टी और सेकुलर छात्र संगठन का दामन थामा ये गर्व की बात है। मौके पर पवन कुमार, सरफराज अहमद, कैस अहमद, रोमन महली, साहिल अंसारी, एनामुल अंसारी, सूरज कुमार, अजमेर अंसारी, वीरेंद्र कुमार, दानिश मंसूरी आदि छात्र मौजूद थे।

### विभिन्न क्षेत्र में रस्मे पगड़ी सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया

रांची (आजाद सिपाही)। मुहर्रम के उपलक्ष्य में रांची के विभिन्न क्षेत्रों में रस्मे पगड़ी सह सम्मान समारोह आयोजित की गयी। हिंदपीढ़ी बर मुहल्ला में गुलजार लकड़ी फंड के तत्वावधान में हाजी सरफराज खलीफा की अध्यक्षता में, अमन यूथ वेलफेयर सोसाइटी में, पूर्व पार्षद मो. असलम की अध्यक्षता में, चिश्तिया अखाड़ा में, मंसूर चिश्ती, नाला रोड में मो. इम्तेयाज खलीफ के नेतृत्व में सहित अनेक अखाड़े में रस्मे पगड़ी सह सम्मान समारोह आयोजित की गयी। इसमें अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष समशेर आलम के साथ साथ इमामबख्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मो. महजूद, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, प्रवक्ता मो. इसलाम, उपाध्यक्ष आफताब आलम, सरपरस्त मो. तौहीद, हाजी करीमुल्लाह, टीपू, सरफराज, नौशाद आलम, साहेब अली, हुसैन, खालिद उमर, परवेज आलम, सलमान, कलाम, मेराज, सोनू, मो. अफरोज, नदीम एकबाल, बारीक, टेनी भाई सहित अनेक गणमान्य खलीफा एवं पदाधिकारीगण सम्मानित किये गये। अमन यूथ वेलफेयर सोसाइटी में मो. अफरोज को सर्वसम्मति से अमन यूथ वेलफेयर सोसाइटी अखाड़ा का खलीफा बनाया गया।

# मुहर्रम को लेकर प्रशासन मुस्तैद

- सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर
- त्योहार हम सभी को जोड़ने के लिए है : डीसी
- आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर की जायेगी कार्रवाई : एसएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता




### मुहर्रम को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

रांची। मुहर्रम को लेकर रांची में सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। ये फ्लैग मार्च अल्बर्ट एक्का चौक से विभिन्न थाना क्षेत्र में किया गया। फ्लैग मार्च में सीआरपीएफ और रांची पुलिस के जवान शामिल रहे। शहर के संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं, मुहर्रम के जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था पर खलल डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। मार्च में सीआरपीएफ महिला बटालियन के 232 जवान भी शामिल रहे।

**रांची।** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को मुहर्रम पर्व को लेकर केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय में आयोजित बैठक में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम की उपस्थिति में केन्द्रीय शांति समिति के सदस्यों, अखाड़ा प्रतिनिधियों एवं पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया. बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से अपने सुझाव दिये। अखाड़ा प्रतिनिधियों ने जुलूस के रुट में गड्ढों की भराई, लाइट की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति, साफ-सफाई शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था किये जाने की बात कही।

शांति समिति के सदस्यों के सुझावों को सुनने के बाद डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने इस पर अमल करने हेतु जिला स्तर के संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि तैयारियां नियत समय पर पूरी कर ली जायेंगी।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : एसएसपी

रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि मुहर्रम को लेकर जिला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। 200 से ज्यादा स्थानों पर पुलिस बल की स्टैटिक प्रतिनियुक्ति है। गश्ती के साथ क्यूआरटी भी है, जिसमें सीनियर पुलिस ऑफिसर रहेंगे। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि शांति पूर्वक मुहर्रम मनायें और मनाने में सहयोग करें। असामाजिक तत्वों के खिलाफ एसएसपपी ने कड़ी कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर पहले से ही सीसीटीवी के कवरेज में है, जितने भी संवेदनशील स्थान हैं। वहां सीसीटीवी लगाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही कंट्रोल रूम से लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने रांचीवासियों से अपील करते हुए कहा कि कभी भी कोई आपतिजनक, भड़काऊ पोस्ट, फोटो या वीडियो मिलता है, तो कंट्रोल रुम को भेजें, ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके।

बैठक में शमशेर आलम ने कहा कि हम कई वर्षों से मुहर्रम का पर्व मनाते आ रहे हैं और इसमें सभी धर्मों एवं वर्गों का सहयोग होता है। उन्होंने सभी अखाड़ाधारियों को अपने-अपने क्षेत्र में आये नये थाना प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जुलूस निकालने की बात कही।

# राज्य अल्पसंख्यक आयोग की टीम देवघर समीक्षा बैठक कर दुमका पहुंची

- 16 जुलाई को दुमका परिसदन में आयोग की टीम करेगी जनसुनवाई
- आयोग के समक्ष लिखित आवेदन के साथ अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अपनी समस्याओं को रख सकेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्लाह खान की अध्यक्षता मे आयोग की टीम आज देवघर पहुंची। आयोग की देवघर समीक्षा बैठक में आयोग के सदस्य कारी बरकत अली, इकरारुल हसन एवं सबिता तुडू भी शामिल थे। ज्ञात हो कि आयोग की टीम रविवार 14 जुलाई की रात्रि ही देवघर परिसदन पहुंच गयी थी। देवघर परिसदन में बड़ी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने आयोग की टीम का भव्य स्वागत किया। आयोग की टीम के समक्ष देर रात से ही स्थानीय लोग अपनी अपनी समस्या लेकर आवेदन के साथ पहुंचने लगे। आयोग ने सभी आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी मामलों को संबंधित विभाग को भेज दिया। सोमवार दोपहर 3 बजे आयोग की समीक्षा बैठक में देवघर जिला प्रशासन के सभी विभाग के वरीय पदाधिकारी अपने अपने विभाग की रिर्पोट आयोग के स्मक्ष प्रस्तुत की। आयोग ने सभी विभागीय रिर्पोट का अवलोकन कर संध्या 5:00 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर समीक्षा बैठक के बारे में विस्तार पूर्वक मिडिया को जानकारी उपलब्ध करायी। देवघर की बैठक के उपरांत सोमवार को देर शाम आयोग की टीम दुमका के लिए प्रस्थान कर गयी।

दुमका जिला की समीक्षा बैठक 16 जुलाई को दुमका परिसदन में रखी गयी है। दुमका जिला प्रशासन के साथ आयोग की टीम की बैठक मंगलवार दिन के 3 बजे होगी। दुमका परिसदन में स्थानीय लोगों द्वारा जन समस्याओं को दोपहर 2 बजे ही आयोग की टीम के समक्ष रखा जायेगा।

आयोग की ओर से अल्पसंख्यक समाज से जुड़े लोगों को कहा गया है कि मंगलवार को दिन के 1:30 बजे से दुमका परिसदन में अपनी समस्या लिखित आवेदन के साथ जनसुनवाई के लिए दे सकते हैं। दिन के 3 बजे से आयोग की टीम दुमका जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक करेगी। जिस में जिले में सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं में अल्पसंख्यकों को उनके आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी मिल पा रही है या नहीं, इस से संबंधित समीक्षा की जायेगी।

# सीएम हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी याचिका पर हुई सुनवाई

- इडी को जवाब के लिए मिला एक और मौका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में सीएम हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी सीआरपीसी की धारा 205 के तहत दायर याचिका की सुनवाई हुई। मामले में इडी की ओर से एक बार फिर से कोर्ट से समय की मांग की गयी। कोर्ट ने इडी को जवाब के लिए एक और मौका प्रदान किया है।

### सीजेएम कोर्ट ने मामले में लिया था संज्ञान

दरअसल, इडी की ओर से समन की अवहेलना मामले में सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ शिकायतवाद सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गयी थी। सीजेएम कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए हेमंत सोरेन को हाजिर होने का आदेश दिया था, लेकिन वे कई तिथियों पर सीजेएम कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए थे। हालांकि बाद में यह मामला एमपी - एमएलए कोर्ट स्थानांतरित हो चुका है, लेकिन हेमंत सोरेन एमपी/ एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में अबतक पेश नहीं हुए। हेमंत सोरेन की ओर से व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के लिए 5 जुलाई को याचिका दाखिल की गयी।

# डॉ बीरेंद्र महतो 'गोतिया' सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड साहित्य अकादमी संघर्ष समिति के तत्वावधान में पद्मश्री डॉ गिरिधारी राम गौंझू स्मृति सम्मान 2024 से जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के सहायक प्राध्यापक सह इंकलाबी नौजवान लेखक संघ के संस्थापक सचिव, गोतिया पत्रिका के संपादक डॉ बीरेंद्र कुमार महतो नागपुरी भाषा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किये जाने की खुशी में नागपुरी विभाग के छात्र छात्राओं ने टीआरएल संकाय में डॉ बीरेंद्र कुमार महतो को पौधा और गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर सम्मानित शिक्षक ने कहा कि जिस संस्थान में पद्मश्री डॉ गिरिधारी राम गौंझू के मार्गदर्शन में जीवन की ऊंचाइयों पर पहुंचा, ऐसी जगह से तथा उनके नाम पर दिये जाने वाले सम्मान से सम्मानित होना मेरे लिए अविस्मरणीय और सुखदायक बात है। उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं व शोधकर्ताओं के साथ साथ पद्मश्री डॉ गौंझू के सानिध्य में गुजारें पलों और उनसे सीखीं हुई बातों को विस्तार से रखा। उन्होंने डॉ गौंझू के पद चिन्हों पर चलने एवं उनके सपने को साकार करने की बात कही। साथ ही अपनी मांय व माटी का हमेशा सम्मान करते हुए अपनी भाषा संस्कृति को कभी नहीं छोड़ने की बात कही।

मौके पर प्राध्यापक डॉ किशोर सुरिन ने कहा कि यदि व्यक्ति के कार्यों में पारदर्शिता एवं ईमानदारी हो, तो ऐसे व्यक्ति का सम्मान होना गौरव की बात होती है। सम्मानित करना इस बात को प्रमाणित करता है कि व्यक्ति ने अपने बेहतर कार्यों से सामाजिक संतुष्टि देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है।

प्राध्यापक डॉ रीझू नायक ने कहा कि व्यक्ति की पहचान अच्छे एवं बुरे उसके कर्मों से होती है। आज डॉ महतो को उनके द्वारा किये गये बेहतरीन शैक्षणिक और साहित्यिक कार्यों के लिए चुना जाना हम सबों के लिए गौरव की बात है। ये हमेशा निस्वार्थ भाव से चौबीस घंटे अपने छात्र छात्राओं व शोधकर्ताओं के मदद के लिए एक पैर में खड़े रहते हैं। कभी भी किसी को निराश नहीं करते। यह सम्मान उनके कार्यों का आकलन है। कार्यक्रम के आयोजन में महती भूमिका निभाने वालों में मुख्य रूप से सोनू सपवार, उषा कुमारी, आसियन कंडुलना, अभिजीत कुमार, सूर्या मिंज, प्रीति कुमारी, गुड़िया कुजूर, रेशमा मुंडा, सुनील कुमार महतो, विक्की मिंज, बुद्धेश्वर बड़ाइक शामिल थे।

# आर्टिफियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई शुरू करनेवाला पहला संस्थान बनेगा मारवाड़ी कॉलेज : प्रो सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज में सोमवार को प्राचार्य डॉ मनोज कुमार के अध्यक्षता में 17वा एकेडमिक काउंसिल की बैठक संपन्न हुई। इसमें यूनिवर्सिटी नॉमिनी के रूप में डीएसडब्ल्यू प्रॉफ डॉ सुदेश कुमार साहू, प्रो डॉ अर्चना कुमारी दुबे, प्रो कुनुल कांदिर, एक्सटर्नल एक्सपर्ट के रूप में प्रो पंकज कुमार सिन्हा, डॉ राजेश कुमार, प्रो ललन सिंह, प्रो श्री बबन प्रसाद और सभी डिपार्टमेंट्स के विभागाध्यक्ष और कोऑर्डिनेटर्स मौजूद रहे।

डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू सर ने अपने वक्तव्यों को पेश करते हुए कहा मैं भी इसी कॉलेज का विद्यार्थी रह चुका हूं, कॉलेज एकेडमिक प्रगति बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, आगे आने वाले वर्षो में मुझे आशा है की कॉलेज एकेडमिक क्षेत्रों ने नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और स्टूडेंट्स के भविष्य उज्ज्वल करता रहेगा।

सभी एक्सटर्नल एक्सपर्ट ने सिलेबस में और एकेडमिक काउंसिल द्वारा लिये गये निर्णयों की प्रशंशा करते हुए कहा कि स्टूडेंट्स के बेहतर भविष्य के लिए उठाया गया हर कदम का हम सराहना करते है, ताकि बदलते परिपेक्ष में हमारे छात्र किसी भी विश्वविद्यालय के छात्रों से बेहतर प्रदर्शन कर पाये। परीक्षा नियंत्रक डॉ उमेश कुमार के द्वारा पीजी सोशियोलॉजी की पढ़ाई, बीसीए/आईटी/सीएस कोऑर्डिनेटर डॉ संतोष रजवार ने 3 ईयर कोर्स बीएससी इन के पढ़ाई की शुरुआत इसी सत्र से शुरू करने का प्रस्ताव रखा। सभी विभागाध्यक्षो ने बारी बारी से अपने बोर्ड ऑफ स्टडीज में लिए गए सिद्धांतो की चर्चा की तथा सिलेबस में हो रहे सुधार की जानकारी दी। मीटिंग का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन, मेंबर सेक्रेट्री डॉ रोनाल्ड पंकज खलखो द्वारा किया गया।

# एसबीएम प्रोग्राम से बाहर किये 500 कांट्रैक्ट कर्मियों ने अब श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मदद की लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्वच्छ भारत मिशन में कॉन्ट्रैक्ट पर वर्षों से काम करने वाले ब्लॉक कोआर्डिनेटर और सोशल मोबलाइजरों की सेवा 31 मार्च 2024 से समाप्त की जा चुकी है। राज्य राज्य भर में इनकी संख्या 500 से भी अधिक है। सोमवार को इन कर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से उनके आवास पर भेंट की। एसबीएम अनुबंध कर्मचारी महासंघ के महासचिव कौशर आजाद ने उन्हें बताया कि वर्षों से काम करने और अहम उपलब्धियों के बावजूद उन सबों को पिछले साल से लेकर इस साल मार्च माह की अवधि में सेवा से बाहर कर दिया गया है। एसबीएम फेज-2 और जल जीवन मिशन में जारी नयी नियुक्तियों में भी उनकी अनदेखी हो रही। ऐसी शर्तें रख दी गयी हैं कि 2006-07 से एसबीएम प्रोग्राम में काम कर चुके अनुभवी कर्मियों को भी मौका नहीं बन सका है। इस पर श्रम मंत्री ने आश्वस्त करते कहा कि जिन लोगों ने सेवाएं पूर्व में दी हैं, उन्हें सेवा से बाहर ना किया जाये, इसका वे प्रयास करेंगे।

### सभी का हो समायोजन : मंत्री

मंत्री ने एसबीएम प्रोग्राम से हटाये गये कर्मियों की समस्याओं को सुनने के बाद विभागीय सचिव (पेयजल एवं स्वच्छता) से फोन पर बात की। कहा कि वर्तमान सरकार योग्य लोगों, युवाओं को नियुक्ति पत्र बांट रही और आप सब अपने विभाग से हटा रहे। यह आदर्श स्थिति नहीं है। चाहे जैसे हो, सभी कर्मियों का समायोजन हर हाल में किया जाना चाहिए। इस पर सचिव ने वाजिब पहल करने की बात कही।

### फंड की उपलब्धता पर भी उदासीनता: महासंघ

एसबीएम अनुबंध कर्मचारी महासंघ के मुताबिक, पूर्व में भी सभी ने अपने हक, अधिकार के लिए विभागीय मंत्री, सचिव और अन्य के पास फरियाद लगायी पर सुनवाई नहीं हुई। फंड की कमी, कर्मियों की संख्या सीमित किये जाने की बात कही गयी, जबकि सच यह है कि ना तो केंद्र से फंड की कमी है, ना मैनपावर बढ़ाये जाने से रोका गया है। पहले राज्य भर के हर प्रखंड (264) में कॉन्ट्रैक्ट पर ब्लॉक कोआर्डिनेटर हुआ करते थे। इससे 500 से अधिक लोग सेवा दे रहे थे। अब इसे प्रमंडल स्तरीय किये जाने (32 प्रमंडल) से यह संख्या महज 64 तक हो गयी है। इससे भारी संख्या में अनुभवी कर्मियों को नयी नियुक्तियों में मौका नहीं मिल पा रहा। ऐसे में महासंघ अब विभागीय मंत्री, सचिव से उम्मीद नहीं मिलता देख अब श्रम मंत्री से आस लगा रहा है।

# बुलेट नहीं, बैलट

अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर शनिवार को एक चुनावी रैली के दौरान हुआ जानलेवा हमला हर लिहाज से दुर्भाग्यपूर्ण कहा जायेगा। गनीमत है कि हमले में ट्रंप को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ और वह सुरक्षित हैं। हालांकि उन पर हुए इस हमले ने पहले से ही दो ध्रुवों में बंटे अमेरिकी जनमत को बुरी तरह आलोड़ित कर दिया है। अमेरिका में राष्ट्रपतियों पर इस तरह का हमला कोई नयी बात नहीं है। वहां ऐसे हमलों का लंबा इतिहास रहा है। चार राष्ट्रपति और एक राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी ऐसे हमलों में जान तक गंवा चुके हैं। पिछले चार-पांच दशकों की बात करें तो रोनाल्ड रीगन, बिल क्लिंटन और जॉर्ज डब्ल्यू बुश जैसे चर्चित राष्ट्रपति हमलों का निशाना बन चुके हैं। फिर भी ट्रंप पर हुए इस हमले की अतीत की घटनाओं से तुलना नहीं की जा सकती। ट्रंप न सिर्फ अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति हैं, बल्कि आगामी चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से इस पद के प्रत्याशी भी हैं। अब तक के तमाम सर्वे उन्हें लोकप्रियता में सबसे आगे बता रहे हैं। यही नहीं, ट्रंप राजनीति और शासन की अपनी विशिष्ट शैली के लिए जाने जाते रहे हैं। अमेरिकी इतिहास में यह पहला मौका है, जब कोई पूर्व राष्ट्रपति चुनाव परिणामों को पलटने के लिए दंगे भड़काने जैसे आरोपों का सामना कर रहा है या चुनाव नतीजों को स्वीकार करने से लगातार इनकार करता रहा है। इसके बावजूद लोकप्रियता में सबसे आगे नजर आ रहा है। ऐसे में ट्रंप पर हमले की इस घटना की गंभीरता बहुत बढ़ जाती है। इसका अमेरिका के आम लोगों की सोच पर, वहां की राजनीति और चुनावों पर किस तरह का प्रभाव पड़ता है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। हालांकि ट्रंप समर्थकों का एक धड़ा इसके लिए उनके राजनीतिक विरोधियों की आक्रामक प्रचार शैली को अभी से जिम्मेदार ठहराने लगा है। देखना होगा कि यह सिलसिला चुनावों में वोटरों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिशों तक सीमित रहता है या राजनीति में और ज्यादा कड़वाहट घोलता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चाहे अमेरिका के घरेलू राजनीतिक माहौल की बात हो या चुनाव परिणामों की, उनका असर अमेरिका तक सीमित नहीं रहता। पूरा विश्व उसके दायरे में आता है। ऐसे में जरूरी है कि जांच एजेंसियां इस घटना के असली कारणों तक जल्द से जल्द पहुंचें। हालांकि हमलावर के मारे जाने की वजह से यह काम थोड़ा और मुश्किल हो गया है। फिर भी उम्मीद है कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी और साजिशों के तार खुलेंगे, वैसे-वैसे बहस भी समाज को हिंसक बनाने वाले और गन कल्चर को बढ़ाने वाले कारकों पर केंद्रित होगी। याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र में बुलेट नहीं, बैलट ही सबसे कारगर हथियार होता है।

**सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चाहे अमेरिका के घरेलू राजनीतिक माहौल की बात हो या चुनाव परिणामों की, उनका असर अमेरिका तक सीमित नहीं रहता। पूरा विश्व उसके दायरे में आता है। ऐसे में जरूरी है कि जांच एजेंसियां इस घटना के असली कारणों तक जल्द से जल्द पहुंचें।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मोदी-पुतिन शिखर सम्मेलन ने दो प्रभावशाली देशों रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों के लिए मोदी के कुशल प्रबंधन को उजागर किया। रूस के यूक्रेन के साथ युद्ध के बावजूद, दोनों नेताओं द्वारा अपनी बैठकों के दौरान दिखायी गयी गर्मजोशी मोदी की रूस यात्रा के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करती है। मोदी पिछले 10 वर्षों में 6 बार रूस का दौरा कर चुके हैं और कम से कम 17 बार पुतिन से मिले हैं। इस यात्रा के दौरान पुतिन के निजी आवास पर रात्रिभोज पर बातचीत साढ़े 4 घंटे तक चली, जबकि आमने-सामने की बातचीत ढाई घंटे तक चली।**

# विश्व स्तर पर भारत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का लक्ष्य रखता है

**कल्याणी शंकर**



**भारत ब्रिक्स, एससीओ और इंडो-पैसिफिक क्वाड का हिस्सा है। इसका लक्ष्य वैश्विक दक्षिण और विकसित दुनिया के बीच की खाई को पाटना है। इसके विपरीत, रूस यूक्रेन युद्ध में तेजी से शामिल हो रहा है और पश्चिम से अलग-थलग पड़ रहा है। नयी दिल्ली ने यूक्रेन युद्ध की आलोचना नहीं की है, लेकिन इसे रोकने के लिए कहा है।**

पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच शिखर सम्मेलन का उद्देश्य भारत और रूस के बीच दीर्घकालिक सांझेदारी को मजबूत करना था। रूस के प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने इसे अशांत भू-राजनीतिक माहौल के बीच ऐतिहासिक और खेल बदलने वाला बताया। मोदी-पुतिन शिखर सम्मेलन ने दो प्रभावशाली देशों रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों के लिए मोदी के कुशल प्रबंधन को उजागर किया।

रूस के यूक्रेन के साथ युद्ध के बावजूद, दोनों नेताओं द्वारा अपनी बैठकों के दौरान दिखायी गयी गर्मजोशी मोदी की रूस यात्रा के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करती है। मोदी पिछले 10 वर्षों में 6 बार रूस का दौरा कर चुके हैं और कम से कम 17 बार पुतिन से मिले हैं।

इस यात्रा के दौरान पुतिन के निजी आवास पर रात्रिभोज पर बातचीत साढ़े 4 घंटे तक चली, जबकि आमने-सामने की बातचीत ढाई घंटे तक चली। इससे दोनों नेताओं को मुद्दों पर चर्चा करने का मौका मिला।

**भारत महत्वाकांक्षी हो गया है और वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का लक्ष्य रखता है।**

वर्तमान यात्रा ने भारत और रूस के बीच स्थायी संबंधों और पुतिन के साथ आमने-सामने की चर्चा को उजागर किया। इसमें चीन और घरेलू राजनीतिक स्थिति भी शामिल है।

शिखर सम्मेलन ने यूएस-भारत संबंधों के लिए एक समस्या खड़ी कर दी। यह ऐसे असुविधाजनक समय पर हुआ जब यूक्रेन में संघर्ष जारी था। बैठक का प्रभाव यह था कि भारत रूस और यूएस के साथ संबंधों को संभाल सकता है। मोदी का पुतिन के साथ गले मिलना और पुतिन द्वारा मोदी को अपना सबसे अच्छा दोस्त कहना शायद यूएस और पश्चिम में भौंहें चढ़ा सकता है।

सीएनएन ने कहा कि व्लादिमीर पुतिन द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके आवास पर मिनी इलैक्ट्रिक कार में घुमाने का दृश्य दिखाता है कि दोनों नेता कितने घनिष्ठ हो गये हैं।

इस यात्रा ने भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया। इसने विज्ञान, व्यापार और जलवायु परिवर्तन पहलों सहित नये समझौतों का मार्ग प्रशस्त किया।

भारत और रूस का लक्ष्य पश्चिमी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग करके 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन तक बढ़ाना है। प्रस्तावित नये परमाणु रिएक्टरों सहित भारत का ऊर्जा भविष्य आशाजनक था। जिस तरह से नयी दिल्ली रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों को दरकिनार कर सकती है, वह आशावाद की भावना प्रदान करता है।

बाइडेन प्रशासन द्वारा संयुक्त राज्य अमरीका के साथ भारत की महत्वपूर्ण सांझेदारी की पुष्टि आश्वस्त करने वाली है। यह अमेरिका-भारत के बढ़ते संबंधों की मजबूती और स्थिरता को रेखांकित करता है। कई अमेरिकी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। उदाहरण के लिए पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पेट राइडर ने कहा कि अमेरिका भारत को एक रणनीतिक सांझेदार के रूप में देखता है और मजबूत संवाद में शामिल रहेगा। इस संवाद में रूस के साथ भारत के संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार और जलवायु परिवर्तन जैसे अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा शामिल है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन में स्थायी शांति के प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत को प्रोत्साहित करना जारी रखता है। उन्होंने यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति प्राप्त करने में भारत के समर्थन के महत्व पर जोर दिया। भारत ने हाल के वर्षों में रूसी हथियारों पर अपनी निर्भरता कम कर दी है। रूस भारत के हथियारों का प्राथमिक स्रोत होने के बावजूद, नयी दिल्ली ने संयुक्त राज्य अमरीका, फ्रांस और इसराइल से भी अधिक हथियार खरीदना शुरू कर दिया है। भारत अपनी तोपों की खरीद के लिए अपने विकल्पों का विस्तार कर रहा है।

मोदी की यात्रा के दौरान, किसी नये हथियार सौदे की घोषणा नहीं की गयी। हालांकि, विशेषज्ञ भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी के हालिया भाषण का विश्लेषण कर रहे हैं, जिन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत हैं, लेकिन इसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि संघर्ष के दौरान भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को संशोधित करने की आवश्यकता हो सकती है।

भारत और रूस वैश्विक राजनीति में अलग-अलग रास्ते अपना रहे हैं। भारत संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ा कर और उसकी इंडो-पैसिफिक रणनीति को अपना कर पश्चिम के करीब जा रहा है। दूसरी ओर रूस खुद को भारत के प्रमुख रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी चीन के साथ और अधिक निकटता से जोड़ रहा है। इसके अतिरिक्त, रूस का लक्ष्य ब्रिक्स जैसे समूहों में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।

भारत ब्रिक्स, एससीओ और इंडो-पैसिफिक क्वाड का हिस्सा है। इसका लक्ष्य वैश्विक दक्षिण और विकसित दुनिया के बीच की खाई को पाटना है। इसके विपरीत, रूस यूक्रेन युद्ध में तेजी से शामिल हो रहा है और पश्चिम से अलग-थलग पड़ रहा है। नयी दिल्ली ने यूक्रेन युद्ध की आलोचना नहीं की है, लेकिन इसे रोकने के लिए कहा है। रॉयटर्स के अनुसार, मोदी ने यूक्रेन की राजधानी कीव में बच्चों के अस्पताल पर हुए जानलेवा हमले के अगले दिन मंगलवार को पुतिन की अप्रत्यक्ष रूप से आलोचना की। मोदी ने पुतिन से कहा कि मासूम बच्चों की मौत दर्दनाक और डरावनी है। भारत महत्वाकांक्षी हो गया है और वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का लक्ष्य रखता है। नयी दिल्ली इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पश्चिम और रूस के बीच संतुलन बनाये रखने का इरादा रखती है। साथ ही, हाल ही में हुए शिखर सम्मेलन ने एक मजबूत संकेत दिया है।

## जमशेदपुर की खबरें

### पटमदा प्रखंड कार्यालय में सरकार के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल

# प्रशासन की मनमानी पर रोक नहीं लगी तो होगा बड़ा आंदोलनः रामचंद्र सहिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**पटमदा।** आजसू पार्टी पटमदा प्रखंड समिति के द्वारा प्रखंड कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को हल्ला बोल कार्यक्रम में आजसू पार्टी के प्राधन महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस शामिल हुए। मौके पर सैकड़ो आजसू पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों संग बेलटाड़ चौक से पदयात्रा कर पटमदा अंचल कार्यलय पहुचे। जहा रामचंद्र सहिस जिंदाबाद, आजसू पार्टी जिंदाबाद, सुदेश महतो जिंदाबाद का जोरदार नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री सह आजसु पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारी बेलगाम हो गये है। लगाम लगाने के लिए सरकार बदलना होगा। श्री सहिस ने कड़े शब्दों मे चेतावनी देते हुए कहा सरकारी पदाधिकारी और प्रशासन मनमानी नहीं करें तों बेहतर होगा। अन्यथा आजसू पार्टी का इतिहास बताना और दुहराना पड़ेगा। उन्होंने कहा आजसू एक आंदोलनकारी पार्टी है। हम सभी उस आंदोलन के उपज है। सहिस ने कहा जुगसलाई बिधानसभा में आदिवासियों का जमीन खरीद फरोख्त धड़ल्ले से चल रहा है। मुलवासी और दलित वर्ग शिक्षा के लिए तरस रहे है। पूर्व सरकार में आजसू पार्टी के द्वारा लाइ गई योजनाओ को अबतक धरातल पर नहीं उतारा गया। इससे सरकार की मानसिकता का उजागर हो रही है। उन्होंने कहा कि इन सारे विषयो पर आजसू पार्टी मुखर होकर आंदोलन करेगी। तब जाकर सरकार के सरकारी नुमाइंदे होश मे आने को विवश होंगे। इस अवसर पर आदित्य महतो,अमल महतो, बनबिहारी महतो,रामकृष्ण महतो, किशोर सिंह,सुभाष सिंह,रामकृष्ण महतो, सहदेव महतो,खोगेन सिंह, नीलरतन पाल,आरती सिंह,वंदना महतो, रेणुका महतो,लक्खी सहिस, संध्या महतो के साथ सैकड़ो आजसू पार्टी के नेता व कार्यकताओं के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

# बोरिंग मशीन साथ लेकर विधायक पहुंचे नामसोल गांव, तत्काल पूजा-अर्चना कर काम शुरू कराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में जनता के जरूरत के अनुसार विकास कार्य को लेकर विधायक मंगल कालिंदी काफी गंभीर है। सोमवार को विधायक मंगल कालिंदी ने पानी के लिए ग्रामीणों की परेशानी को देख चापाकल गाड़ी साथ बोड़ाम प्रखंड के गौरडीह पंचायत अंतर्गत नामसोल गांव पहुचे। जहा ग्रामीणों के उपस्थिति में नारियल खोलकर पूजा अर्चना के बाद तत्काल नया चापाकल लगवाने के लिए अधिष्ठापन कार्य शुरू कराया। मौके पर विधायक ने कहा स्थानीय लोगों के माध्यम से जानकारी मिली थी नामसोल गांव में एक भी चापाकल नही होने के कारण पेयजल संकट से ग्रामीण जूझ रहे हैं। मामलें को गंभीरता से लेते हुए पेयजल संकट से बचाव के लिए तत्काल प्रत्येक पंचायत में 10 चापाकल लगाने के लिए कार्य शुरू करवा गया। ताकि गांव में चापाकल लगने से गांव के ही सैकड़ो लोगो को स्वच्छ पेयजल मिल सके। इधर गांव में विधायक मंगल कालिंदी के द्वारा चापाकल गाड़ी लेकर पहुंचते देख ग्रामीणों में खुशी दिखने लगी। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया। मौके पर झामुमो नेता विनय मंडल, दीपंकर महतो, बासुदेव कुंभकार, रवींद्र गोराई, शिवशंकर कुंभकार, पशुपति कुंभकार, हाड़ीराम कुंभकार, सुसेन कुंभकार,भारती कुंभकार और कौशल्या कुंभकार सहित क्षेत्र के ग्रामीण पुरुष और महिलाएं मौजूद रहे।

### हिंदू पीठ जमशेदपुर महिला शाखा की कार्यकारी अध्यक्ष बनी रानी सिंह और सुधा जौहरी



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। शहर के बिस्टुपुर स्थित हिन्दू पीठ जमशेदपुर के प्रांगण में कार्यकारणी सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। सोमवार को बैठक मे गणपति महोत्सव 2024 के पूर्व हिन्दू पीठ की सभी ईकाईओ का विस्तार का निर्णय लिया गया। मौके पर हिन्दू पीठ की महिला शाखा की अध्यक्षा श्रीमती कुमकुम सिंह के सुझाव पर रानी सिंह व सुधा जौहरी को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। रानी सिंह झारखंड योग चैंपियनशिप 2011 मे गोल्ड मेंडल भी जीता है।वही सुधा जौहरी आईटी में स्नातक एंव मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन किया है। मौके पर हिन्दू पीठ के अध्यक्ष अरूण सिंह ने आशा व्यक्त करते हुए इन दोनों नये सदस्यों को कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर हिन्दू पीठ महिला शाखा सशक्त होने की बात कही।वही पदभार मिलने पर रानी सिंह एंव सुधा जौहरी ने कहा जो भी नयी जिमेदारी मिली है उसे तन्मयता से निभायेंगे।**

### गरिमा केंद्र खुला

घाटशिला(आजाद सिपाही) प्रखंड के जेएसएलपीएस के तहत कालिकापुर के संकुल स्तरीय कार्यालय में गरिमा केंद्र खुला। गरिमा केंद्र का उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार ने फीता काट कर किया। मौके पर उपस्थित महिलाओं की भीड़ को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में गरिमा केंद्र खोलने का उद्देश्य समाज में व्याप्त महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न,यौन उत्पीडन,लिंग आधारित भेदभाव एवं महिलाओं से संबंधित कुरीतियों पर रोक लगाने विधिक जागरूकता सह पीड़ित को कानूनी सहयोग प्रदान करना होगा। केंद्र में नियमित अनुश्रवण के लिए दो पारा लिगल वोलेंटियर (पीएलवी) तैनात रहेंगे। पीएलवी के रूप में नागी सोरेन और मंजू नायक की नियुक्ति की गयी है।

# रामदास सोरेन, लक्ष्मण टुडू और कुणाल षाड़ंगी ने खींचा रथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुसाबनी।** मौसी बाड़ी में एक सप्ताह गुजारने के बाद महाप्रभु श्रीजगन्नाथ, सोमवार की शाम बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ रथ में सवार होकर अपने धाम लौट आए। महाप्रभु जगन्नाथ का पूजा-अर्चना और महाप्रसाद वितरण के बाद भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी से रथ पर आसीन होकर गाजे बाजे,भजन कीर्तन के साथ हजारों भक्तों के संग मुसाबनी नंबर दो स्थित निज आवास गणेश मंदिर पहुंचे। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा पोस्ट ऑफिस मैदान में वापसी रथ की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गयी। रथ यात्रा समिति, श्री जगरनाथ सेवा संघ व श्री जगन्नाथ सेवा ट्रस्ट के द्वारा उल्टा रथ को लेकर भव्य तैयारी की गयी थी। ट्रस्ट के वीरेंद्र नारायण सिंहदेव राजशी वेश में सोना रूपी झाड़ू से सड़क की सफाई करते हुए रथ के आगे चल रहे थे। डाकघर मैदान से निकाली गयी रथयात्रा शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए गणेश मंदिर प्रांगण पहुंची। इस दौरान रथ खींचने के लिए घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, कुणाल षाड़ंगी, जिला पार्षद देवयानी मुर्मू, मुसाबनी डीएसपी संदीप भगत, थाना प्रभारी रजनीश आनंद, दिनेश साव,डॉक्टर जी सी सतपति, तपन पांडा, अरविंद यादव, संजय महन्ती, सूरज लामा, बादल लामा, कान्हू सामन्त, प्रधान सोरेन, दुलारी मुर्मु,शांति हांसदा,कार्तिक हेम्ब्रम,साकेत अग्रवाल, तपन पंडा, अक्षय कुमार ब्रहा, देबु पंडा, लक्ष्मण तिवारी, वन बिहारी पटनायक,प्रतिभा साव आदि ने रथ का रस्सी खींचकर बहुड़ा रथ यात्रा का शुभारंभ किया। हजारो महिला पुरुषों की भीड़ ने भक्ति भाव से रथ खींच कर पूण्य के भागीदार बने। रथ के आगे आगे कीर्तन मंडली में शामिल लोग महाप्रभु जगन्नाथ की जयकारा लगाते हुए नाचते गाते चल रहे थे। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ड्रोन कैमरे सहित कई पूरे मार्ग पर स्ट्रीट लाइट, पेयजल आदि की व्यवस्था की गई थी। डीएसपी संदीप भगत के नेतृत्व में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। श्री जगरनाथ सेवा संघ द्वारा मुसाबनी नंबर दो मोड़ पर सभी श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी भोग की व्यवस्था की गयी थी।

# महिलाओं के बीच बतख चूजा का निःशुल्क वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं के बीच निःशुल्क बतख चूजा का वितरण कार्यक्रम सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में किया गया। बतख चूजा वितरण का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने 45 महिला लाभूकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया। विधायक ने लाभूकों से कहा कि झारखंड सरकार पशुधन को बढ़ावा देने के साथ साथ रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बतख चूजा वितरण कर रही है। आप बतख चूजा पालकर रोजगार प्राप्त करें। इस अवसर पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा.अशोक कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुखलाल सरदार , ग्रामप्रधान उतम सिंह, रायसेन, राधेश्याम मंडल सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

## कार्यक्रम : झामुमो का संवाद सह मिलन समारोह, बोले मंत्री मिथिलेश

# वोट लेकर ठगने वालों को चुनाव में जमानत जब्त करवायेगी जनता

**भाजपा, बसपा तथा आजसू छोड़कर 300 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन**



बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हासनदाग जीपीएस ग्राउंड में सोमवार को झामुमो द्वारा आयोजित संवाद सह मिलन समारोह में भाजपा, बसपा, आजसू पार्टी तथा कई पंचायत प्रतिनिधि सहित 300 से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी को गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला तथा पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया। कार्यकर्ता हूं तथा ग्रामीणों से संवाद के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि पहली बार गढ़वा की जनता ने मुझे आशीर्वाद देकर सेवा का मौका दिया। तब से अब तक पूरे गढ़वा की तस्वीर बदल चुकी है। फिर समय आ चुका है। गढ़वा की पूरी जनता तैयार बैठी है कि मिथिलेश ठाकुर को पुनः अपार मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजना है और फिर से सेवा का मौका देना है। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। इस बार आप सभी मिलकर ऐसे लोगों का जमानत जब्त करा दें। तभी वैसे लोगों को महसूस होगा कि जनता के साथ झूठ, फरेब, मसखरी नहीं चलेगा। मंत्री ने कहा कि आज झारखंड सरकार के बेहतर कार्यां का ही परिणाम है कि हर क्षेत्र में आंधी सी आयी हुई है। मेराल के हासनदाग, गेरूआ आदि तीन पंचायत के आयोजित कार्यक्रम में अन्य सभी दूसरे दलों के सभी लोग एकजुट होकर झामुमो में शामिल हुए हैं। आज का कार्यक्रम यह बताने के लिए काफी है कि झामुमो के नेतृत्व में सरकार के कार्यां का लाभ जन-जन को मिल रहा है। झामुमो पहले से भी काफी मजबूत था। इसमें और मजबूती आयी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही कुछ लोग अब बरसाती मेढ़क की तरह घूम रहे हैं, वे नवंबर में चुनाव होने के बाद पुनः गायब हो जायेंगे। जनता अब उनके झांसे में नहीं आने वाली है। उन्होंने कहा कि पार्टी में जितने अधिक लोग शामिल होंगे पार्टी उतनी ही मजबूत होगी। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों से मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी लोग क्षेत्र में सरकार के कार्यां को बतायें और जनसमस्याओं का निराकरण करें।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित**

झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, मुन्ना सिंह, बब्लू सिंह, राजेश, रेयाज, राजू, सुनील, मुनर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में भाजपा छोड़ कर पंचायत समिति सदस्य शंभू चौधरी, आजसू पार्टी के जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील चौधरी के नेतृत्व में ग्राम कजराठ से शिवकुमार विश्वकर्मा, संजय, सरजू विश्वकर्मा, मनदीप चौधरी समेत अन्य उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं का समर्पण और एकजुटता ही पार्टी की ताकत है : मिथिलेश ठाकुर



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा नगर मंडल का गठन किया गया है। इसमें आशीष अग्रवाल को नगर मंडल अध्यक्ष, वसीम को सचिव तथा अविनाश दुबे को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इन्हें पार्टी में नयी जिम्मेवारी मिलने पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बधाई दिया है। साथ ही इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी नये पदाधिकारी काफी उर्जावान हैं। इनमें संगठन को बहुत आगे तक ले जाने की क्षमता है। इन्हें नई जिम्मेवारी मिलने से पार्टी को काफी लाभ होगा। मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण और एकजुटता की झारखंड मुक्ति मोर्चा की ताकत है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, सचिव मनोज ठाकुर, नीलू खान, मुन्ना सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मझिआंव से अभिषेक का रविवार शाम से नहीं लगा पता

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित वार्ड नंबर 05 स्थित वीआइपी गली निवासी संतोष कुमार कमलापुरी उर्फ भुलाई के 19 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार रविवार को मझिआंव से शाम लगभग 6:00 बजे से गायब है। परिजनों ने अपने पुत्र के बारे में बताया कि अभिषेक पीला कलर का शर्ट और जींस पहने हुए हैं, वह पॉलिटेक्निक का छात्र है। अगर इस लड़के के विषय में किसी को जानकारी है या जानकारी प्राप्त होती है, तो कृपया दिये गये मोबाइल नंबर 9931144997, 6201661491 पर संपर्क कर परिजनों को सूचना दे।



गुमशुदा अभिषेक कुमार

## 11 हजार विद्युत तार की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**खरौंधी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मझि गांवा निवासी सुदामा चंद्रवंशी का 10 वर्षीय पुत्र आर्यन चंद्रवंशी 11 हजार विद्युत प्रभावित तार की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। रक्त जानकारी के अनुसार आर्यन अपनी छत पर खेलने के दौरान छत के ऊपर से गुजरा 11 हजार विद्युत प्रभावित तार की चपेट में आ गया।

## पीड़िता ने अजय विश्वकर्मा के विरुद्ध घरेलू हिंसा की प्राथमिकी दर्ज करायी

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के धंगरडीहा निवासी रीना देवी पति उपेंद्र विश्वकर्मा ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर अजय विश्वकर्मा के विरुद्ध घरेलू हिंसा से संबंधित प्राथमिकी दर्ज करायी है। आवेदन में पीड़िता ने उल्लेख किया है, कि बीते शनिवार की शाम करीब 6 बजे वह अपने घर में काम कर रही थी, तभी अजय विश्वकर्मा पिता स्व. सिकेंद्र विश्वकर्मा घर में घुस गया तथा मुझे डायन कहकर गाली गलौज करने लगा, जब मैं उसका विरोध की तो उसने मेरा बाल पकड़कर मुझे पटक दिया और मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपी ने कहा कि तुम डायन हो तुम्हे जिंदा रहने का कोई अधिकार नहीं है, वह मुझे मारपीट कर मुझे बेहोश कर दिया, साथ ही बेहोशी की हालत में उसने मेरे कान से सोने की बाली भी खोल कर फरार हो गया। उसने पुलिस को दिये आवेदन के माध्यम से आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## एनएसयूआइ जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ऋषभ चंद्रवंशी के नेतृत्व में एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के प्राचार्य से मिलकर छात्रों के मुद्दों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही संगठन विस्तार करते हुए सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में निश्चल तिवारी को कॉलेज अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गयी। इस मौके पर मौजूद एन एस यू आई जिला अध्यक्ष ऋषभ चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष पीयूष चौबे, जिला उपाध्यक्ष अफसर अली, जिला महासचिव बलजीत यादव, इजहार, सचिव शशि आदि मौजूद रहे।

# नहीं मिला आवास, बरसात में जर्जर घर में कैसे रहेंगे दंपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में घोर अनिमियता के वजह से प्रखंड क्षेत्र के योग्य लाभुको का आवास नही मिल पाया। जिसके वजह से आवास विहीन परिवार झोपड़ी के ऊपर प्लास्टिक डालकर और जर्जर घर में रहने को विवश है। कई बार प्रखंड कार्यालय में आवेदन दिया गया। परंतु कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया। ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के आदिवासी बहुल टोला मायर निवासी विश्वंभर सिंह का आवास



नहीं रहने के कारण दोहर में झोपड़ी लगा कर रहने पर विवश है। वहीं ग्राम पंचायत निवासी यमुना साह 65 वर्ष पिता गया साह का घर जर्जर है। जो जोरदार वर्षा होने पर कभी भी इनका घर ध्वस्त हो सकता है। यमुना साह ने बताया कि अभी तक मुझे या मेरे परिवार में कभी भी किसी प्रकार की आवास योजना से आवास नही मिला है। उन्होंने बताया कि मेरे दो पुत्र है, जो जर्जर घर के वजह से दोनों पुत्र सपरिवार घर छोड़कर मजबूरन बाहर रहते है। मैं अपने परिवार पत्नी व दो नाती के साथ जर्जर घर में रहने पर विवश हूं। जो कभी भी जर्जर घर ध्वस्त होकर बड़ी घटना घटने की संभावना है। उन्होंने जिला प्रशासन से आवास दिलाने की गुहार लगाया है।

# अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी छापामारी जारी रहेगी : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को लवाही से पचौर जाने वाले मोड़ के पास अवैध ढंग से उत्खनन कर बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। इसे लेकर खनन विभाग की ओर से मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। मालूम हो कि पिछले 10 जून को एनजीटी की ओर से बालू उठाव पर रोक लगा दी गयी है। उसके बाद भी बालू माफिया अवैध खनन और परिवहन से बाज नहीं आ रहे हैं। बालू उठाव पर रोक के बाद भी बालू की अवैध धंधा प्रखंड क्षेत्र में फल फूल रहा है। बताते चले प्रखंड क्षेत्र और उसके आसपास दानरो नदी, यूरिया नदी व कनहर नदी से अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। प्रशासन की सख्ती के बावजूद माफिया बालू का अवैध कारोबार बेखौफ चला रहे हैं। क्षेत्र में लगातार अवैध तरीके से बालू का उत्खनन कर उसे ऊंचे दाम पर बेचा जा रहा है। इधर बालू के अवैध खनन के खिलाफ डंडई थाना पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी है। इस दौरान डंडई थाना पुलिस को गश्ती के दौरान बालू लदा एक ट्रैक्टर को पकड़ा। लेकिन ट्रैक्टर मालिक सह चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़ कर भागने में सफल रहा। इधर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। और फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि उन्हें अवैध बालू के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी, उसी के बाद यह कार्रवाई की गयी है। थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी छापामारी जारी रहेगी।

# बिजली तार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**प्रशासन के पहल पर तीन घंटे बाद जाम को हटवाया गया**

**जाम कर लोग बिजली विभाग के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए मुआवजे के साथ मृतक के आश्रित को नौकरी देने की कर रहे थे मांग**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** गिरे हुए बिजली तार की चपेट में आने से एक की मौत पर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम। प्रशासन के पहल पर तीन घंटे बाद जाम को हटवाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा गांव निवासी बाबूलाल प्रजापति अहले सुबह अपने घर से पच्चीस मीटर दूर खेत की मेड़ बांधने घर से निकला था, मगर पूर्व से खेत में गिरे बिजली तार की चपेट में आ जाने से उसकी मौत घटना स्थल पर हो गया। इसकी सूचना घर वालो को लगते ही स्वजनों के द्वारा देखा गया, तो मृतक बाबूलाल बुरी तरह बिजली की तार में लिपटा हुआ मृत हो चुका था। इसकी खबर गांव में फैलते ही लोगों ने सगमा धुरकी मुख्य पथ को जम कर दिया। सूचना पर पहुंचे धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार बिजली विभाग के एसडीओ दीपक कुमार पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव अस्थल पर पहुंच सरकार द्वारा मिलने वाले सुविधाए दिलाने के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया।

जाम कर लोग बिजली विभाग के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए मुआवजे के साथ मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग कर रहे थे। इस अवसर पर अन्य ग्रामीणों के साथ मुख्यरूप से भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद यादव, सगमा मुखिया तेज लाल राम,पूर्व मुखिया नारायण दास यादव, उप प्रमुख अर्जुन पासवान,विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा, प्रकाश प्रताप देव, लालन उराव सखीचंद प्रजापति, मुख्तार आलम उपस्थित थे।

# मेरा लक्ष्य गढ़वा को उत्कृष्ट जिला बनाना: गिरिनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का परिवर्तन यात्रा अनवरत जारी है। वर्तमान में यात्रा रंका प्रखंड के कई पंचायतों की जन समस्या को सुलझाते हुए आगे पथ पर गतिमान है। आज की यात्रा रंका प्रखंड के पंचायत चुटियां के ग्राम चुटियां मुख्य बस्ती, हाटदोहर यादव टोला, गोदारमाना मुख्य बाजार, ग्राम भवरी के तिसिया, बारहमुंडा टोला, चंद्रवंशी टोला एवं मुख्य बस्ती चुटियां दुर्गा मंडप टोला किया गया। अपने यात्रा के दौरान गिरिनाथ सिंह ने पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पर जमकर हमला बोला। उन्होनें कहा पूर्व विधायक ने रोड के सारे अलकतरा को बेचकर मोटा रकम भंजा लिया। साथ ही प्रक्रम के बाद चेक के बाद सारे पैसों का बंदरबांट कर लिया। जनता के पैसे का ऐसा बंदरबांट पहले कभी नही हुआ। जनता इन सभी घटना में संलिप्त लोगों का हिसाब अपने आने वाले चुनाव में अपने वोट से लेगी। दूसरी ओर उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में हुए विकास के साक्ष्य आज भी विद्यमान है। मैं गढ़वा के बेहतर और उत्कृष्ट विकास हेतू कटिबद्ध हूं।

कार्यक्रम में मुख्यरूप से डॉ नंदलाल प्रसाद, कमलेश यादव, मनोज प्रसाद, अशोक गुप्ता, गोबर्धन सिंह, गोपी यादव, लालजी प्रसाद, सुनील चौधरी, सुनील माली, लक्ष्मी, सुलपानी सिंह, लाईची प्रजापति, गोपी यादव, पारस यादव सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**Office of the Executive Engineer Water Ways Division, Hazaribagh.**

**Very short notice inviting e- quotation (3rd call)**

Office Email Id- eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in

No: WRD/WWDivision, Hazaribag/Quotation-01/2024-25(3rd call) Date:15.07.2024

Government of Jharkhand through its public works Department PWD is engaged in framing/ revision of Schedule of Rates an as part of the endeavour quotations through e- tender are invited for rate of items/materials and hire charges of P&M (including POL) annexed as Annexure-I & Annexure-II for construction works from quarry owners/crusher owners/Reputed manufacturer/Authorised dealers/ suppliers and other stakeholders authorised for respective items having valid GSTIN of materials. The rate confirming two specifications for inclusion in the schedule of Rates for government of Jharkhand to be used in different civil construction/Infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website www.jharkhandtenders.in Details of material and its specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from. 16.07.2024 at 11:00 hours to 23.07.2024 at 15.00 hrs.

The quotation will be opened on 24.07.2024 at 12.00 hours. The quotation is invited to ascertain and access the rate of materials as per with lowest market rate for framing of schedule of rate.

Executive Engineer, Water Ways Division,
Address-Water Ways Division, Hazaribag
Mobile number-7280967608 Email Id-eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in

PR.NO.329718 Water Resource(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**

**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना– 21/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.07.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23.07.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.07.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundar y wall , Paver area & curtain work above Boundary wall at F Type secretary Residence Harmu Ranchi | 4813600 | 96300 | 5000 | Two Month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in / एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 329691 Building(24-25)D

# झारखंड आंदोलन को बेचने वाले लोगों के झांसे में नहीं आयेगी राज्य की जनता: यदुनाथ पांडेय

**भाजपा ने किया अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार से ही विकास के साथ-साथ शांति व्यवस्था कायम हो सकती है। वर्तमान झारखंड सरकार में बेखौफ नक्सली और अपराधी बढ़ रहे हैं। आम-आवाम त्रस्त है। वहीं भ्रष्टाचार में सरकार के मंत्री के लेकर अधिकारी तक शामिल हैं। झारखंड आंदोलन बेचने वाले लोगों से विकास की उम्मीद बेकार है। उन्होंने सोमवार को टाउन हॉल में भाजपा के अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करते वाले बूथ अध्यक्षों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग चाहते तो झारखंड पहले ही राज्य बन जाता। इन्हें इससे कोई लेना देना नहीं था। जब-जब आंदोलन चरम पर पहुंचता तो ये लोग बिक जाते थे। लेकिन भाजपा के नियत व नीति में कोई खोट नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में आंदोलन बेचने वाले लोगों के झांसे में नहीं आना है। नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं तो सीना तानकर मंदिर में जाते हैं और तिलक भी लगाते हैं। देश में रामराज की संभावना है। भाजपा इस ओर बढ़ रही है। पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद राम मंदिर का निर्माण भाजपा सरकार ने कराने का काम किया। वहीं राम मंदिर को लेकर रामभक्तों के ऊपर गोली चलाने वाले लोग चुनाव में जात-पात की बात कर बरगलाने का काम करते हैं। इनसे सावधान रहने की जरूरत है। मौके पर सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तभी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगी। पूर्व की रघुवर सरकार में विधि-व्यवस्था दुरुस्त थी। लेकिन वर्तमान में विधि-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गयी है। नक्सली सिर उठाने लगे हैं। कर्मचारी से लेकर आम-आवाम तक त्रस्त हो चुके हैं। बच्चों की भविष्य को बचाना है तो इस सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि वह पार्टी के मैं सच्चे सिपाही हैं, मैं जनता की सेवा करता रहूंगा। आने वाला विधानसभा चुनाव में पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी छह सीटों पर भाजपा का कब्जा होगा। सभा को प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, पूर्व विधायक सत्येंद्रन तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, जवाहर पासवान, पूर्व सांसद घुरन राम, जिला प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, मुकेश निरंजन सिन्हा, सूरज गुप्ता आदि ने संबोधित किया।

## मंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं को चिह्नित कर परेशान करने का काम कर रहे हैं : सत्येंद्रनाथ तिवारी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री पार्टी कार्यकताओं को चिह्नित कर परेशान करने का काम कर रहे हैं। कार्यकताओं को मनोबल को टूटने नहीं देना नेता का काम है। लेकिन कुछ बिचौलिया प्रकार के नेता हैं जो दोनों तरफ हैं। और समय पर रंग बदलने में पीछे नहीं रहते हैं। पार्टी और कार्यकताओं को ऐसे नेताओं से सचेत होने की जरूरत है। पिछले चुनाव में मंत्री से पैसा लेकर भाजपा के विरोध में काम करने वाले नेताओं को जनता पहचान चुकी है। वैसे लोगों को जनता इस बार गांव से खदड़ने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी के एक-एक कार्यकताओं ने मेहनत किया। जिसका नतीजा रहा कि गढ़वा विधान सभा में पिछले चुनाव की अपेक्षा 16 हजार अतिरिक्त मत पार्टी प्रत्याशी को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा वर्तमान विधायक और मंत्री गरीबों के जमीन को लूटने का काम कर रहे हैं।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**Short e-Procurement Tender Notice**

**(2nd Call)**

Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-05/2024-25

Letter no:- Date: - 15.07.2024

**Details of Works:-**

| Group No. | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Kajra Aahar, village-Garhai, Panchayat-Lariyadih, Block-Koderma, Dist- Koderma . | 52.558 | 11 Months |
| 2. | Renovation of Arwatand Lalka Aahar, at Jainagar, Dist- Koderma | 33.459 | 11 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 22.07.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 30.07.2024 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 30.07.2024 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 02.08.2024 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

Note: - 1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Koderma.

PR 329652 Minor Irrigation(24-25)D

## प्रेम कुमार गुप्ता ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एएसआइ पर लगाया आरोप

बुंडू (आजाद सिपाही)। सोमवार को तमाड़ प्रखंड के वीरगांव निवासी प्रेम कुमार गुप्ता ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू के पास बुंडू थाना के एएसआइ अभय कुमार के ऊपर अवैध तरीके से उगाही करने का आरोप लगाया है प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम कुमार गुप्ता 12 जुलाई को अपने तालाब से जिंदा मछली लेकर बिक्री करने हेतु पिकअप वैन जेएच 01 बीवाई 9298 से रांची ले जा रहा था जिसे टोल प्लाजा के पास बुंडू थाना के स्टाफ़ों और एएसआइ अभय कुमार ने 500 रूपए की मांग किया नहीं देने पर गाड़ी को काफ़ी देर तक रोकने से एक से डेढ़ टन मछली मर गयी। जिससे प्रेम कुमार गुप्ता को आर्थिक क्षति हुई इसी को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पास शिकायत दर्ज करायी है

# मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

## आपसी भाईचारगी और सौहार्द्रपूर्ण के साथ मुहर्रम त्योहार मनाने का लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



खलारी। खलारी थाना परिसर में सोमवार को मुहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता खलारी थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने किया। वहीं बैठक में मुख्य रूप से खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ट एवं खलारी डीएसपी राम नारायण चैधरी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुहर्रम त्योहार को आपसी भाईचारगी और सौहार्दपूर्ण के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही उपस्थित सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के सदस्यों के द्वारा खलारी बैंक चैक पर लगने वाले मुहर्रम मेला को लेकर जानकारी दी गई। वहीं क्षेत्र के अन्य मुहर्रम समितियों ने अपने-अपने कार्यक्रम की जानकारी दी। खलारी डीएसपी राम नारायण चैधरी ने बैठक में कहा कि मुहर्रम समितियों के लिए जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस अति आवश्यक है। वहीं जुलूस के दौरान लाउडस्पीकर का साउंड सीमित रखने, अफवाह पर ध्यान नहीं देने के अलावा उन्होंने कहा कि मुहर्रम त्योहार के दौराप किसी भी तरह की विवादास्पद बात हो तो तत्काल खलारी थाना प्रभारी को सुचित करें। उन्होंने कहा कि शोसल मीडिया पर किसी भी तरह की आपत्तिजनक मैसेज नही करे ऐसा करने वालों पर पुलिस कानूनी सख्त कार्रवाई करेगी। श्री चैधरी ने सभी से शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार बनाने का अपील किया। वहीं थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने मुहर्रम जुलूस और मेला में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने की बात कही। वहीं बैठक में उपस्थित लोगों ने अन्य कई मुद्दों को भी उठाया गया। जिसमें केडी मुख्य बाजार से चल रहे ओवरलोड फलाई ऐश ट्रांसपोर्टेशन के मुद्दे को भी उठाया गया। जिस पर खलारी सीओ प्रणव अम्बष्ट ने अपने संज्ञान में लिया और उचित कार्रवाई का शासन दिया।

वहीं क्षेत्र में नाबालिको द्वारा तेज स्पीड से बाइक चलाने पर कार्रवाई करने, जी टाइप के पास स्थित तीन मुहान पर राहगीरों की सुरक्षा को लेकर उचित व्यवस्था करने, क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी को रोकने सहित अन्य मुद्दों को रखा गया। बैठक में पुअनि देव कुमार दास, मुकेश कुमार, शंकर राम चैधारी, सहदेव महतो के अलावा अब्दुल्ला अंसारी, साबीर अंसारी, इस्माइल अंसारी, इस्लाम अंसारी, श्याम सुंदर सिंह, शत्रुंजय सिंह, इम्तियाज अंसारी, राजा खान, सलामत अंसारी, कृष्णा चैहान, मुखिया पारसनाथ उरांव, मलका मुंडा, दीपमाला कुमारी, मुन्ना देवी, नीरा देवी, खालिद अंसारी, विक्की सिंह, गौरी शंकर केसरी, राजा केशरी, अरशद अंसारी, अशरफ खान, प्रदीप कुमार ठाकुर, महफूज अंसारी सहित कई लोग मौजुद थे।

## खलारी पुलिस ने चोरी के दो फरार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता



खलारी। खलारी थाना पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने वालों में डकरा निवासी अरूण कुमार सिंह उर्फ स्पोर्ट तथा विकास गंझू उर्फ डिबु शामिल हैं। थाना प्रभारी पुनि विजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पूर्व के एक चोरी के मामले में फरार चल रहे थे। पूर्व में चोरी के एक मामले में इन लोगों ने एक हस्ताक्षर किया हुआ चेक भी चुरा लिया था। बैंक में चेक कैश कराने के दौरान इनके दो साथी पकड़े गए थे। इनके बारे में सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी कर दोनो को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ कई अन्य चोरी के आरोप है। मालूम हो कि हाल के दिनों में खलारी थानाक्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। छापेमारी में पुअनि रविकुमार सोनी, कपिलदेव यादव, मुकेश कुमार, देवकुमार दास व खलारी थाना के सषस्त्र बल शामिल थे।

## खूंटी के सभी प्रखंडों में 5 एमटी सोलर कोल्ड रूम निर्माण करने पर हुई चर्चा



खूंटी (आजाद सिपाही)। उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग तथा जेएसएलपीएस के कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से खूंटी जिला के प्रत्येक प्रखंड में एक 5 एमटी सोलर कोल्ड रूम निर्माण कराए जाने पर चर्चा की गई। वहीं कर्रा प्रखंड के अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सहकारिता विभाग को केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी योजना- वर्ल्ड लार्जेस्ट ग्रेन स्टोरेज योजना के तहत 50 डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने एवं योजना को कार्यान्वित कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही अड़की-तमाड़ मार्ग पर सहकारिता विभाग को केंद्र सरकार के योजना के तहत पेट्रोल/डीजल डीलरशिप लैम्प्स के माध्यम से संचालित करने के लिए जमीन चिन्हित कर योजना को कार्यान्वित करने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा करते हुए पीवीटीजी वन धन विकास केंद्र तेलंगाडीह में प्रशिक्षण पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही द्वितीय चरण में स्वीकृत सात वन धन विकास केंद्र में अविलंब आजीविका गतिविधि शुरू करने का निर्देश दिया गया। गरिमा कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय गरिमा सम्मेलन का आयोजन 28 जुलाई को बिरसा महाविद्यालय के सभागार में कराने को लेकर भी उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पिपरवार के बिलारी चौक में हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी चौक के समीप बीती रात दो मोटरसाईकिल के बीच हुई जोरदार टक्कर में दो युवक घायल हो गया। सड़क दुर्घटना में घायल युवक की पहचान पिपरवार थाना क्षेत्र के कुसुम टोला निवासी 18 वर्षीय मनीष उरांव एवं कल्याणपुर निवासी 16 वर्षीय सुबोध मिंज के रूप में की गई है। घायल मनीष उरांव की मां पिपरवार परियोजना में महिला सीसीएल कर्मचारी के पद पर कार्यरत है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात मनीष और सुबोध मोटरसाईकिल संख्या जेएच 01बीके-2395 से जा रहा था,इसी बीच बिलारी चौक के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाईक से टक्कर हो गई। घटना के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणो के द्वारा दोनों घायलो को पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मनीष उरांव को रांची रेफर कर दिया गया है। इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फोटो1..सड़क दुर्घटना में घायल दोनों युवक।

# पिपरवार के बिलारी में ग्रामीणों ने बंद कराया फ्लाई ऐश ढुलाई का काम

आजाद सिपाही संवाददाता



पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी के ग्रामीणों ने सोमवार की शाम एनटीपीसी टंडवा से हो रहे फलाई ऐस छाय एवं राख की ढुलाई के काम को बंद करा दिया। छाय एवं राख के ढुलाई कार्य को बंद कराए जाने के बाद उक्त मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार देखी जा रही है। इस संबंध में गांव के ग्रामीणों ने बताया कि टंडवा एनटीपीसी से बड़े-बड़े वाहनों में फ्लाई ऐस छाय राख की ढुलाई पिपरवार के बिलारी मुख्य मार्ग से हो रही है, जिसके कारण प्रदूषण से स्थानीय ग्रामीण काफी परेशान है। छाय और राख की ढुलाई के दौरान वाहनो से सड़को पर धुल गर्द जमा हो रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों के अलावा राहगीरों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गिर रहे धूल गर्द से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण ग्रामीणों के घरों तक प्रवेश कर रहा है, वही खेती बारी पर भी धुल गर्द जमा होने से परेशानी हो रही है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। वही घनी आबादी वाले क्षेत्र से छाय और राखी ढुलाई कर रहे हैं वाहनों की रफ्तार काफी तेज गति से हो रही है इसके कारण घटना की भी आशंका बनी रहती है। ग्रामीणो ने कहा कि पहले कोयला ढुलाई और अब फ्लाई एस की धुलाई होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इससे आक्रोशित बिलारी गांव के ग्रामीणों ने छाय राख ढुलाई के काम को बंद कर दिया है। इसके अलावा दिन में मनमानी तरीके से हो रही कोयला ढुलाई के काम को भी ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी कीमत पर घनी आबादी वाले क्षेत्र से इस तरह की ढुलाई काम को बर्दाशत नहीं किया जायेगा।इसके लिए अलग सड़क से ढुलाई कराया जाये।

## आरवीएम केंद्रीय उपाध्यक्ष ने सीसीएल इएंडटी जीएम से मुलाकात कर दी बधाई



पिपरवार (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने सोमवार को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची में सीसीएल के नये जीएम ईएंडटी एसके सिंह से औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने फूलों का गुलदस्ता देकर जीएम एसके सिंह का स्वागत किया। साथ ही एसके सिंह को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में जीएम ईएंडटी बनाये जाने पर उन्हें बधाई दी। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने कई बातों पर विस्तार से विचार विमर्श किया। इस मौके पर मोर्चा के अन्य लोग भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि जीएम एसके सिंह इससे पूर्व पिपरवार और मगध आम्रपाली एरिया मे स्टॉफ ऑफिसर ईएंडटी के पद पर कार्य कर चुके है,साथ ही सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी मे परियोजना पदाधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुके है,जिसके बाद उन्हें सीसीएल मुख्यालय मे जीएम ईएंडटी बनाया गया है।

# मैं जनता का बन कर काम करूंगा : कालीचरण मुंडा

**तमाड़ विधानसभा स्तरीय आभार सह अभिनंदन समारोह आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता



तमाड़। खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने तमाड़ विधानसभा स्तरीय आभार सह अभिनन्दन समारोह रायडीह मोड़ कार्यालय परिसर में आयोजित किया। इस दौरान उनके साथ तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा भी उपस्थित थे। इस दौरान कमिटी के लोगों ने सांसद और विधायक को फुल मालाओं से लाद दिया और लोगो ने पारंपरिक ढ़ंग से स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि मुझे जनता ने चुना है, मैं जनता का बनकर काम करूंगा। उन्होंने कहा कि हम सब एकजुट होकर जल-जंगल-जमीन की रक्षा करने के साथ उसके संवर्द्धन के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में तमाड़ विधानसभा की जनता ने प्रचंड बहुमत से बढ़त दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस विशाल जनमत का वे सम्मान करते हैं और जनता की उम्मीदों में खरा उतरने की बात उन्होंने कही। धन्यवाद ज्ञापन सत्येंद्र नाथ शाहदेव ने किया। मौके पर ललित कृष्ण मुंडा, मनोहर महतो, बसंत सेठ, हलधर महतो, ऋषिकेश महतो, मनोज मंडल, अजय साहू, हरीशचंद्र मुंडा, दुर्गा उरांव, प्रताप मुंडा, तीव्रनाथ सिंह मुंडा, शाहदेव मुंडा, निरंजन मुंडा, मुरली सेठ, रोशन कामती, खगेश महतो, लालू महतो आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेड़-पौधे ही जीवन के आधार हैं : रघुनाथ महतो

खूंटी (आजाद सिपाही)। एक वृक्ष विद्यालय के नाम कार्यक्रम के तहत सोमवार को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खूंटी के परिसर में बाल संसद एवं स्कूल के शिक्षकों ने वृक्षारोपण किया गया। मौके पर एक सौ से अधिक औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक रघुनाथ महतो ने छात्रों को वृक्षों के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि पेड़ पौधे ही जीवन का आधार है। मनुष्य का जीवन प्रकृति पर ही निर्भर है। उन्होंने कहा कि मनुष्यों ने प्रकृति से काफी खिलवाड़ किया है, जिसका खमियाजा मनुष्यों को ही उठाना पड़ रहा है। प्राचार्य ने छात्रों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति सदैव जागरूक रहने की अपील की। एक वृक्ष विद्यालय के नाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई गई।इस अवसर पर आभा भेंगरा, हर्षित डुंगडुंग, संध्या कुजूर, सुधांशु कुमार दत्ता, जवाहर लाल, उषा रानी मिंज समेत एसएमसीसी मेंबर, बाल संसद के सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।फोटो

## नगर पंचायत के दैनिक-संविदा कर्मियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर पंचायत के दैनिक और संविदा कर्मियों ने रविवार को तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा को ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने कहा है कि वे 10 वर्षों से भी अधिक समय से कार्यरत हैं। इसके बावजूद नगर विकास और आवास विभाग की ओर से नगर निकायों में नये कर्मियों की बहाली की जा रही है। इस कारण नगर पंचायत कर्मियों के बेरोजगार होने की आशंका बन गयी है। लंबे समय तक कार्य करने के कारण अब उनके सामने नयी बहाली में हिस्सा लेने के लिए उम्र नहीं रह गयी है। उन्होंने विधायक से नगर पंचायत के दैनिक कर्मी और संविदा कर्मियों को नियमित करने की मांग की है। मौके पर संदीप शर्मा, राहुल लाहेरी, सिद्धार्थ बिद, प्रदीप दास, पल्लव नायक, संतोष पाठक सहित सभी सफाई मित्र मौजूद थे।

# पूर्व मंत्री राजा पीटर ने हाड़ामलोहर और बाबूरामडीह में दशकर्म भोज में शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता



तमाड़। हाड़ामलोहर और बाबूरामडीह, पूर्व मंत्री राजा पीटर ने हाड़ामलोहर और बाबूरामडीह में आयोजित दशकर्म भोज में भाग लिया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से बातचीत की और उनके दुःख में सहभागी बने। राजा पीटर ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम सभी को एकजुट होकर एक-दूसरे का साथ रहे। इसके बाद राजा पीटर सारजमडीह पहुंचे, जहां उन्होंने मदन साहू की सुपुत्री की शादी में शिरकत की। उन्होंने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राजा पीटर ने इसके पश्चात तमाड़ में अनिकेत गुप्ता के भैया की शादी में भाग लिया। यहाँ भी उन्होंने परिवार और अन्य मेहमानों से मुलाकात की और विवाह समारोह का आनंद लिया। मौके पर साथ सत्यनारायण सिंह मुंडा, नीतीश पांडे, हलदर महतो, उपेन महतो, बुद्धेश्वर दास, रणधीर रविदास, मदन गुप्ता, अजय गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, संजय गुप्ता, दीपक पुराण, भागीरथ महतो, चंदन गुप्ता, दीपक सहदेव, अमित गांगुली, रिकी गांगुली, विजय गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे ।

## बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का करें प्रयास

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (बालिका) खूंटी में सोमवार को प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम 2024 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी, प्रखंड प्रमुख छोटराय मुंडा, जिला परिषद सदस्य सुशील सांगा , गुलशन मुंडा सहित अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर बताया गया कि 21 दिवसीय इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों को विद्यालय से जोड़ने एवं विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन तथा ठहराव सुनिश्चित करने का कार्य किया जाएगा। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, एसएमसी के सदस्य सभी मुखिया बच्चों को विद्यालय से जोड़ने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए राज्य से निर्देशित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम में शामिल लोगों ने सामूहिक रूप से शपथ भी लिया। मौके पर नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले नव साक्षरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही एफएलएन कार्यक्रम के तहत बच्चों को एफएलएन किट भी प्रदान किया गया। मंच संचालन सिविल सोनाली बोदरा एवं अजीत मिश्रा में संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार, पंचायतों के मुखिया गण, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार राम, अनीता लकड़ा, रियाज आलम सहित अन्य संबंधित लोग शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रेषित किया गया।

## भगवान जगन्नाथ की घुरती यात्रा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

बुंडू (आजाद सिपाही)। भगवान जगन्नाथ की घुरती यात्रा सोमवार को बुंडू में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। भगवान जगन्नाथ अपने मौसी के घर में 9 दिन रहने के बाद अपने आवास लौटे बुंडू के मौसी बड़ी में तीन दिन हरि नाम संकीर्तन किया गया। जिसका समापन सोमवार को रथ यात्रा के साथ मौसी बाड़ी से शुरू होकर नवरात्रि मंदिर तक रहे बुंडू में भगवान जगन्नाथ की यात्रा मौसी बाड़ी मंदिर से शुरूआत होकर चौक बाजार, सुभाष चौक होते हुए नवरात्रि मंदिर पहुंचे इस रथ यात्रा में भक्तों का उल्लास देखने लायक था। मौसी बाड़ी मंदिर समिति की ओर से भक्तों के लिए खिचड़ी भोग का वितरण किया गया मौके पर गणेश कुम्हार सूरज भगत पिंटू मोदक शत्रुघ्न महतो राम महतो लक्ष्मण महतो मदन महतो रोशन महतो जगतपति पाठक शिवनाथ तिवारी गोपाल नायक आदि उपस्थित थे।

## पुतली मांझी चुनी गयी आंगनवाड़ी सहायिका

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र पाटपुर में सोमबार को आम सभा आयोजन कर आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर पुतली मांझी का चयन किया गया। बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कीकू महतो ने बताया कि आमसभा में कुल आठ उम्मीदवार आवेदन दिया था। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका जया पाण्डेय, मुखिया, उपमुखिया, वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

# सविता महतो ने बाउंड्रीवाल, तालाब सहित लगभग 18 लाख की कल्याणकारी योजनाओं का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




ईचागढ़। विधानसभा के विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुकडु प्रखंड के चोकेगाडिया व कूदा में दो तालाब एवम शहीद निर्मल महतो उच्च विद्यालय कुकडु में बने चहारदीवारी का उद्घाटन नारियल फोड कर किया। विधायक सविता महतो ने कहा कि स्कूल के चहारदीवारी टूट गया था जिसकी मरम्मती की मांग को लेकर कई बार विद्यालय परिवार ने उन्हें निवेदन किया था। चुकी स्कूल में छोटे छोटे बच्चे भी रहते ही जिसकी सुरक्षा की दृष्टि से भी चारदीवारी जरूरी थी। चारदीवारी बन जाने से स्कूल परिवार ने उनका आभार जताया। वही उन्होंने आगे बताया कि भूमि जल स्तर काफी नीचे चला गया है जिसके मद्देनजर चोकेगाडिया व कूदा में तालाब का निर्माण विधायक निधि से कराया गया जिससे क्षेत्र के किसानों को खेती की पटावन, स्नान एवम अपने मवेशियों को पानी पिलाने के साथ साथ सब्जी की खेती करने में सहूलियत होगी। वही उन्होंने आगे बताई की उनका कार्यकाल पूरा होने जा रहा है बचे समय मे वे ईचागढ़ वासियों के लिए कई अधूरे कार्यो की पूरा करने में हरसंभव प्रयासरत है। जनता ने उनके पति स्व सुधीर महतो को विधायक बनाया, डिप्टी सीएम बनाया इतना ही नही उन्हें भी विधायक बनाकर अपना प्यार दिया है जिसके लिए वे हमेशा इनका आभारी रहने की बात कही। वही उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक व पारिवारिक दायित्व का निर्वहन हुए वे 24 घंटे जनता के सेवा में में तात्पर्य रहेंगी।

## पिपरवार राजधर साइडिंग रेल लाइन पर दो लाख के तांबा तार की हुई चोरी



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन पर राजधर साइडिंग जाने वाले रेलवे ट्रैक पर तीन सौ मीटर तांबा तार की चोरी कर लिया गया है।चोरी गए तार की कीमत दो लाख रुपए बताई जा रही है।घटना रविवार की रात्रि 12 से एक बजे की बतायी जा रही है।दामोदर नदी पुल से पहले रेल लाइन पर पोल संख्या एमपी 8/10 एव 8/12 के बीच ऊपर नीचे का तांबे की तार चोरी की घटना हुई है।यह पूरा क्षेत्र जंगलों से घिरा हुआ है। जिसके कारण चोर आसानी से चोरी की घटना को अंजाम दे पाते हैं। घटना के बाद से रात भर इस रेल लाइन से कोयला ढुलाई बन्द रहा।घटना को लेकर राजधर साइडिंग के सुरक्षा इंचार्ज रामजतन गंझू ने चोरी की घटनास्थल का निरीक्षण किया।वही सुबह आठ बजे रेलवे के द्वारा इसकी मरम्मत किया गया और तार जोड़ा गया।

## इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब सरस्वती विद्या मंदिर गेतलसूद ने जीता



विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देते भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार।

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। ज्ञान सरोवर पब्लिक स्कूल आगरटोली द्वारा आयोजित इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब सरस्वती विद्या मंदिर गेतलसूद ने जीत लिया। सोमवार को डैम साइड मैदान में खेले गये खिताबी मुकाबले में गेतलसूद ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईद की टीम को हराया। मैन आफ मैच विजय बेदिया व सिरिज रितिक महतो रहे। जूनियर वर्ग में ज्ञान सरोवर पब्लिक स्कूल ने स्टूडेंट क्लब गुरू को हराया। मैन आफ मैच अंकित महतो और सिरिज अंशु महतो रहे। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, भाजपा नेता रामसाय मुंडा, व सरस्वती विद्या मंदिर गेतलसूद के प्रिंसिपल सेवाराम महतो ने किया। सफल टीमों को नकद व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि स्कूली स्तर पर फुटबाल टूर्नामेंट को बढ़ावा देने की जरूरत है। इस मौके पर संजय नायक, धनकिशोर महतो, सूरज कुमार मुंडा, पंकज कुमार पटेल, हरातू मुखिया राजेंद्र बेदिया, अनिल भोगता, अखिलेश कुमार, चंद्रदीप उरांव, सुनील गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड मुख्यालय सभागार में स्कूल रुआर 2024 बैक टू स्कूल कैंपेन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता बीईईओ शांति मुनी तिर्की ने किया। वहीं बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, विशिष्ट अतिथि के रुप में सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव, दोलैचा पंचायत की मुखिया मालती रानी केरकेट्टा, दानेकेरा पंचायत के मुखिया धुचला मुंड आदि उपस्थित थे।

## वकील के बंद घर में चोरी, नकद समेत लाखों के जेवरात ले गये चोर

रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब स्थित शिवाला कॉलोनी निवासी वकील अखिलेश कुमार मिश्रा के बंद घर को निशाना बनाते हुये चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। श्री मिश्रा अपने घर मे ताला लगाकर रांची स्थित अपना दूसरे घर गये थे। चोरो ने बंद घर देखकर दरवाजे में लगें ताले को तोड़कर घर के अंदर घुसे और अलीमरा तोड़कर उसमे रखा डेढ़ लाख नकद के अलावा सोने का चेन, कान का झुमका, नाक का सोने का कील व अन्य घरेलू सामान लेकर फरार हो गये। भुक्तभोगी अखिलेश को चोरी की सूचना तब हुई, जब सोमवार की सुबह वह अपने घर लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ पाया। घर के अंदर जाने पर देखा की गोदरेज का लॉक टूटा हुआ है और उसमें रखा डेढ़ लाख रुपया गायब है। सामान भी बिखरा पड़ा था। मामले को लेकर भुक्तभोगी अखिलेश कुमार ने रातू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन देकर चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## जिप सदस्य सह भाजपा नेता की माता का निधन, शोक



नामकुम (आजाद सिपाही)। जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा की माता पेते केरकेट्टा का निधन सोमवार सुबह उनके खिजरी स्थित पुराने आवास में हो गया। वह 88 वर्ष की थी। इससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। निधन की खबर के बाद क्षेत्र में तमाम प्रतिनिधि मंडल ने उनके आवास पर पहुंचकर गहरी संवेदना प्रकट की। संवेदना प्रकट करने वालों में रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, भाजपा नेता रितेश उरांव, लालखटंगा मुखिया पुष्पा तिर्की, कुटियातू मुखिया निशा उरांव, खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप, समीर राय, प्रभुदयाल बड़ाईक, शंकर सिंह मुंडा, विजेंद्र राय, अशोक नायक, प्रभाष झा, अखिलेश, विकास सिंह सहित कई शामिल थे।

## अंतिम संस्कार में शामिल हुए शिव टहलनायक



कांके (आजाद सिपाही)। बुकरू चौक में बाइक राइडर गैंग के चपेट में आने से रविवार को 15 वर्षीय पवन मुंडा पिता-संतोष मुंडा का मौके पर ही मौत हो गयी थी और 18 वर्षीय सगा भाई गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज हॉस्पिटल में चल रहा है। सोमवार को मृतक की अंत्येष्टि में सैकड़ों संख्या में लोग शामिल हुए। कांग्रेस नेता शिवटहल नायक ने परिजनों से मिल कर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही जिला प्रशासन से इलाजरत युवक का इलाज के लिये सहयोग करने हेतू बात कर मदद दिलाने का आश्वासन दिया। अंतिम संस्कार में परिजनों ग्रामीणों सहित शिवटहल नायक, जोगिंदर उरांव, संदीप मुंडा अब्दुल सलाम समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# राज्य सरकार विकास के प्रति कृतसंकल्पित है : शिल्पी नेहा

**विधायक ने किया तीन योजनाओं का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को 15 वें वित्त आयोग निधि योजना से लोहरदगा रोड में बनने वाले नाली निर्माण कार्य और जिला कल्याण मद से बनने वाली प्रखंड के दिघिया गांव में ईसाई कब्रिस्तान के सुंदरीकरण कदोजोरा और महरु गांव में मुस्लिम कब्रिस्तान के घेराबंदी का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार विकास के प्रति कृतसंकल्प है। जहां हर वर्ग का ख्याल रखकर विकास कार्य करवायें जा रहें हैं। मांडर विधानसभा के प्रत्येक गांव में बिना भेदभाव विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। प्रखंड कार्यालय के सड़क में नाली का पानी सड़क पर बहता था। लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नाली का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाली बनने से यहां के ग्रामीणों और आवागमन करने वाले सभी लोगों को अब राहत मिलेगी। वहीं कब्रिस्तान के चारों ओर चहारदीवारी के निर्माण हो जाने से लोग कब्रिस्तान में गंदगी व अन्य गलत कार्य नहीं कर पायेंगे कब्रिस्तान में पशुओं के अन्यत्र विचरण व अन्य गंदे कामों से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा मांडर विधानसभा में विकास कार्यों में तेजी लाते हुए लगातार योजनाओं का शिलान्यास कार्य किया जा रहा है। मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोददसिर हक, परवेज आलम, करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, फहीमूल हक, लिबन खेस, सुनील विक्टर मिंज, मो शमशाद इलियास खेस, असलेम एक्का, आफताब खान, कोरेश मिरदाहा, आरिफ मिरदाहा, सरवन खान, मुखिया प्रबला केरकेट्टा, अनिता बाड़ा, बुधराम बाड़ा रशीद मीर, जफर मीर, लीला मुंडा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



बेड़ो के कादोजोरा में मुस्लिम कब्रिस्तान के घेराबंदी का शिलान्यास में उपस्थित विधायक और ग्रामीण।

# प्रखंड स्तरीय स्कूल चलो अभियान कार्यशाला का अयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड सभागार में शिक्षा विभाग के बैनर तले बनी सोमवार को प्रखंड स्तरीय 'स्कूल रुआर 2024' (स्कूल चलो अभियान) कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन में किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य पूनम देवी, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप, नगड़ी प्रखंड शिक्षा समिति की अध्यक्षा -सह- उप प्रमुख अफसाना प्रवीण पसस नगड़ी शीला देवी सहित कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य पूनम देवी ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है, शिक्षक शिक्षिकाओं बच्चों को किताबों के शिक्षा के साथ जीवन में इसका महत्व के बारे में बतायें। विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक सुधार लाने की जरूरत है, जिसे आप शिक्षक और शिक्षिकाएं इस पर विशेष ध्यान दें। विशेष सम्मानित अतिथि प्रखंड शिक्षा समिति की अध्यक्षा -सह- उप प्रमुख अफसाना प्रवीण ने सरकारी विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन और ठहराव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बच्चों को खेल कुद, मनोरंजन सहित बच्चा बन कर उनसे मिलजुल बढ़ाए और शिक्षा के बारे में बताएं

मौके पर मध्य विद्यालय बालालोंग की प्रधानाध्यापक आबिदा हसन द्वारा प्रोजेक्ट ईमपैक्ट के विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी।

इसे पुर्व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अरविंद कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की महत्ता के बारे में प्रकाश डाला। साथ ही साथ अभियान गीत के साथ सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं, सीआरपी, बीआरपी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए शपथ दिलायी। कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन शोभा तिर्की के द्वारा किया गया। मौके पर नगड़ी प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी और शिक्षा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।




प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्य शाला में उपस्थित जनप्रतिनिधि और शिक्षिक-शिक्षिका।

# ग्रामीण रैयतों के विरोध चलते पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम किया गया स्थगित

**इस सड़क को अलग-अलग क्षेत्रों में किया जायेगा शिफ्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत प्रखंड के हेसल पंचायत में हेसल नयाटोली से जमुवारी तक करीब 7 करोड़ की लागत से बनने वाले साढ़े तीन किमी लंबी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप के द्वारा किया जाना था। शिलान्यास के लिए सारी तैयारियां पुरी कर ली गई थी। परंतु इसी बीच गांव के कुछ रैयतों नें यह कहते हुए शिलान्यास कार्यक्रम का विरोध कर दिया। कि जिस स्थान से सड़क का निर्माण किया जाना है उसमें अधिकांश जमीन रैयतों की पड़ती है। वहीं ग्रामीणों नें यह भी आरोप लगाया कि जहां सड़क का निर्माण किया जाना था, वहां इसकी कोई उपयोगिता नहीं है।

यह क्षेत्र आबादी शुन्य है। ऐसे में यहां सड़क बनाने का कोई औचित्य नहीं हैं।

कनीय अभियंता नें बिना सर्वे किये तथा ग्रामीणों से जानकारी लिए वगैर आंख मुंद कर सड़क निर्माण का डीपीआर तैयार कर प्राकल्लन तैयार किया है। ग्रामीणों का यह भी आरोप लगाया है कि जहां सड़क निर्माण किया जाना था। इसके दोनों ओर कई आईपीएस और आइपीएस अधिकारियों नें जमीन की खरीद की है। संभवतः उन्हीं के इशारे पर इस सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए शिलान्यास कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। बाद में खिजरी विधायक राजेश कच्छप नें सोमवार को हेसल पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की। बैठक में ग्रामीणों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी, प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया कविता देवी, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा, ग्रामप्रधान रामनाथ करमाली, पंसस शीला देवी सहित आपतिकर्ता रैयत भी मौजूद थे। मौके पर विधायक ने कनीय अभियंता विकास पांडेय को इस स्वीकृत सड़क को स्थानांतरित कर पंचायत क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर आवश्यकता अनुसार शिफ्ट करने के लिए सर्वे करने का निर्देश दिया। उन्होंनें कनीय अभियंता को दुबारा ऐसी गलती नहीं करने की नसीहत भी दी। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी नें आरोप लगाया कि अधिकारियों की बदनीयति के कारण ऐसी उपयोगीहीन स्थान पर सड़क बनाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। मौके पर ग्रामीणों सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।



# एसएस प्लस टू स्कूल बेड़ो के विद्यार्थियों ने प्रखंड कार्यालय में किया प्रदर्शन

**ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर शिक्षा और व्यवस्था देने के नाम पर शिक्षा विभाग लाखों रुपये खर्च कर रहा है, फिर भी स्कूल में पेयजल, शौचालय भवन बेंच डेस्क का अभाव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सोमवार को विद्यालय में पेयजल, शौचालय, बिजली, बैठने के लिए भवन व बेंच सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए स्कूल परिसर से मंदिर रोड व लोहरदगा रोड होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। जहां छात्र-छात्राओं ने कहा कि विद्यालय नौंवी, दसवीं व ग्यारहवीं में करीब पच्चीस सौ से भी अधिक छात्र हैं। जिन्हें पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है।शौचालय कम रहने के कारण छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं जो शौचालय है उसकी साफ सफाई नहीं होती है। भवन और बेंच डेस्क की कमी के कारण छात्रों को जमीन पर बैठना पड़ता है। वहीं भवन में बिजली व पंखों की कमी के कारण छात्र बेहोश हो जाते हैं। हमारे विद्यालय में मूलभूत संसाधनों का घोर अभाव होने के कारण हमलोगों को विवश होकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। छात्रों ने मूलभूत सुविधाओं को यथाशीघ्र उपलब्ध कराए जाने की मांग प्रखंड प्रशासन किया है। वहीं इसकी जानकारी मिलने पर अंचलाधिकारी प्रताप मिंज प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर विद्यार्थियों को समझाते हुए स्कूल में यथाशीघ्र पेयजल, शौचालय, बेंच डेस्क व स्कूल भवन की कमी को पूरा कराने में हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने उन्हें बताया कि क्षमता से अधिक नामांकन होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। मैंने इस स्थिति से जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची को अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार की सुबह मैं स्वयं स्कूल जाकर विद्यार्थियों की समस्याओं की स्थिति का जायजा लूंगा। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ वार्ता करूंगा। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया और पुनः विद्यालय लौट गये। वहीं इस संदर्भ में एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो की प्रधानाध्यापिका हेनरिता मिंज ने कहा कि अत्यधिक नामांकन व कमरों के अभाव के कारण विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने इसकी सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची को दिया था। वहीं विभागीय निर्देशानुसार स्कूल में नामांकन में जारी है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए शौचालय की व्यवस्था करने पर जोर दिया है। इधर स्कूल की छत्राओं ने बताया कि वे काफी दिनों से वे फर्श पर बैठ कर पढ़ाई कर रही हैं। हमारे अभिभावक भी इस बात से नाराज हैं कि उनका बच्चा फर्श पर बैठने को मजबूर है। वहीं शिक्षक भी महसूस करते हैं कि वर्षा के दिनों में बच्चों को जमीन पर बैठने में परेशानी होती है। स्कूल में संसाधन का घोर अभाव है। लेकिन इसे देखने वाला ना तो संबंधित अधिकारी हैं और ना ही जनप्रतिनिधि। बच्चे फर्श पर बैठने को विवश हैं। जबकि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार लाखों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन बच्चों तक इसका लाभ नहीं पहुंच पा रहा। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल संसाधन, भवन, पेयजल और शौचालय की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना बेमानी लगती है। वहीं सरकार की ओर से सरकारी स्कूलों में बच्चों का दाखिला बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही स्कूलों में उन्हें बैठाने और पढ़ाई की समुचित व्यवस्था नहीं है। बच्चों की संख्या के अनुपात में क्लास रूम भी नहीं हैं और न ही बैठने के लिए बेंच डेस्क हैं। सरकारी विद्यालयों में दिन प्रतिदिन शिक्षा की स्थिति बदहाल होती जा रही है। सरकार द्वारा शिक्षा में लाखों रुपये खर्च किये जाते हैं। इसके बावजूद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। इधर अभिभावकों ने इसके लिए सरकार और प्रशासनिक तंत्र को पूरी तरह से जिम्मेवार ठहराया है।



बेड़ो प्रखंड कार्यालय के समीप विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

## चूल्हा प्रमुख ही आजसू पार्टी की रीढ़ है : पारसनाथ



नामकुम (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सोदाग पंचायत में सोमवार को आजसू पार्टी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पंचायत प्रभारी अचलराय तिर्की ने की। जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव शामिल हुए। उन्होंने सभी ग्राम प्रभारियों को जल्द से जल्द चूल्हा प्रमुख बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि चूल्हा प्रमुख ही आजसू पार्टी की रीढ़ है। कहा कि राज्य में बढ़ रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य के हर जिले में आजसू पार्टी हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से आगामी विधानसभा चुनाव में बालू व कोयला चोर वाली सरकार को उखाड़ फेकने का काम करेगी। इसके लिए खिजरी विधानसभा के हर गांव स्तर पर चूल्हा प्रमुख तैयार करना है। बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला सचिव कुदरत शेख, पूर्व मुखिया गणेश तिर्की, ग्राम प्रभारी सुनील बाखला, शिवजी खोया, अलबर्ट खोया, रवि तिर्की, सुंदर स्वांसी, बंधन खोया, सुनील बारला, अशोक आदि उपस्थित थे।

## डीटीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान, 14 वाहनों से 1.29 लाख जुर्माना वसूला गया



रातू (आजाद सिपाही)। जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने सोमवार को बूटी मोड़ रांची के पर्यवेक्षण क्षेत्र में बसों के अवैध पार्किंग और कागजातों यथा टैक्स, फिटनेश, इंश्यारेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट, ड्राईविंग लाईसेंस आदि की जांच की। इसके अलावा जिन बसो का ठहराव बूटी मोड में नहीं रहने के बावजूद अनाधिकृत रूप से बसों का ठहराव कर यात्रियों का बैठाते थे। उन बसों का निर्गत परमिट के शर्तो का उल्लंघन करने और कागजात पूर्ण नहीं रहने के कारण उन्हें भी जुर्माना लगाया गया है। दर्जनो वाहनो की कागजातों की जांच की गयी। जिसमें 14 वाहनों से करीब 1.29 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

## पीरामल फाउंडेशन की पहल पर महीनों से खराब पड़ी जलमीनार को किया गया चालू




अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बोंगईबेड़ा पंचायत अंतर्गत बानपुर चिरयागढ़ा में लगाया गया जलमीनार विगत नौ महीने से खराब पड़ा था। जलमीनार खराब रहने की वजह से यहां के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। ऐसी हालत में ग्रामीण नदी नाला का प्रदूषित जल पीने पर विवश थे। ग्रामीणों की शिकायत है कि इस दौरान खराब पड़े जलमीनार को दुरुस्त करने के लिए कई बार पेयजल और स्वच्छता विभाग के अभियंता व संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया पर कोई सुनवाई नहीं हुई। बताया गया कि गांव के लगभग 30- 40 परिवार शुद्ध पेयजल के लिए इस जलमीनार पर निर्भर हैं। बाद में पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो मुगीश आलम को गांव में आयोजित समूह बैठकों के माध्यम से इस समस्या की जानकारी मिली। पेयजलापूर्ति शूरू होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने विशेष रूप से कनीय अभियंता प्रभात कुमार और गांधी फेलो मुगीस आलम के प्रति आभार व्यक्त किया।

## टुड़ाहोली मध्य विद्यालय में सीढ़ी से गमछा के सहारा झूलता मिला युवक का शव

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के टुंडाहोली मध्य विद्यालय के अंदर सीढ़ी के सहारे चापावार के रहने वाले 21 वर्षीय युवक का शव मिला। सोमवार सुबह स्कुल के खुलते ही बच्चों ने सीढ़ी के पास झूलते हुए युवक का शव देख भागने लगे कबच्चों ने स्कुल में शव होने की सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने स्कुल में सीढ़ी से झूलते युवक की शव होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस घटना स्थल से युवक का शव बरामद किया।शव का शिनाख्त कर परिजनों के कहने पर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। शव को लेकर ग्रामीण तरह तरह की अटकलें लगा रहे थे।

## युवा प्रीमियर फुटबॉल लीग का हुआ शुभारंभ



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। विरासत समिति जोन्हा के तत्वाधान में तथा टीआरआई संस्था के सहयोग से जराटोली मैदान में आयोजित 10 दिवसीय पंचायत स्तरीय युवा प्रिमियर (बालक- बालिका) लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को हुआ। उद्घाटन मैच में पेनाल्टी शूटआउट में जिदु के जादुगर ने जराटोली जवान को 1-0 से पराजित किया। इससे पहले मुख्य अतिथि जोन्हा मुखिया कृष्णा मुंडा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा टॉस कर उद्घाटन मैच शूरू कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को सामने लाने तथा जोन्हा पंचायत को एक आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता के सफल अयोजन में विरासत समिति के रिझुवा मुंडा, जगदीश मुंडा, द्वारिका मुंडा, बिरसा, हरदयाल, टीआरआई के पुष्कर, राजेश महतो, विरेंद्र मुंडा आदि का योगदान रहा। मौके पर फ्रेनचाईजी के कोऑनर महिला ग्राम संगठन जिदु,जराटोली सहित जोन्हा व डोकाद भीओ के अध्यक्ष सचिव और अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। थाना परिसर ओरमांझी में 17 जुलाई को मनाया जाने वाला मुहर्रम पर्व को लेकर पूर्व सांसद राम टहल चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी समुदाय के उपस्थित बुद्धिजीवियों ने पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने बैठक में आये हुए सभी मुहर्रम कमिटी को आवश्यक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए आश्वस्त किया। साथ ही कहा कि किसी भी प्रकार के आकस्मिक सहायता के लिए, बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी को संपर्क कर सकते हैं। बैठक में अध्यक्ष संग प्रमुख अनुपमा देवी, जिप पू सरिता देवी, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जय गोविंद साहु, मुंतजिर अहमद राजा, मुमताज अंसारी, खुद्दस अंसारी, सत्य नारायण तिवारी, राजेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## बिजली के करंट से एक महिला की मौत

मांडर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चटवल मोड़ में बिजली के करंट लगने से पैंतीस वर्षीय निशा देवी की मौत हो गयी। घटना सोमवार के दोपहर 3 बजे की है। दरवाजा में बिजली का करेंट आ गया था जिसके संपर्क में आने से निशा देवी की मौत हुई। इनका पति सोमनाथ साहु आसनसोल में रहते हैं। इनका दो बच्चा मनीष साहु जिनकी उम्र 12 वर्ष और अमर साहु उम्र 8 वर्ष है।

# दबंगई के जोर पर पीसीसी पथ में मिट्टीयुक्त बालू का हो रहा प्रयोग

## संवेदक ने कहा, सड़क बन जा रही है, यही काफी है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज /पलामू।** शहर के अररुआ मोड़ मेन रोड से तुरी चहका तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधूरे कार्य को संवेदक द्वारा दबंगई के ताल पर पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में मिट्टीयुक्त बालु का प्रयोग किया जा रहा है इससे पहले बता दें कि संवेदक द्वारा सड़क में अनियमितता बरतने और अधूरे कार्य को पूरा नहीं करने पर ग्रामीणों ने संवेदक का लाइसेंस ब्लैकलिस्टेड करने की मांग की थी। जिसके विरुद्ध में उप विकास आयुक्त पलामू शब्बीर अहमद ने सड़क कार्य का निरीक्षण किया और जल्द अधूरे कार्य पूरा कराने का जेइ को आदेश दिया। वहीं आनन-फानन में संवेदक द्वारा सोमवार को खड़े होकर मोती राज महिला इंटर कॉलेज के समक्ष मिट्टीयुक्त बालु और दो नंबर सिमेन्ट प्रयोग कर पीसीसी सड़क का कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान संवेदक कृष्णा सिंह से पूछे जाने पर दबंगई दिखाते हुए कहा कि सड़क बन जा रहा है वही काफी है।

# कोयल रिवरफ्रंट को बचाना सबों का कर्तव्य : अरुणा शंकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कल शाम कोयल रिवर फ्रंट जो कि शहर का धरोहर है। उसके के ग्रील को एक स्थानीय चिन्हित लड़के द्वारा तोड़े जाने की सूचना पाकर प्रथम महापौर अरुणा शंकर कोयल रिवर फ्रंट पहुंची और दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने तो कोशिश की शहर को सुंदर बनाने के साथ शहर को एक पहचान देने की लेकिन कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा बार-बार उसे तोड़ा जा रहा जो दुखद है। मेरे निगम में महापौर पद छोड़ें लगभग एक वर्ष से ज्यादा हो गया लेकिन आज भी मैं अपने निजी खर्च से इतनी भीषण गर्मी के बाद भी हर चौक चौराहा,कोयल रिवर फ्रंट, डिवाइडर,गांधी उद्यान में लगे पौधे में गाड़ी,ड्राइवर,माली रखकर पानी पटवाती हूं,लाइन मैन रख कर सभी जगह के लाइट को मरम्मत करवाती हूं, गांधी उद्यान की देखरेख करती हूं, अपना निजी मशीन खरीद करके फागिंग करवाती हूं ताकि शहर के लोगों को अपना शहर स्वच्छ एवं सुंदर शहर मिल सके लेकिन इस तरह असामाजिक तत्व शहर को तहस-नहस करेंगे तो यह खूबसूरती बहुत दिनों तक नहीं बनी रहेगी। प्रथम महापौर ने नगर आयुक्त से अनुरोध किया है कि कोयल रिवर फ्रंट के किनारे बसे युवाओं का एक कमेटी बनाया जाए जो इसका देखरेख कर सके। प्रथम महापौर ने कहा कि कोयल रिवर फ्रंट सिर्फ घूमने का ही स्थान नहीं बल्कि सैकड़ो लोगों को रोजगार दे रहा है।



### आधुनिक सब्जी मार्केट का निर्माण होगा प्रारंभ

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू सांसद वीडी राम को कचरवा डैम पार्क शिलान्यास के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह योजना मेरे कार्यकाल एवं निगम का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है जिसे भारत सरकार के अमृत योजना के तहत माननीय सांसद के प्रयास से स्वीकृत कराया गया। प्रथम महापौर ने कहा कि यह योजना टेंडर में विलंब होने के चलते काफी लेट हो गया। इस योजना के तहत पार्क, कैफेटेरिया, जिम, सेल्फी प्वाइंट, बच्चों का गेम्स जोन और वाटर गेम्स की व्यवस्था की गयी है।

# जेवीपी सुप्रीमो ने मुहर्रम कमेटी और कलाकारों को किया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/ पलामू।** झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रजनीश रंजन उर्फ विकाश दुबे ने सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के अल्पसंख्यक गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी मुहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों और ताजिया कलाकारों को सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने ताजिया सिप्पड़ निर्माण में आर्थिक सहयोग भी किया। इस क्रम में मुहर्रम इंतजामिया कमिटी ने भी विकाश दुबे का जोरदार स्वागत किया। विकाश दुबे ने कहा कि मुहर्रम बलिदान का पर्व है। मुहर्रम सत्य और न्याय के लिए अंतिम दम तक लड़ने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म का पर्व हो उसे आपसी भाईचारे के बीच मनाने की जरूरत है। मिलजुलकर मनाने से पर्व का महत्व बढ़ जाता है। मौके प्रो. फरीद खान, कॉलेज खान, अंजार खान, आलम अंसारी, तौफीक खलीफा, डब्लू चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# पार्टी के विचारों और समाज को आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिकता : राजू मेहता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने सोमवार को बसपा का दामन थाम लिया। उन्होंने दूरभाष पर मीडिया को बताया कि प्रदेश कार्यालय रांची में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता व प्रदेश प्रभारी गया चरण दिनकर एवं उप प्रभारी बाबू लाल चिरंगैन्या ने विधिवत पार्टी के सिम्बल अंगवस्त्र देकर पार्टी की सदस्यता दिलाया । साथ ही पार्टी नेताओं ने उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य से संगठन के कार्यो में मजबूती आने की बात कही। वही राजू मेहता ने कहा कि मेरे दिल व दिमाग बहुजनो के लिए धड़कता हैं। मेरा सपना रहा है कि दलित पिछड़ा समाज को आगे बढाने में अपना जीवन को समर्पित करूं । मेरा प्रयास रहेगा की मैं पार्टी के सिद्धांतों व विचारों को जन जन तक पंहुचना ही मेरा उद्देश्य हैं।

# शिशुपाल ने की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/ पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के जिंजरा गांव निवासी एक गरीब ब्राह्मण परिवार का जमीन तोलरा गांव के दबंग रामकृपाल तिवारी ने जबरन कब्जा कर लिया। दबंग तिवारी परिवार द्वारा दो दिन पूर्व शिशुपाल मिश्रा का लगभग दो एकड़ जमीन की जुताई कराते हुए फसल की बुआई करा दी गयी। इसकी जानकारी मिलते ही जमीन मालिक शिशूपाल मिश्रा दौड़े गांव पहुंचे। ग्रामीणों से मदद की गुहार लगायी। लेकिन कोई भी रामकृपाल तिवारी के डर से शिशुपाल का सहयोग नहीं किया। ऐसे में न्याय के लिए पीड़ित शिशुपाल भटक रहा है। घटना की जानकारी देते हुए शिशुपाल मिश्रा ने बताया कि बचपन से भी पूरा परिवार गढ़वा जिला स्थित रंका प्रखंड के एक गांव में रहते हैं। जिंजरा उनका पैतृक गांव रहा है। जहा उनका लगभग छः एकड़ पैतृक जमीन है। जिसपर तोलरा गांव निवासी राम कृपाल तिवारी, जिंजरा गांव के अशोक मिश्रा व भगवत दंत मिश्रा के द्वारा अवैध कब्जा कर फर्जी कागजात भी तैयार करा लिया गया। जिसकी शिकायत विश्रामपुर अंचल कार्यालय व मेदिनीनगर जिला अपर समाहर्ता से की गयी है। जिसे गंभीरता से लेते हुए जमीन की कागजात जांच कराते हुए सीमांकन कराया गया। साथ हीं जमीन शिशुपाल मिश्रा को सौंप दी गयी थी। लेकिन एक बार फिर से दबंगई दिखाते हुए रामकृपाल तिवारी ने जबरन ट्रैक्टर लगाकर खेत की जुतायी कराते हुए फसल बीज डाल कर अपने कब्जे में ले लिया।

# हेडमास्टर रिटायर, दी गयी विदाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/ पलामू।** बिश्रामपुर प्रखंड के भंडार उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर सिंह सेवानिवृत हो गये। सेवानिवृति के उपरांत सोमवार को उन्हे सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद अशोक पांडेय और संचालन मंत्री प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। अशोक पांडेय ने कहा कि नौकरी में पदस्थापना और सेवानिवृति एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। लेकिन शिक्षा कभी सेवानिवृत नही होते हैं। अब स्कूल के बजाए श्री सिंह को समाज में शिक्षा का अलख जगाना होगा। श्री पांडेय ने कामेश्वर सिंह के कार्यकाल की जमकर सराहना की। कामेश्वर सिंह ने कहा कि हमने इस स्कूल और बच्चों के लिए अपना शत प्रतिशत सेवा दिया है। स्थानीय लोगों, अभिभावकों, शिक्षकों और बच्चों ने जो सम्मान और स्नेह दिया है, उसे कभी भुलाया नही जा सकता। मौजूदा प्रधानाध्यापक भीम दुबे ने कहा कि स्कूल परिवार कमेश्वर सिंह के योगदान को हमेशा याद रखेगा। शिक्षकों द्वारा सेवानिवृत प्रधानाध्यापक कामेश्वर सिंह को अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीपीओ मनी पांडेय, बीआरपी मनोज पाठक, सीआरपी संजय दुबे, बसना उच्च विद्यालय के प्राचार्य श्वेता पांडेय सहित कई मौजूद थे।

# तारिक अजीज सीए की परीक्षा में सफल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांडू प्रखण्ड के कजरु कला निवासी आदम रसूल का पुत्र तारिक अजीज ने सीए ( चार्टेड अकाउंटेंट ) परीक्षा में सफल हो कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है, तारिक की प्रारंभिक शिक्षा कजरु कला के विद्यालय से हुई है, 6 क्लास तक की पढ़ाई कजरु कला से किये हैं, इसके बाद अपने परिवार के साथ वह दिल्ली चले गए, सात से मैट्रिक तक कि पढ़ाई दिल्ली के प्राइवेट स्कूल से किए, इसके बाद इंटर, बी कॉम एवं एम कॉम की पढ़ाई दिल्ली से किये, 2018 से चार्टेड अकाउंटेंट की तैयारी कर रहे थे, परीक्षा में दो बार असफलता भी हाँथ लगी इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, 11 जुलाई को रिजल्ट आने के बाद वह सीए की परीक्षा पास कर गए, रिजल्ट आने के बाद घर में काफी खुशी का माहौल है, मालूम हो कि तारिक अजीज के पिता आदम रसूल दिल्ली में स्पोर्ट कंपनी में एक अच्छे कारीगर के रूप में काम करते हैं, तारिक के परिवार के लोग दिल्ली में रहते हैं, छोटा भाई अनवर अजीज दिल्ली में आयुर्वेद कॉलेज से मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है, तारिक अजीज ने इस सफलता का श्रेय माता पिता के अलावे गुरुजन को दी है।

# अजाप्टा की बैठक में 5 अगस्त को आमरण अनशन मे शामिल होने का लिया गया निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय में सोमवार को अजाप्टा हुसैनाबाद इकाई की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने की जबकि संचालन सचिव निर्मल कुमार ने किया।

बैठक के दौरान गत 5 अगस्त को राज्य स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय आमरण अनशन' पर सहमति व्यक्त की गयी। विदित हो कि अजाप्टा शिक्षक हित में विभागीय रुटीन वर्क वांछनीय ग्रेडों में लंबित प्रोन्नति ,राज्य कर्मियों की तरह 10,20 व 30 वर्षों में मिलनेवाला 'एमएसीपी', छठे वेतन आयोग के वेतनविसंगति, स्वास्थ्य बीमा व परिवहन भत्ता को लेकर



ज्ञापन देकर विभागीय पदाधिकारियों को सदैव ध्यान आकृष्ट कराया गया है। साथ हीशिष्टाचार मुलाकात कर, प्रर्दशन कर साथ ही बीते नंवबर 22 को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वार्ता के बाद भी स्थिति यथावत है,फलतः बाध्य होकर राजभवन के समक्ष आमरण अनशन करने का फैसला लिया गया।

इसके आलोक में अजाप्टा हुसैनाबाद त्वरित बैठक की गयी और सैकड़ों की संख्या में हुसैनाबाद प्रखंड से कार्यक्रम में भाग लेने का निर्णय लिया। बैठक में डीडीओ हुसैनाबाद सुनील कुमार, पलामू प्रमंडल सोशल मीडिया प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता,जिला संयुक्त सचिव सुरेंद्र प्रसाद,वरीय शिक्षकों में अंगद प्रसाद, गिरिवर राम, जितेंद्र राम, धुरेंद्र पटेल, परमानंद प्रियदर्शी, दीप नारायण सिंह सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायतों का हक और अधिकार छीन रही है सरकार : विजय रविदास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि राज्य सरकार ग्राम पंचायतों का हक और अधिकार छीन रही है। हेमंत सरकार ने अपने कार्यकाल में ग्राम पंचायतों के विकास हेतु एक रुपया का भी मद जारी नही किया। मनरेगा और वित आयोग जैसी केंद्र प्रायोजित योजनाऐं से ही ग्राम पंचायतों में थोड़ा मोड़ा विकास हो पाया। श्री रविदास सोमवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने हेमंत सरकार के नीतियों पर जमकर हमला बोला। कहा कि राज्य सरकार ने जिला परिषद सदस्यों के अधिकारों के हनन हेतु कई विधेयक भी पारित किया। जिससे जिप सदस्यों का हक और अधिकार नगण्य हो गया। श्री रविदास ने कहा कि आने वाले विस चुनाव में पंचायत प्रतिनिधि इस सरकार विरोध करेंगे।

## स्पोर्ट्स



**रोहित शर्मा ने अब तक 59 टेस्ट मैचों में में 45.46 के एवरेज से 4137 रन बनाये हैं। रोहित ने टी20 इंटरनेशनल करियर के 159 मैचों में 4231 रन बनाये हैं।**

# रोहित की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी-टेस्ट चैंपियनशिप जीतेंगे : जय शाह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के साथ ही टी-20 से संन्यास की घोषणा कर चुके रोहित शर्मा ने टेस्ट और वनडे में खेलने को लेकर अपनी योजनाओं का खुलासा किया है। रोहित ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा, 'मुझे कम से कम कुछ समय के लिए खेलते हुए देंखगे।'

इससे पहले बीसीसीआइ सेक्रेटरी जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम को बधाई दी और वीडियो संदेश जारी की और कहा कि रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतेगी।



**रोहित की कप्तानी में भारत ने 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता :** भारत रोहित की कप्तानी में पिछले महीने के आखिरी में वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में साउथ अफ्रीका को 7 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। भारत ने 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप खिताब जीता। इससे पहले भारत ने 2007 में पहला टी-20 वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया था।

**वर्ल्ड कप के बाद से हैं रेहित ब्रेक पर हैं :** रोहित शर्मा टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से ब्रेक पर हैं। वह श्रीलंका में इस महीने के आखिर में होने वाली वनडे सीरीज से भी बाहर रह सकते हैं।

**रोहित अब तक हुए सभी टी-20 वर्ल्ड कप खेलने वाले इकलौते खिलाड़ी :** 2007 में टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले रोहित अब तक आयोजित हर टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने वाले एकमात्र भारतीय क्रिकेटर हैं। रोहित ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के 8 मैचों में 257 रन बनाए, जो भारतीय खिलाड़ी के लिहाज से सबसे ज्यादा रहे। रोहित शर्मा ने अब तक 59 टेस्ट मैचों में में 45.46 के एवरेज से 4137 रन बनाये हैं। इसके अलावा, हिटमैन 262 वनडे मैचों में 10709 रन 49.12 के एवरेज से बना चुके हैं। रोहित ने टी20 इंटरनेशनल करियर के 159 मैचों में 4231 रन बनाये हैं।

वहीं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपयनशिप का फाइनल लंदन के लॉर्ड्स ग्राउंड पर खेला जाना है। इसमें जून 2023 से जून 2025 के बीच आइसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले गए टेस्ट मैचों में टॉप दो स्थानों पर रहने वाली टीमें फाइनल में भिड़ेंगी। टीम इंडिया 68.51 पॉइंट के साथ टॉप पर बरकरार है।

# विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** माहेश्वरी धर्मशाला, गुमला में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महिला थाना प्रभारी अंकिता कुमारी , डॉ गणेश जिला यक्ष्मा पदाधिकारी , बीरेन डी.एम. जॉब एंड स्किल जेएसएलपीस, एवं विभिन्न कौशल प्रशिक्षण के प्रतिनिधि एवं युवक युवतियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।




महिला थाना प्रभारी अंकिता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी युवा आज के इस कार्यक्रम में जानकारी लेकर कौशल विकास से जुड़ कर अपना भविष्य बनाएं साथ ही अपने गाँव में बाल विवाह, मानव तस्करी न हो इसके लिए सभी को जागरूक करें। डॉ गणेश जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने उपस्थित युवक युवती से कहा कि आप अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें क्योंकि स्वस्थ रहिएगा तो ही स्किल योजना से जुड़कर अपना भविष्य संवार पाइएगा।

सी3 के कार्यक्रम पदाधिकारी बिनय कुमार बिश्वास ने कार्यक्रम की रुपरेखा के बारे में जानकारी दिया और बतलाया कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के लड़के एवं लडकियां जो पढ़ाई अधूरी छोड़ चुके है और रोजगार की तलाश में हैं, उन्हें कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ कर स्वयं को सक्षम बनाने की आवश्यकता है। इसलिए आज यह कार्यक्रम रखा गया है जिससे युवाओं को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण के नियम और रूपरेखा के विषय पर जानकारी मिल सके।

## बेरमो थाना के समीप चलाया गया वाहन जांच अभियान



फुसरो-बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो थाना के करीब फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग मे बोकारो ट्रेफिक डीएसपी के निदेर्शानुसार एंटी क्राइम टीम बेरमो के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बाइक के हेलमेट के अलावा कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस सहित अन्य कागजातों की जांच की गयी। इसमें चालको के द्वारा कागजात, हेलमेट सहित अन्य कागजात नहीं होने पर सख्त हिदायत देते हुए छोड़ दिया गया। बाइक चालकों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में बाइक के सारे दस्तावेजों को साथ रखें और हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाये। एसआई ननका उरांव ने कहा कि अपराध नियंत्रण की दिशा में वाहन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। लोग अपने वाहनों के कागजातों को दुरूस्त कर लें और अपने जीवन की सुरक्षा के लिए बाइक चालक हेलमेट जरूर पहनें। वहीं बिना कागजात वाले वाहन चालको में चेकिंग अभियान से अफरा-तफरी मचा रहा। मौके पर एसआई ननका उरांव, दिनेश बाउरी, बरूण पंडित सहित बेरमो थाना के जवान शामिल थे।

## मुहर्रम को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति बैठक संपन्न, दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

# चाक-चौबंद व्यवस्था, जिला और अनुमंडल में कंट्रोल रूम रहेगा सक्रियः उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




गिरिडीह। समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न अनुमंडलों से आए शांति समिति के लोगों ने भाग लिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों से शांति के साथ पर्व मनाने को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान शांति समिति के लोगों द्वारा साफ सफाई, पेयजल एवं बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर भी चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि जिले के जिन जगहों पर शांति समिति की बैठक नहीं हुई है, वहां के अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी शांति समिति की बैठक कर लें। वहीं सभी अनुमंडल पदाधिकारी को अपने क्षेत्र के सामाजिक समरसता को बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध धारा 107 के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिस मार्ग से मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा, अनुमंडल पदाधिकारी और थाना प्रभारी उस पथ का भौतिक निरीक्षण और सत्यापन कर लें। विधि व्यवस्था के संधारण हेतु प्रमुख स्थानों पर पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जिला स्तर औश्र अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे सभी स्थान जो कि संवेदनशील हैं, वहां पर विशेष निगरानी रखनी है। रूट पुराना ही रहे इस पर भी विशेष ध्यान रखना है।

फेसबुक व्हाट्सएप समेत सभी सोशल मीडिया का मॉनिटरिंग करना है। सभी थाना प्रभारी और संबंधित पुलिस पदाधिकारी इसके लिए सोशल मीडिया ग्रुप एडमिन के साथ एक बैठक कर लें और किसी प्रकार का भी भ्रामक खबर न फैले। इस पर विशेष ध्यान देना साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों को फैलाने वाले पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जुलूस के दौरान आग का खेल, एयर गन आदि के प्रदर्शन पर रोक रहेगा। इस दौरान सभी अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि उनके क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 107 की कार्यवाही की जा रही है एवं विधि व्यवस्था की निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शांति समिति की बैठक भी थाना स्तरीय कर ली जा रही है। बैठक में उपरोक्त के अलावा सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## निरसा थाना क्षेत्र के प्रेम प्रसंग मे एक युवक को मारी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

एग्यारकुंड। निरसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जोराडीह गांव में आज शाम 5 बजे प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक की गोली मार दी गयी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गये। इस घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक मोतीलाल बाउरी (19 वर्ष) अपनी परिवार के साथ रहता था। छ महीने पूर्व मोतीलाल बाउरी गांव के ही हेमल बाउरी के बहन के प्रेम विवाह किया था। जिससे हेमल बाउरी आक्रोश में थे और बदले की आग लिए मौके के इंतजार में थे। आज मोतीलाल बाउरी गांव के तालाब में मछली पकड़ रहे थे इस बीच हेमल बाउरी ने मौके का फायदा उठाकर मोतीलाल बाउरी को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे तब तक हेमल बाउरी मौके से भाग चुका था।

**Civil Surgeon-cum-CMO Simdega**
**Department of Health, Medical Education & Family Welfare**
**Government of Jharkhand**

**Very Short Urgent Procurement Notice, 3rd Call**

**Very Short E- Tender No – 02/2024-25 Dated – 13.07.2024**

Procurement cell In charge on behalf of Civil Surgeon-cum-CMO, Simdega, Jharkhand invites Tender from eligible bidders for entering into rate contract for including supply & installation of Materials, Books & Machineries. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website www.simdega.nic.in / www.jharkhandtender.gov.in and hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date.

| Sl. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | ANMTC SCHOOL, Simdega Requirement_ Books , Machineries, consumables & Other Essential Items. |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 15.07.2024 |
| 3 | Last date of receipt of Bids from intended bidders | On 22.07.2024 latest by 12.00 P.M. |
| 4 | Date/Time for receipt of bids on website | **15.07.2024 to 22.07.2024 By 12:00 PM** |
| 5 | Bid Opening Date | 23.07.2024 at 12:00 PM |

Note: The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

PR 329596 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

Procurement In charge
Civil Surgeon-cum-CMO Simdega

## पीके राय मेमोरियल महाविद्यालय मे वाणिज्य विभाग इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया



धनबाद (आजाद सिपाही)। पी.के.राय मेमोरियल महाविद्यालय में सोमवार को वाणिज्य विभाग तत्वावधान से नामांकित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विभाग अध्यक्ष डॉ बी.एन.सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि छात्रों में अध्ययन के उन्मूलन के लिए किसी भी तरह की समस्या के लिए प्रत्यक्ष रूप से विभाग में आने कि जानकारी दी साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी नियमित रूप से कक्षा में आवे।वाणिज्य विभाग सहायक प्राध्यापक प्रो. सुशील कुमार लाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि क्लास में उपस्थित होकर पढने में ध्यान लगाने की आवश्यकता है। वहीं वाणिज्य विभाग के सहायक अध्यापक डॉ विकास कुमार केसरी ने छात्रों कॉलेज के नियमों का पालन करते हुए अपने पढ़ायी पर ध्यान दें।

## अंचल क्षेत्र में नहीं थम रहा है अवैध लॉटरी का कारोबार




एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। निरसा-चिरकुंडा अंचल क्षेत्र में फर्जी एवं अवैध लॉटरी का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हां पुलिस कुछ लोगों को पकड़ने में कामयाब जरूर हुई है लेकिन अभी भी इसके सरगना पुलिस के पकड़ से दूर है। जिस कदर कालूबथान ओपी क्षेत्र के साउलापुर गांव के कइ घरों मे कुटीर उद्योग कि तरह लॉटरी की छपाई की जा रही थी और इसके बाद निरसा और चिरकुंडा में भी अवैध लॉटरी का कारोबार जारी रहा ऐसे में पुलिस इसके सरगना को नहीं पकड़ पाई तो यह निरसा क्षेत्र के लिए नासूर साबित होगा और गरीब लोग किस्मत चमकने की फिराक में अपना घर परिवार बर्बाद करते रहेंगे।

## पेंक-नारायणपुर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

नावाडीह (आजाद सिपाही)। मुहर्रम पर्व शांति पूर्वक मनाने को लेकर पेंक-नारायणपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनिल कुमार लिंड़ा ने किया। बैठक में आए गण मान्य लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारगी से मनाते हुए भाईचारा का संदेश दे। और ऐसे भी ऊपरघाट क्षेत्र आपसी भाईचारा का संदेश समय समय पर देता आया है। लाठी खेल के दौरान खेल संचालक आसपास नजर रखेंगे किसी प्रकार का परेशानी होने पर अविलंब पुलिस को सूचित करेंगे। पुलिस ताजिया जुलूस एवम लाठी खेल में सादे लिवाज में तैनात रहेगी ताकि हर परिस्थिति से निपटा जा सके। साथ ही सीसी टीवी कैमरे भी ताजिया जुलूस में लगाए जायेंगे। इस अवसर पर थाना क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी बात रखी। मौके पर पूर्व जिप सदस्य टिकैत कुमार महतो,मिसरीलाल महतो, मुखिया सुखमति देवी, नवीन सोरेन, गणेश तुरी, बसारत अंसारी, शहबान अंसारी, कुतुब अंसारी, सरयू पांडेय, अनि पीनिस मुंडा, घनश्याम रवि आदि उपस्थित थे।

## 'एक मुलाकात अपनों के साथ' के तहत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पहुंचे कुमारधुबी

एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। एक मुलाकात अपनों के साथ के तहत सोमवार की शाम झारखंड के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर कुमारधुबी पहुंचे। जहां उन्होंने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन के घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रखंड अध्यक्ष सहित कार्यकत्ताओं से मुलाकात कर हालचाल जाना। उसी क्रम में कुमारधुबी प्रखंड अध्यक्ष जियाउल हुसैन के घर पहुंचे है। पार्टी द्वारा यह जानने का प्रयास किया जा रहा है की जो कार्यकर्ता पार्टी की नीव होते है। उनकी वास्तविक स्थिति क्या है। उनसे पूछे जाने पर की क्या यह दौरा आगामी विधानसभा चुनाव और राहुल गांधी द्वारा यह कहे जाने के बाद की चार प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा का सफाया कर देगी। जिसका उदाहरण आप 13 विधानसभा सीट पर हुए चुनाव के नतीजों से आकलन लगा सकते है। इस दौरान प्रदेश सचिव सह पूर्व जिला परिषद दुर्गा दास, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष रशीद रजक, प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, निरसा के तीनों प्रखंड अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




बोकारो। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के 50वां स्थापना दिवस के अवसर पर बोकारो जेनरल अस्पताल के ब्लड बैंक और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम बोकारो डिपो, बालीडीह, बोकारो के संयुक्त तत्वाधान मे बालीडीह स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के प्रांगण में, रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के कर्मचारियों ने 20 यूनिट रक्त का रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य थैलेसिमीया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना तथा रक्त के कमी से लोगों की जान न जाये इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना था। बताया गया कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचायी जा सकती है तथा 18 साल से 60 साल का कोई भी स्वस्थ पुरुष स्वेच्छा से एक वर्ष में चार बार तथा एक स्वस्थ महिला एक वर्ष में तीन बार रक्तदान कर सकती है। रक्तदान करने से शरीर के किसी अंग में कमजोरी नहीं आती है। बोकारो जेनरल अस्पताल के ब्लड बैंक के डा० सुरेन्द्र कुमार, झारखण्ड सरकार की काउन्सलर कविता कुमार तथा बोकारो जेनरल अस्पताल के ब्लड बैंक के रजीता एक्का, रेशमा, मनीष पैट्रिक, महेन्द्र प्रसाद, सौरव, विभूतीका और कौशल साहित्य अन्य लोग उपस्थित थे।

# इस्पात नगरी बोकारो में भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा-यात्रा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। बोकारो इस्पात नगरी में भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा-यात्रा (वापसी) उसी उत्साह से संपन्न हुई जिस उत्साह से रथ यात्रा निकाली गयी थी। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाया गया और रथ पर आसीन किया गया। रथ की सफाई का कार्य छेरा-पन्हारा बीएसएल के अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन और अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर बोकारो महिला समिति की सदस्या एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा श्रद्धालु उपस्थित थे। नगर वासियों के सम्मिलित प्रयास से रथ यात्रा जनवृत-1 स्थित राम मंदिर परिसर से आरम्भ हुई।

पूरे रास्ते नगरवासी तथा श्रद्धालु जन बारी-बारी से अपना योगदान देकर पुण्य अर्जन करते रहे। रथ यात्रा राम मंदिर से पत्थरकट्टा चौक, गांधी चौक सिटी सेंटर तथा बोकारो जनरल अस्पताल होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची। मार्ग में स्वयंसेवी संस्था महिला समिति, बोकारो के सदस्यों ने पानी और शरबत का वितरण किया जिसमें नगर के अन्य संस्थानों ने भी योगदान किया।

# 16 जुलाई की दोपहर 2:00 बजे से 18 जुलाई की सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। इस वर्ष मुहर्रम 17 जुलाई 2024 को मनाये जाने की संभावना है। मुहर्रम को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है। मुहर्रम के अवसर पर जिले को धनबाद, कतरास, चिरकुंडा, झरिया, गोविंदपुर, टुंडी एवं तोपचांची जोन में बाटा गया है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। मुहर्रम के मौके पर जिला नियंत्रण कक्ष 16 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे से 18 जुलाई की सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217, 2311807 व 100 है। किसी भी प्रकार की आकस्मिक दुर्घटना के फलस्वरुप त्वरित इलाज के लिए बीसीसीएल सेंट्रल हॉस्पिटल तथा एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक को आकस्मिक वार्ड में समुचित व्यवस्था के साथ चिकित्सकों की टीम पालीवार प्रतिनियुक्त करने का आदेश है। साथ ही सिविल सर्जन को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों में चौबीसों घंटे पालीवार चिकित्सक, ए.एन.एम., जी.एन.एम. व कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति एवं एंबुलेंस रखने का आदेश है। संयुक्त आदेश में अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, साइबर थाना को सोशल मीडिया व विभिन्न तरह के व्हाट्सएप ग्रुप इत्यादि पर लगातार नजर रखने का भी निर्देश है। इसके अलावा साफ सफाई व स्वच्छता एवं निर्बाध रूप से विद्युत व पेयजल आपूर्ति करने का आदेश है।

**समाहरणालय, सिमडेगा।**
**(जिला समाज कल्याण शाखा)**

**निविदा आमत्रंण**

परियोजना निदेशक, झारखंड महिला विकास समिति के पत्रांक 57, दिनांक– 02.03.2024 के आलोक में वन स्टॉप सेन्टर, सिमडेगा कार्यालय द्वारा हिंसा से पीड़ित महिलाओं के तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए चारपहिया वाहन (बोलेरो/मारूती इको) ड्राईवर सहित बाहय् स्रोत के माध्यम से किराये पर प्राप्त करने हेतु निदेश प्राप्त है। उक्त संबंध में उपायुक्त महोदय, सिमडेगा का अनुमोदन प्राप्त है।

इच्छुक व्यक्ति/बाह्य स्रोत संस्था दिनांक 25.07.24 तक कार्यालय अवधि में जिला समाज कल्याण कार्यालय, सिमडेगा में अपना निविदा बन्द लिफाफा में जमा कर सकते हैं।

**नोटः–** नियम एवं शर्तें वेबसाईट https://simdega.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR.NO.329618 Social Welfare,Women and Child Development(24-25):D

**कार्यालय,जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी,कोडरमा**
**रॉची-पटना रोड, समाहरणालय भवन, कोडरमा**
**E-mail ID-koderma.mdm@gmail.com**

**आवश्यक-सूचना**

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रॉची के पत्रांक–363/विधि दिनांक–11.07.2024 एवं पत्रांक–786 दिनांक–19.06.2024 में निहित निदेश के आलोक में आवेदक द्वारा दावा आवेदन समर्पित करने के क्रम में साक्ष्य के रूप में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक की छायाप्रति की अनुपलब्धता की स्थिति में आवेदक अपने दावा आवेदन के साथ पूर्व में आवेदन किये जाने संबंधी आशय का शपथपत्र संलग्न करेंगे। शपथपत्र में आवेदक अपना नाम, पिता का नाम, स्थायी पता, कोटि आदि का उल्लेख करेंगे। यह आदेश विभागीय संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 की कंडिका–14 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी,कोडरमा

ह0/–
उपायुक्त
कोडरमा

PR 329607 Jharkhand Education Project Council(24-25).D

**उद्योग विभाग**
**कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग।**
**कैम्प कार्यालय - रामगढ़**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत् सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना/उद्यमों के उन्नयन के लिए एक विशेष अभियान दिनांक 10 जुलाई 2024 से दिनांक 10 अगस्त 2024 तक प्रत्येक पंचायत एवं प्रखण्डों में चलाया जा रहा है। उद्यम स्थापित करने हेतु इच्छुक युवक/युवतियों/उद्यमियों का ऑनलाईन आवेदन पंजीकृत किया जा रहा है।

➢ प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के अन्तर्गत व्यक्तिगत (जिनकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष है), स्वंय सहायता समूह/सहकारिता समूह/किसान उत्पादक संगठन को प्रस्तावित उद्योग स्थापित करने हेतु वित्तीय अनुदान का प्रावधान निदिष्ट हैं :–

| प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (**PMFME**) योजना के अन्तर्गत आवेदकों की श्रेणी | अधिकतम परियोजना लागत | आवेदक द्वारा अंशदान ऋण पर | वित्तीय अनुदान की दर (परियोजना लागत पर) |
|---|---|---|---|
| व्यक्तिगत (न्यूनतम आयु 18 वर्ष) | 1.00 करोड़ | न्यूनतम 10% | 35% (अधिकतम अनुदान की सीमा 10.00 लाख) |
| स्वंय सहायता समूह/सहकारिता समूह/किसान उत्पादक संगठन | 10 करोड़ | न्यूनतम 10% | 35% (अधिकतम अनुदान की सीमा 3.00 करोड़) |

➢ जिन आवेदकों ने किसी अन्य अनुदान (Subsidy) से जुड़ी योजना का लाभ लिया है, वे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के लिए योग्य है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) से सम्बंधित सभी आवेदन पत्र https://pmfme.mofpi.gov.in/pmfme/#/Home-Page के द्वारा ऑनलाईन किये जाने का प्रावधान है। इस योजना के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन में सहयोग करने हेतु जिला के प्रत्येक प्रखण्ड विकास कार्यालय में प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक प्रतिनियुक्त हैं।

➢ रामगढ़ जिला में जिला उद्यमी समन्वयक श्री श्रीश पति त्रिपाठी, मोबाईल नम्बर 9065520275 प्रतिनियुक्त हैं, विशेश जानकारी हेतु सम्पर्क किया जा सकता है।

आदेशानुसार
ह0/- महाप्रबंधक,जिला उद्योग केन्द्र, हजारीबाग

PR.NO. 329635 District(24-25):D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**Very Short e-Procurement Tender Notice (4th Call)**

Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2- 06/2024-25

Letter no:- Date: - 15.07.2024

**Details of Works:-**

| Group No. | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Bhagat Aahar Block-Koderma, Dist-Koderma . | 41.334 | 11 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 22.07.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 29.07.2024 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 29.07.2024 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 31.07.2024 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

**Note: - 1) Only e-Tender will be accepted.**
**2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.**
**3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through** http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Koderma**

PR 329650 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

# दिव्य त्रिमूर्ति पहुंचे जगन्नाथ मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुरी।** भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहन भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पवित्र त्रिमूर्ति सोमवार को जगन्नाथ मंदिर लौटे। वे अपनी मौसी से मिलने उनके घर गये थे, जो गुंडिचा मंदिर है। शांतिपूर्ण पहांडी के बाद तीनों भाई-बहन अपने-अपने रथों पर पहुंचे। तीनों रथ यानी नंदीघोष, द्रपदलन और तलध्वज को भक्तों ने खींच कर जगन्नाथ मंदिर पहुंचाया। भगवान की अपने निवास श्रीमंदिर की वापसी यात्रा को बहुदा यात्रा कहा जाता है।

गुंडिचा मंदिर के नकाचना द्वार के पास पवित्र त्रिदेवों के तीन रथ खड़े थे। बाहुड़ा यात्रा के लिए विभिन्न अनुष्ठान रविवार शाम से शुरू हो गये थे। चरमला भी प्राप्त कर ली गयी थी।

उल्लेखनीय है कि कानून व्यवस्था को भंग होने से बचाने के लिए पुलिस और प्रशासन ने कई कदम उठाये हैं। ओड़िशा के एडीजी (कानून व्यवस्था) संजय कुमार ने कहा कि भगवान के आशीर्वाद से हमारी सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहीं। पुलिस बल, पुलिसकर्मी, अधिकारी सभी ने अपनी-अपनी जगह संभाली।

उन्होंने आगे कहा कि सीसीटीवी, बल की तैनाती, यातायात निकासी, भीड़ नियंत्रण और चतुर्भुज नियंत्रण जैसी सभी व्यवस्थाएं लागू रहीं। हमने रिहर्सल भी की थी, इसलिए आज हमें कोई समस्या नहीं हुई। 180 प्लाटून बल वहां तैनात किये गये थे। उन्होंने आगे कहा कि यहां सशस्त्र पुलिस बल तैनात थे। आरएएफ की तीन कंपनियों के अलावा सीआरपीएफ की दो कंपनियां भी तैनात की गयी थीं।



### बहुदा यात्रा का केआइआइटी में भव्यता के साथ समापन



नौ दिन की यात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा सोमवार को बाहुदा यात्रा के दौरान श्रीबानी क्षेत्र लौट आये। देवताओं की वापसी यात्रा भव्यता और उत्साह से भरी रही। दिन की शुरुआत मंगला आरती से हुई, उसके बाद पहांडी सहित अन्य अनुष्ठान हुए। रथों की औपचारिक सफाई, जिसे चेरापहंरा के नाम से जाना जाता है, किटऔर किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने दिन के 3.30 बजे की। भक्तों ने शाम 4 बजे भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के रथों को खींचा। श्रीबनी क्षेत्र में रथ यात्रा का एक अनूठा पहलू यह है कि देवी सुभद्रा के रथ को महिलाएं खींचती हैं। तीनों रथों को गुंडिचा मंदिर से श्रीबनी क्षेत्र तक खींचा गया। इस आयोजन को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से 30,000 से अधिक श्रद्धालु एकत्रित हुए और उन्होंने नंदीघोष, तलध्वज और दर्पदलन के सुसज्जित रथों को खींचकर दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जयपुर में अपहृत मिल मालिक को पुलिस ने बरामद किया, जांच जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जयपुर से अपहृत मिल मालिक को बचा लिया गया है। खबरों के अनुसार दो दिन बाद उसे एक कार से बरामद किया गया। कोरापुट पुलिस ने रमेश पात्रा को बचा लिया है, जिसका आधी रात को अपहरण कर लिया गया था। पुलिस अभी भी अपहरण के कारणों की जांच कर रही है। आरोप है कि अपहरण जयपुर के एक चावल मिल के पास हुआ था। अपहृत व्यक्ति कुमुलिपुट में एक चावल मिल का मालिक है जिसका नाम ए रमेश पात्रा है और उसे जयंतीगिरी पेराहांडी मिल के पास से अगवा किया गया था। पीड़ित के परिवार ने पेराहांडी के बोरीगुम्मा पुलिस स्टेशन में अपहरण के बारे में शिकायत दर्ज करायी थी।



रिपोर्ट के अनुसार रमेश दिन के लिए अपना व्यवसाय बंद कर-के रात को करीब 8.30 बजे घर लौट रहे थे, तभी कुछ बदमाशों ने उसकी कार को रास्ते में रोक लिया। इसके बाद उन्होंने कथित तौर पर उसका अपहरण कर लिया। अपहरण के पीछे फिरौती के अलावा कोई और कारण नहीं पता चला है, क्योंकि अपहरणकर्ताओं ने एक लाख की फिरौती मांगी है। बोरीगुम्मा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

उधर इसी तरह नुआपाड़ा में भी अपहरण का मामला सामने आया है। युवक ने अपने परिवार से तीन लाख की फिरौती पाने के लिए खुद के अपहरण का नाटक रचा। बताया जाता है कि उसने अपहरण का वीडियो अपने परिवार को भेज कर फिरौती की रकम मांगी। लड़के की योजना विफल हो गयी, क्योंकि नुआपाड़ा एसपी के निर्देश पर काम करने वाली पुलिस की टीम ने उसे पकड़ लिया। नुआपाड़ा एसपी जीआर राघवेंद्र ने बताया कि पुलिस की हिरासत में लड़के ने पैसे के लिए खुद के अपहरण का नाटक रचने की बात कबूल की।

### आग लगने की घटना के बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की कार्रवाई

# अस्पताल का पैनलीकरण निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक में एक निजी अस्पताल में आग लगने की दुर्घटना के बाद राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (एचएंडएफडब्ल्यू) विभाग ने बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाइ) के तहत एक निजी अस्पताल के पैनल को निलंबित कर दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने उक्त निजी अस्पताल को लिखे पत्र में बताया कि आपको सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और अग्निशमन विभाग द्वारा जांच लंबित रहने तक अस्पताल में हाल ही में हुई आग की घटना के कारण बीएसकेवाइ के तहत एक निजी अस्पताल का पैनल निलंबित किया जाता है।



ओड़िशा के मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने स्वास्थ्य, गृह और ऊर्जा विभागों के अधिकारियों को शामिल करते हुए विशेष टास्क फोर्स के गठन के संबंध में निर्देश जारी किये, ताकि राज्य के सभी अस्पतालों में उचित अग्नि सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किये जायें और दिशा निर्देशों का पालन किया जाये।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को कटक के तेलंगा बाजार में एक ही इमारत में संचालित दो नर्सिंग होम में आग लग गई थी। कथित तौर पर शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग से करीब 45 मरीज बाल-बाल बच गये। शनिवार को निजी अस्पताल में आग लगने के बाद कटक के शिशु भवन में शिफ्ट किये गये सात दिन के बच्चे की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी।

# ओड़िशा राजभवन परिसर में ध्यान केंद्र का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रविवार को राजभवन परिसर में स्थापित ध्यान केंद्र का आध्यात्मिक वातावरण में उद्घाटन किया गया है। राज्यपाल रघुवर दास की मौजूदगी में विधिवत पूजार्चना संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उप मुख्यमंत्री कनकवर्धन सिंहदेव, बाचस्पति सूरमा पाढ़ी, मंत्रिमंडल के सदस्य अन्य गणमान्य व्यक्ति, राज्यपाल के मुख्य प्रशासनिक सचिव शास्वत मिश्र और राजभवन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शरीर और मन को स्वस्थ रखने में ध्यान योग सहायक है। इसके लिए स्वच्छ वातावरण और शांत स्थान की जरूरत होती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इसका लाभ राजभवन परिवार के सभी सदस्यों को मिलेगा। जय जगन्नाथ!



## गंजम में खेत में भालू का शव मिला, वन अधिकारी जांच में जुटे

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कई बार जंगली जानवर मानव सभ्यता के नजदीक आ जाते हैं। इस बार एक भालू का शव खेत में पड़ा हुआ देखा गया। यह खेत नचुनीबाड़ी गांव में एक पहाड़ के पास स्थित है, जो गंजम के पोलसारा वन रेंज के अंतर्गत आता है। रिपोर्ट्स के अनुसार स्थानीय लोगों ने मृत भालू को देख कर तुरंत वन विभाग को सूचित किया। अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। आशंका है कि भालू की मौत बिजली के तारों के संपर्क में आने से हुई है, जो जानवरों के शिकार के लिए लगाये गये थे।

## ऑटोरिक्शा चालक गांजा के साथ गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के कंधमाल जिले में पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा चालक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को एक सूत्र से सूचना मिली कि कंधमाल जिले के केलापाड़ा स्थित फिरिंगिया पुलिस स्टेशन से एक ऑटो में मारिजुआना की तस्करी की जा रही है। फिरिंगिया थाने के निर्देश पर थाने की एक टीम फुलवाली बालीगुड़ा रोड के मासीपाड़ा चौराहे के पास ऑटोरिक्शा का इंतजार कर रही थी। ऑटो रिक्शा के वहां पहुंचने पर पुलिस ने ऑटो की जांच की। निरीक्षण के दौरान ऑटो से 25 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया तथा ऑटो चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा चलाया गया।




## दीवार गिरने से महिला की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पिछले कुछ दिनों से इलाके में हो रही लगातार बारिश के कारण दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। यह हादसा नबरंगपुर जिले के महाकुमा सदर के चामुरिया गुडा इलाके में हुआ। मृतका उसी मोहल्ले की निवासी है। उसकी पहचान कुसुमा धाकड़ पत्नी चंद्रा धाकड़ के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार वह सुबह-सुबह अपने घर में झाड़ू लगा रही थी, तभी अचानक बाउंड्री की दीवार भरभराकर उसके ऊपर गिर गयी। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत बचाया और 108 एंबुलेंस की मदद से जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) पहुंचाया। बाद में अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सुंदरगढ़ में दंपति की चाकू मार कर हत्या

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** लोग समझदारी की सारी हदें पार कर रहे हैं। कुछ घटनाएं हमें मानवता पर सवाल उठाने पर मजबूर कर देती हैं। ऐसी ही एक दिल दहला देने वाली घटना सुंदरगढ़ के कुतरा पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत आने वाले तुनमुरा पंचायत के काशीपाड़ा में घटी। एक दंपति को कथित तौर पर एक ड्राइवर ने चाकू मार दिया, जिससे उनकी मौत हो गयी। मृतक दंपति की पहचान राजगंगापुर के रुमाबहाल गांव के प्रताप लाकड़ा और काशीपाड़ा गांव की लिप्सा केरकेटा के रूप में हुई है। हत्या का कारण प्रेम त्रिकोण होने का संदेह है। हत्या ड्राइवर राजू नाग ने की है, जो अभी फरार है। रिपोर्ट के अनुसार कुतरा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# सुनावेस और अधरपणा के लिए विशेष ट्रेनें

### पूर्व तट रेलवे ने रथ यात्रा-2024 के लिए सेवाओं को बढ़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भगवान श्रीजगन्नाथ के विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा-2024 के दौरान यात्रियों को आरामदायक यात्रा प्रदान करने और पुरी से आने-जाने वाली नियमित ट्रेनों में भीड़ से बचने के उद्देश्य से, पूर्व तट रेलवे ने विशेष ट्रेनों सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों से विशेष ट्रेनें प्रदान की हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए पुरी से आने-जाने वाली नियमित ट्रेनों के अलावा, सुनावेस के लिए 43 विशेष ट्रेनें और अधरपणा के लिए 33 विशेष ट्रेनें चलेंगी। यात्रियों को पवित्र त्योहार देखने की सुविधा प्रदान करने के लिए पूर्व तट रेलवे ने राज्य के लगभग सभी हिस्सों से विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की है।



पूर्व तट रेलवे ने पुरी में रथ यात्रा महोत्सव के लिए 315 विशेष ट्रेनों की घोषणा की थी। 5 जुलाई से 15 जुलाई की अवधि के दौरान; रेलवे पहले ही रथयात्रा महोत्सव के दौरान गुंडिचा यात्रा से लेकर बाहुडा यात्रा तक पुरी के लिए 239 विशेष ट्रेनें उपलब्ध करा चुका है। सुनावेस महोत्सव के लिए पारादीप, अंगुल, भद्रक, जूनागढ़ रोड, खुर्दा रोड, दसपल्ला, सोमपेटा, पलासा, केंदुझारगढ़, गुनुपुर, जगदलपुर, सोनपुर, संबलपुर से पुरी की ओर विशेष ट्रेनें चलेंगी। इसी तरह, अधरापणा महोत्सव पर पारादीप, अंगुल, भद्रक, दसपल्ला, पलासा, केंदुझारगढ़ और खुर्दा रोड से ट्रेनें पुरी तक चलेंगी। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, पूर्व तट रेलवे अधरपणा दिवस और नीलाद्रिबिजे दिवस पर पुरी से भद्रक, पारादीप, अंगुल, पलासा, केंदुझारगढ़, दसपल्ला, ब्रह्मपुर की ओर विशेष ट्रेनें चला रहा है। रेल मंत्रालय ने श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रदान की हैं। यात्रियों की समस्याओं के साथ-साथ सुचारू ट्रेन संचालन के लिए चौबीसों घंटे नियंत्रण कक्ष खोला गया है। स्टेशन पर प्रभावी घोषणाओं और अतिरिक्त टिकट बुकिंग काउंटरों के माध्यम से टिकटों के सुचारू वितरण पर जोर दिया गया है।

रथ यात्रा के दौरान रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए लागू किये गये उपाय हैं - भीड़ प्रबंधन, ट्रेन सूचना प्रणाली/पूछताछ काउंटर, वीडियो वॉल डिस्प्ले, मोबाइल ऐप पर यूटीएस, अतिरिक्त टिकट बुकिंग काउंटर और मोबाइल टिकट काउंटर, तीर्थयात्री प्रतीक्षा क्षेत्र/शेड और मेला यात्रियों की सुविधा के लिए शेड और सुरक्षा व्यवस्था, खानपान और आतिथ्य, चिकित्सा सुविधाएं और एंबुलेंस, साथ ही निर्बाध बिजली आपूर्ति, जल आपूर्ति, स्वच्छता, सुरक्षा, पीने का पानी और पर्याप्त शौचालय का प्रावधान है।

# बाइक दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रायगडा में बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दूसरा घायल हो गया। यह दुर्घटना रायगडा जिले के चंद्रपुर ब्लॉक के बुदुबली पंचायत के जरापा के पास हुई। रिपोर्ट के अनुसार यह दुर्घटना उस समय हुई, जब दो दोस्त चंद्रपुर से अपने गांव गदरगुडा लौट रहे थे। दोनों की पहचान चंदन बिभार और पप्पू बिरादकली के रूप में हुई है। दुर्घटना में चंदन की मौत हो गयी, जबकि उसका दोस्त पप्पू घायल हो गया। उसका इलाज चंद्रपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार सूचना मिलने पर चंद्रपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आज कल दुर्घटनाओं की खबरें आम हो गयी हैं। हर दिन हम लापरवाही या अन्य कारणों से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में सुनते हैं। गनिया थाना अंतर्गत चाडमुला गांव के पास स्थित लाल बाबा मठ के पास एक दर्दनाक बाइक दुर्घटना हुई है।




चामुंडिया पंचायत के कुंभारखानी गांव के 26 वर्षीय छबी बेहरा इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जा रहा है कि वह बाइक पर था और उसका संतुलन बिगड़ गया। घायल को सबसे पहले 108 एंबुलेंस से गनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन बाद में उसकी हालत बिगड़ने पर उसे भुवनेश्वर के कैपिटल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956 Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE
CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE
ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA
MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**